मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 14 | वर्ष : 29 | अंक : 135

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com

जयपुर, शनिवार, 11 अप्रैल, 2026

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




14

**जयपुर में 'ट्राइमेक्स' इंजेक्शन कांड : सेक्स पावर बढ़ाने के नाम पर इंजेक्शन का खतरनाक खेल बेनकाब**

# 'ओह !मैन'

## 6 हजार में जान से खिलवाड़!





- भंडारी हॉस्पिटल पर सेंट्रल ड्रग कंट्रोल का छापा
- बिना डीसीजीआई मंजूरी बेचा जा रहा था ऑनलाइन
- 3 दवाओं का घातक कॉम्बिनेशन- 'पौपावेरिन, एल्प्रोस्टैडिल और क्लोरप्रोमाजिन'
- कंपाउंडर ने मालिक से सीखा खेल, खुद भी बनाने लगा इंजेक्शन, फर्जी वेबसाइट बनाकर करने लगा बिक्री
- गुजरात से शिकायत के बाद खुला राज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी में गुरुवार देर रात एक सनसनीखेज खुलासा हुआ, जिसने चिकित्सा जगत के साथ आमजन की सेहत पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गोपालपुरा बाइपास स्थित भंडारी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पर सेंट्रल ड्रग कंट्रोल टीम ने छापा मारकर एक ऐसे खतरनाक खेल का पर्दाफाश किया, जहां सेक्स पावर बढ़ाने के नाम पर बिना मंजूरी के इंजेक्शन तैयार कर मरीजों को बेचे जा रहे थे। जांच में सामने आया कि 'ट्राइमेक्स' नाम से एक कथित इंजेक्शन तैयार किया जा रहा था, जो तीन अलग-अलग दवाओं-पौपावेरिन, एल्प्रोस्टैडिल और क्लोरप्रोमाजिन, को मिलाकर बनाया जाता था। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस तरह के किसी भी कॉम्बिनेशन को भारत में ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) की अप्रूव लिस्ट में शामिल ही नहीं किया गया है।

### 6 हजार में बिक रहा था खतरनाक इंजेक्शन

जांच में यह भी सामने आया कि अस्पताल में आने वाले पीड़ितों को यह इंजेक्शन 6 हजार रुपए में बेचा जा रहा था। उन्हें यह बताया जाता था कि इससे उनकी खोई हुई यौन शक्ति वापस आ जाएगी। इतना ही नहीं, उन्हें यह इंजेक्शन खुद ही उपयोग करने के लिए दिया जाता था, जिसे वे सेक्स से पहले पेनिस में इंजेक्ट करते थे। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह का उपयोग बेहद खतरनाक है और गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।

### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए भी चल रहा था काला कारोबार

छापे के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि अस्पताल के पते पर चल रही जयभवानी फार्मेसी के नाम का इस्तेमाल करते हुए 'ओह!मैन' नाम का एक फर्जी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बनाया गया था। इसी प्लेटफॉर्म पर ट्राइमेक्स इंजेक्शन खुलेआम बेचा जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि ओह!मेन नाम से बिल भी काटे जा रहे थे, जबकि इस नाम से कोई ड्रग लाइसेंस ही मौजूद नहीं है। जांच में यह भी सामने आया कि अस्पताल के कंपाउंडर मनीष कुमार सोनी ने भी इसी तर्ज पर 'ओहमैन' नाम से फर्जी ऑनलाइन फार्मेसी शुरू कर दी थी। बिना किसी रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस के वह इंजेक्शन तैयार कर ऑनलाइन बेच रहा था। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से अस्पताल में कार्यरत था और पूरे सिस्टम को बारीकी से समझ चुका था।

### मालिक से सीखा खेल, खुद बन बैठा डॉक्टर

सूत्रों के मुताबिक, कंपाउंडर मनीष ने यह पूरा खेल अस्पताल के संचालन के दौरान सीखा और बाद में खुद ही उसी फार्मूले पर इंजेक्शन बनाकर बेचने लगा। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन को इसकी भनक लगने के बाद 2 अप्रेल को मनीष कुमार सोनी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया, लेकिन तब तक यह फर्जी नेटवर्क काफी फैल चुका था और कई लोग इसके जाल में फंस चुके थे।

### गुजरात तक पहुंचा नेटवर्क, वहीं से मिली शिकायत,

ड्रग कंट्रोलर राजस्थान अजय फाटक ने बताया कि सेंट्रल टीम को गुजरात से शिकायत मिली थी कि ट्राइमेक्स नाम से इंजेक्शन ऑनलाइन बेचे जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल यौन शक्ति बढ़ाने के इलाज में किया जा रहा है। जब इस नाम से कोई भी इंजेक्शन ड्रग विभाग में रजिस्टर्ड नहीं मिला, तो जांच शुरू की गई। जांच के दौरान कड़ी जुड़ते हुए टीम जयपुर पहुंची और गोपालपुरा स्थित भंडारी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तक पहुंच गई, जहां इस पूरे खेल का खुलासा हुआ। छापे के दौरान टीम ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं और सैंपल भी उठाए गए हैं।

### विशेषज्ञों ने बताया, 'मौत का कॉम्बिनेशन'

चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि पौपावेरिन, एल्प्रोस्टैडिल और क्लोरप्रोमाजिन तीनों ही दवाएं अलग-अलग स्थितियों में उपयोग की जाती हैं, लेकिन इनका इस तरह से मिलाकर उपयोग करना बेहद जोखिम भरा है। इन दवाओं का मिश्रण शरीर में रक्त वाहिकाओं को तेजी से फैलाता है, जिससे ब्लड प्रेशर अचानक गिर सकता है। इससे मरीज को चक्कर आना, बेहोशी या यहां तक कि शॉक की स्थिति भी बन सकती है। इसके अलावा, दिल की धड़कन अनियमित होने, हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट का खतरा भी बढ़ जाता है। सबसे गंभीर स्थिति प्रायपिज्म की होती है, जिसमें पेनिस में लंबे समय तक दर्दनाक इरेक्शन बना रहता है। अगर यह 4 घंटे से अधिक समय तक रहे, तो स्थायी नपुंसकता तक हो सकती है।

### कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी

ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग ने अब अस्पताल के सेक्सोलॉजिस्ट डॉ. चिराग भंडारी के खिलाफ मेडिकल काउंसिल (आरएमसी) को पत्र लिखने की तैयारी कर ली है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीसीएसओ) और राजस्थान ड्रग कंट्रोल की संयुक्त टीम इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

**सेहत के नाम पर सौदा, भरोसे पर वार**

यह पूरा मामला एक बार फिर यह सवाल खड़ा करता है कि क्या कुछ लोग मुनाफे के लिए मरीजों की जिंदगी से खेलने से भी पीछे नहीं हटते? जिस अस्पताल में लोग इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं, वहीं अगर इस तरह के अवैध और खतरनाक प्रयोग किए जाएं, तो भरोसा किस पर किया जाए? फिलहाल, जांच जारी है और पूरे मामले में और भी चौंकाने वाले खुलासों की संभावना जताई जा रही है। जयपुर का यह ट्राइमेक्स कांड अब प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन चुका है।

## वृंदावन में यमुना में डूबी नाव, 10 पर्यटकों की मौत

**मृतकों में 7 एक ही परिवार के, लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी, सभी पंजाब के रहने वाले**

**मथुरा (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** मथुरा के वृंदावन में 37 श्रद्धालुओं से भरी एक नाव (स्टीमर) यमुना नदी में पलट गई। हादसे में 10 जनों की डूबने से मौत हो गई। इनमें मां-बेटे, चाचा-चाची और बुआ-फूफा समेत एक ही परिवार के 7 सदस्य शामिल हैं। युवती समेत 5 लोग अभी भी लापता हैं। नाव में सवार सभी श्रद्धालु पंजाब से घूमने आए थे।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जो श्रीबांके बिहारी मंदिर से करीब 2 किमी. की दूरी पर है। रात 10 बजे तक आर्मी और एनडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी रही। नाव को बाहर निकाल लिया गया है। लापता की तलाश चल रही है। जिस जगह हादसा हुआ, वहां करीब 25 फीट पानी है। शुरुआती जांच से पता चला है कि नाव की क्षमता 40 श्रद्धालुओं की थी, लेकिन किसी श्रद्धालु ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। पांटून पुल की रिपेयरिंग कर रहे लोगों और नाविकों ने कुछ लोगों ने बचा लिया था। नाव पप्पू निषाद चला रहा था। उसने श्रद्धालुओं को जुगल घाट से बैठाया था। पप्पू को पुलिस ने 6 घंटे बाद हिरासत में ले लिया है।

**कानून व्यवस्था दुरुस्त करने को मैराथन बैठक में सीएम का साफ संदेश...**

# 'अपराध पर कोई समझौता नहीं'

- मादक पदार्थ और नकल माफिया पर सख्त कार्रवाई के निर्देश
- ट्रैफिक मैनेजमेंट सुधारने के लिए भी दिया जोर
- 'महिलाओं को सुरक्षित माहौल देना सरकार की प्राथमिकता'
- महिला सुरक्षा को दी नई ताकत, 42 पीसीआर वैन सड़क पर



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर सरकार अब पूरी तरह 'एक्शन मोड' में नजर आ रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर पुलिस मुख्यालय से 42 महिला पीसीआर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक लेकर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश भी दे दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 को लगातार मजबूत किया जा रहा है, ताकि उत्पीड़न, शोषण और हिंसा जैसे मामलों में पीड़ित महिलाओं को तुरंत सहायता मिल सके। सरकार का लक्ष्य है कि महिलाओं को सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल मिले, जहां वे बिना डर के अपनी जिंदगी जी सकें। दूसरी ओर, कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि संगठित अपराध, गैंगस्टर्स, साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और नकल माफियाओं के खिलाफ किसी भी स्तर पर ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को दोहराते हुए निर्देश दिए कि अपराधियों पर सख्त और त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिसिंग में नई तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया, ताकि अपराधियों से एक कदम आगे रहा जा सके। इसके साथ ही ट्रैफिक मैनेजमेंट को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और सड़कों पर अनुशासन कायम रहे।

### एमडीटी, जेपीएस से लैस वैन

**इमरजेंसी में मिनटों में पहुंचेगी मदद**

महिला सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई ये पीसीआर वैन अब 24 घंटे सड़कों पर सक्रिय रहेंगी। खास बात यह है कि इन सभी वाहनों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया गया है। हर वैन में मोबाइल डेटा टर्मिनल (एमडीटी), जीपीएस सिस्टम, फोल्डिंग स्ट्रेचर और एलईडी लाइट बार जैसी सुविधाएं दी गई हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत रिस्पॉन्स संभव होगा। इन वैन को अभय कमांड सेंटर से जोड़ा गया है, जो पहले से संचालित डायल 112 की तर्ज पर काम करेगा। यानी अब किसी भी घटना की सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम से सीधे वाहन को निर्देश मिलेंगे और मौके पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित प्रदेशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे, जबकि सभी जिलों के आईजी और एसपी वर्चुअली जुड़े।



## लेबनान में सीजफायर से पहले अमेरिका से बात नहीं करेगा ईरान

**ट्रम्प बोले-** डील नहीं हुई तो फिर हमला करेंगे, जहाजों को हथियारों से कर रहे लैस

विशेष संवाददाता

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित बातचीत को लेकर सख्त शर्त रख दी है। संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा है कि जब तक लेबनान में सीजफायर लागू नहीं होता, तब तक बातचीत शुरू नहीं होगी। उन्होंने ईरान के फ्रीज किए गए फंड जारी करने की मांग की। गालिबाफ ने साफ किया कि ये दोनों मुद्दे वार्ता से पहले हल होना जरूरी हैं।



दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर डील नहीं होती है, तो अमेरिका फिर हमला करेगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी युद्धपोतों को सबसे बेहतरीन हथियारों से लैस किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर इनका इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं बातचीत से पहले ईरान ने भी सख्त चेतावनी दी है। ईरान की सशस्त्र सेनाओं ने कहा है कि उनकी उंगली ट्रिगर पर है और वे किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं। ईरान ने यह भी साफ किया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट पर अपना नियंत्रण नहीं छोड़ेगा, जो वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम मार्ग है।

वहीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस बातचीत के लिए पाकिस्तान रवाना हो गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह ईमानदारी से बातचीत करेगा, तो अमेरिका तैयार है, लेकिन 'खेल' करने की कोशिश पर सख्त जवाब दिया जाएगा।

### गगनयान मिशन का दूसरा क्रू मॉड्यूल टेस्ट सफल

**श्रीहरिकोटा (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी में बड़ी कामयाबी मिली है। इसरो ने शुक्रवार को दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट (आईएडीटी-1) सफलतापूर्वक पूरा किया। यह टेस्ट गगनयान मिशन के लिए तैयार किए गए पैराशूट सिस्टम की असली परिस्थितियों की जांच करने के लिए किया गया। इसका मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट खुलने के प्रोसेस को चेक करना था। ये प्रोसेस मिशन के समय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी तय करेगा। टेस्ट के दौरान लगभग 5.7 टन वजनी डमी क्रू कैप्सूल को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया।

# वनतारा ने वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी साइंस के लिए दुनिया की पहली ग्लोबल यूनिवर्सिटी लॉन्च की

## आधुनिक गुरुकुल और उद्देश्य-आधारित विश्वविद्यालय के रूप में कल्पित इस यूनिवर्सिटी का मकसद भारत को वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी एजुकेशन के लिए एक ग्लोबल हब बनाना है



**जामनगर (गुजरात), भारत:** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी की बनाई ग्लोबल वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन ऑर्गनाइज़ेशन, वनतारा ने जामनगर, गुजरात में वनतारा यूनिवर्सिटी शुरू करने की घोषणा की है। यह वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा विज्ञान को समर्पित दुनिया की पहली एकीकृत वैश्विक यूनिवर्सिटी होगी।

वनतारा यूनिवर्सिटी की नींव पशु कल्याण, वैज्ञानिक प्रगति और वन्यजीव संरक्षण पर आधारित है। इस संस्थान का लक्ष्य पशु चिकित्सा, संरक्षण और वन्यजीव देखभाल के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है। इसका पाठ्य म भारत की सदियों पुरानी ज्ञान परंपराओं का उपयोग करके शिक्षा का एक उद्देश्य-पूर्ण और भविष्य-उन्मुखी मॉडल तैयार करेगा। अनंत अंबानी ने कहा, 'संरक्षण का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम लोगों और संस्थानों को करुणा, ज्ञान और कौशल के साथ जीवों की सेवा करने के लिए कैसे तैयार करते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी की परिकल्पना उस व्यक्ति गत अनुभव से प्रेरित है, जब मैंने संकट में पड़े पशुओं को करीब से देखा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए अधिक क्षमता की आवश्यकता महसूस की। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भावना और 'आ नो भद्राः तवो यन्तु विश्वतः' अर्थात् सभी दिशाओं से श्रेष्ठ विचार हमारे पास आएं, के आदर्शों से प्रेरित होकर यह विश्वविद्यालय हर जीवन की रक्षा के लिए समर्पित नई पीढ़ी तैयार करना चाहता है।'

इस विचार को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने के लिए आधारशिला स्थल के डिजाइन में दो बिजोलिया बलुआ पत्थरों को शामिल किया गया। ये पत्थर प्राचीन विंध्यन भू-विन्यास से लिए गए हैं, जो वर्तमान बिहार में स्थित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भौगोलिक संरचना से जुड़े माने जाते हैं। ये भारत की ज्ञान और शिक्षा की सतत परंपरा का प्रतीक हैं। हिंदू परंपराओं के अनुसार आयोजित इस शिलान्यास समारोह में शिक्षा, विज्ञान, संरक्षण और सार्वजनिक जीवन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अनंत अंबानी के शिक्षक और मार्गदर्शक भी शामिल हुए। समारोह का एक मुख्य आकर्षण मिट्टी, जल और पत्थरों को विधि-विधान से स्थापित करने की रस्म थी, जिसे शिलान्यास के एक प्रतीकात्मक कार्य के रूप में संपन्न किया गया। ये तत्व पूरे भारत के जैव-विविधता से समृद्ध विभिन्न भू-भागों से एकत्रित किए गए थे। जिनमें घास के मैदान, वन, आर्द्रभूमि, शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र, तथा हिमालयी और देश के उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों में स्थित अन्य ऊँचाई वाले स्थान शामिल हैं। ये तत्व भारत की प्राकृतिक विविधता और विरासत को दर्शाते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी एक ही शैक्षणिक ढांचे के भीतर विभिन्न विषयों को जोड़ेगी, जिसकी नींव वास्तविक संरक्षण





कार्यों के अनुभव पर आधारित होगी। वनतारा के जमीनी अनुभवों को अकादमिक कार्य मों, पेशेवर प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर पर उपयोगी शिक्षा ढांचे में बदला जाएगा। करुणा, विज्ञान और संरक्षण के समन्वय के माध्यम से यह संस्थान ऐसे पेशेवर तैयार करेगा जो वन्यजीव और पारिस्थितिकी से जुड़ी जटिल चुनौतियों का समाधान कर सकें।

यूनिवर्सिटी अलग-अलग सब्जेक्ट्स में अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, फेलोशिप और स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम ऑफर करेगी। इनमें वाइल्डलाइफ मेडिसिन और सर्जरी, न्यूट्रिशन, बिहेवियरल साइंसेज, जेनेटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, वन हेल्थ, कंज़र्वेशन पॉलिसी और नेचुरलिस्टिक एनिमल केयर एनवायरनमेंट डिज़ाइन शामिल हैं। वनतारा की कार्यक्षमता के अनुरूप विशेष कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे। साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाएंगी। वनतारा यूनिवर्सिटी को एडवांस्ड एकेडमिक और क्लिनिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेशनल कोलेबोरेशन और एक रेजिडेंशियल कैंपस से सपोर्ट मिलेगा। यह पशु कल्याण और उन्नत संरक्षण पद्धतियों को मजबूत करने के लिए कार्य-आधारित शोध पर ध्यान केंद्रित करेगी। शिक्षा मॉडल में प्राकृतिक आवासों (इन-सिटू) और संरक्षित





वातावरण (एक्स-सिटू) संरक्षण को जोड़ा जाएगा, ताकि वैज्ञानिक देखभाल और दीर्घकालिक वन्यजीव प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। यह मानते हुए कि संरक्षण का भविष्य केवल जंगलों में ही नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और मानव चेतना में भी तय होगा, विश्वविद्यालय वन्यजीव पशु चिकित्सा और संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। साथ ही यह वन्यजीव स्वास्थ्य, पशु देखभाल वातावरण और संरक्षण से जुड़े ज्ञान संसाधनों के विकास का दीर्घकालिक मंच बनेगा। शिलान्यास समारोह ने करुणा-आधारित संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने के व्यापक राष्ट्रीय प्रयास की शुरुआत भी दर्शाई। इस दौरान 'वनतारा यूनिवर्सिटी फाउंडिंग फेलोज' और 'एवरी लाइफ मैटर्स' छात्रवृत्ति कार्य मों की घोषणा की गई, साथ ही ज्ञान का उपयोग केवल प्रगति के लिए नहीं बल्कि संरक्षण के लिए करने का आह्वान किया गया। अपने दृष्टिकोण के अनुसार वनतारा यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि इस विचार का प्रतिनिधित्व करती है कि वन्य जीवन को केवल सराहना ही नहीं, बल्कि ज्ञान, मजबूत प्रणालियों और प्रशिक्षित हाथों की भी आवश्यकता होती है।

### सिविल लाइंस में शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के विकास पर जोर

# विधायक गोपाल शर्मा ने स्कूल और मुक्तिधाम में किया विकास कार्यों का शिलान्यास

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विधायक गोपाल शर्मा ने शुक्रवार को सिविल लाइंस के श्याम नगर और शांति नगर मंडल क्षेत्र में शिक्षा एवं सामाजिक आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में 38 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व की सरकार में दूरदर्शिता के साथ स्थायी ढांचे के विकास पर जोर दिया जा रहा है। सिविल लाइंस में शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में निरंतर विकास के लिए उनका संकल्प अटूट है तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

इसी क्रम में विधायक शर्मा ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बाबा रामदेव नगर, गुर्जर की थड़ी में डीएमएफटी फंड से 13.85 लाख रुपए की लागत से हॉल निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का शुभारंभ किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापिका सुषमा नरुका में आभार व्यक्त किया। वहीं, स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। वहीं रावलजी का बंधा स्थित पंचवटी कॉलोनी के मोक्षधाम में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत 25 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मोक्षधाम हमारी संस्कृति में गरिमामय अंतिम संस्कार का पवित्र स्थल है और इन कार्यों से यहां आने वाले लोगों को बेहतर एवं सम्मानजनक सुविधाएं प्राप्त होंगी।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, पवन सैनी, निखिल वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश गुर्जर, मंडल महामंत्री प्रवीण शर्मा, अखिलेश दुबे, मानवेन्द्र सिंह, संजय सैनी, करणसिंह तंवर, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजपाल सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र सोलंकी, सुखदेव गुप्ता, दीपक शर्मा, अमित सारवान, योगेंद्र शर्मा, महेश सैनी, डोनी राजोरिया, रोड़ी देवी और धीरज धानका सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।





## विद्याधर नगर में 23.50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी ने शुक्रवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 23.50 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनों व युवाओं से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती, जनकल्याणकारी योजनाओं और जनसेवा से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ सेवा और समर्पण के मार्ग पर निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

## प्रदेश में 93 लाख से अधिक वंचित पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जुड़े

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेशा में खाद्य सुरक्षा योजना में अब तक 93 लाख से अधिक पात्र लोगों को जोड़ा जा चुका है। इनमें 13 लाख दिव्यागों, पुत्रवधू, परिवार के नए बच्चों सहित पात्र लाभार्थियों को वर्ष 2024 में खाद्य सुरक्षा से लाभान्वित किया गया। इसके बाद गिव अप अभियान में लगभग 55.40 लाख अपात्रों द्वारा स्वप्रेरणा से योजना छोड़ने और 27 लाख से अधिक अपात्र लाभार्थियों द्वारा ई-केवाईसी नहीं करवाने के कारण बनी रिक्तियों से नए लाभार्थियों के लिए जगह बनी। इस तरह इन रिक्तियों पर 80 लाख से अधिक पात्र वंचितों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है। कुल 93 लाख से अधिक लाभार्थियों को दिसंबर 2023 के बाद खाद्य सुरक्षा से जोड़ा जा चुका है। ये वे लोग हैं, जो विभिन्न कारणों से खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित रह गए थे, जबकि उन्हें इसका वास्तविक हक था। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि योजना का लाभ केवल पात्र लोगों तक ही पहुंचे। ऐसे में अपात्र लाभार्थियों को हटाकर उनकी जगह वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को शामिल किया गया है। इस पहल से खाद्य सुरक्षा योजना अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनी है, जिससे गरीब एवं वंचित वर्ग को सीधा लाभ मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 4,42,28,480 पात्र लाभार्थी निशुल्क राशन प्राप्त कर रहे हैं।

## कृषि पर्यवेक्षक परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

### 18 अप्रेल को आयोजित होगी सीधी भर्ती परीक्षा

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 18 अप्रेल को कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2026 आयोजित होगी। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए कलक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 16 अप्रेल से 17 अप्रेल तक सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक कार्य करेगा। कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक होगी। परीक्षा में कुल 40,872 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षार्थियों के लिए कुल 121 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। कलेक्टर नायक ने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है।

## जवाहर कला केंद्र के 33वें स्थापना दिवस समारोह का समापन

**जयपुर(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जयपुर के जवाहर कला केंद्र के तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन रंगायन सभागार में कलाकारों ने प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति से सराबोर प्रस्तुतियां दी, जिस पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कला एवं संस्कृति विभाग की शासन उप सचिव अनुराधा गोगीया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वाद्य संगीत प्रस्तुति से हुआ, जिसमें जेयान हुसैन एवं उनके दल ने वायलिन एवं बांसुरी वादन के माध्यम से वातावरण को सुरीला कर दिया। राग खमाज की मध्य लय की बंदिश से शुरुआत हुई। इसके बाद 'ना मानूंगी' छोटा ख्याल प्रस्तुत किया गया। जुगलबंदी में तानों एवं झाला का प्रभावी संयोजन देखने को मिला।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रमः विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भूमिका अहम

# महिलाएं अपने सपनों को पंख दें, सरकार आपके साथः शर्मा

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ देश आगे बढ़ रहा है और नारी शक्ति इसके केंद्र में है। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया है। इससे इनकी राजनीति में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ने महिला सशक्तिकरण को जीवन के प्रत्येक पहलू से जोड़ा है। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप अपने सपनों को पंख दीजिए, हमारी सरकार आपके साथ खड़ी है।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही, हर क्षेत्र में महिलाओं को हमेशा आगे रखा गया है। ये आधी आबादी घर को संभालने के साथ ही देश-प्रदेश के विकास में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि हमारा समाज और देश तभी प्रगति करेगा, जब महिलाएं हर क्षेत्र में भागीदारी निभाएंगी। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 के बाद महिलाओं के उत्थान को प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जन धन योजना, स्टैंड-अप इंडिया योजना, महिला स्वयं सहायता समूह, नमो ड्रोन दीदी योजना और लखपति दीदी जैसी कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान आवंटित किए जाते हैं। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन भी दिए गए हैं।

#### महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को केंद्र सरकार 5 हजार रुपए की सहायता दे रही है। हमारी सरकार ने इस योजना की राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि मा वाउचर योजना से गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा भी मिल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में जमेर से एचपीवी वैक्सीन अभियान का शुभारंभ किया। यह पहल प्रदेश की युवतियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### युवा नीति से उद्यमिता को बढ़ावा

शर्मा ने कहा कि युवाओं के लिए हमारी सरकार युवा नीति लाई है, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ब्याजमुक्त ऋण दिया जा रहा है। हमारी सरकार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में 4 लाख एवं निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार देने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। इस दौरान महिलाओं एवं छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी भी ली।

## पंचायती राज विभाग में फर्जी भर्तियों की जांच जारी, होगी कार्यवाही : दिलावर

### जल्द कैडर रिव्यू करेंगे, 750 कर्मियों की हुई डीपीसी



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि पंचायती राज विभाग में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति हासिल करने वाले लोगों की जांच चल रही है, ऐसे सभी कार्मिक नौकरी से हटाए जाएंगे एवं उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी। एसओजी इस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को कोटा के धरणीधर गार्डन में अपने सम्मान में पंचायती राज मंत्रायलिक कर्मचारियों की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में संबोधित कर रहे थे।

दिलावर ने कहा कि हमने कार्यभार संभालते ही शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग में सभी पेंडिंग विभागीय पदोन्नति को जल्द करने के निर्देश जारी किए, इसके कारण ही यह हुआ कि शिक्षा विभाग में 50 हजार से अधिक विभागीय पदोन्नति की जा चुकी है, शेष 25 हजार पदोन्नतियां जल्द की जाएंगी। दिलावर ने कहा कि इसके अलावा पंचायती राज विभाग में भी सभी संवर्गों की पदोन्नति की जा रही है। मंत्रालय कर्मचारियों की हाल ही 750 पदोन्नतियां की गई है। संस्कृत शिक्षा विभाग में भी सभी संवर्गों की पदोन्नतियां की जा चुकी है। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कर्मचारियों की मांग पर पंचायती राज विभाग में कैडर रिव्यू करने की घोषणा की। इससे पहले मंत्रालयिक संगठन के सदस्यों ने पंचायती राज मंत्री का स्वागत किया। मंत्री दिलावर को 51 किलो का पुष्प हार पहनाकर स्वागत करते हुए पदोन्नति किए जाने के लिए आभार प्रकट किया।

## पहले 6 साल सबसे अहम, बच्चों के पोषण पर दें विशेष ध्यान : दियाकुमारी

### पोषण पखवाड़ा में राजस्थान को फिर नंबर-1 बनाने का लक्ष्य




**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी ने कहा कि बच्चों के जीवन के पहले छह वर्ष सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और सही पोषण से ही देश का भविष्य मजबूत बन सकता है। उन्होंने राजस्थान को इस वर्ष भी प्रथम स्थान दिलाने के लिए समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) को कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया।

उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को अष्टम राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के दूसरे दिन विद्याधर नगर सेक्टर-4 स्थित जेपी कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पोषण पखवाड़ा और पोषण माह जैसे अभियानों से बच्चों के पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज जन्म लेने वाले बच्चे वर्ष 2047 तक देश का नेतृत्व करेंगे, इसलिए उन्हें अभी से बेहतर पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य देना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महिलाओं और कार्यकर्ताओं को पोषण की शपथ दिलाई, 'नवचेतन मार्गदर्शिका' का विमोचन किया, पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों को न्यूट्री बार वितरित कर अन्नप्राशन संस्कार भी करवाया। इस अवसर पर यूनिसेफ के प्रतिनिधियों सहित विभागीय अधिकारियों ने भी बच्चों के बेहतर पोषण पर जोर दिया।

## अम्बेडकर जयंती : भवानी निकेतन में आयोजित होगा राज्य स्तरीय समारोह

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती का ब्लॉक, जिला स्तर एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर मनाने की तैयारियां की जा रही है। राज्य स्तरीय समारोह राजधानी के भवानी निकेतन परिसर में आयोजित किया जाएगा।

जिला कलेक्टर संदेश नायक ने आयोजन के लिए अनुसूचित जाति व जनजाति के प्रबुद्धजनों, राज्य स्तरीय सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। नायक ने बताया कि 11 से 14 अप्रेल तक चार दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि 11 अप्रेल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कलेक्टरों की ओर से फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। यह दिन समाज सुधार और शिक्षा के प्रति जागरूकता के संदेश के रूप में मनाया जाएगा।

12 अप्रेल को 'संविधान को जानें' थीम के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों एवं भारतीय संविधान की विशेषताओं पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया जाएगा, जो 14 अप्रेल तक संचालित होगी। 13 अप्रेल को छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। 14 अप्रेल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय मुख्य समारोह श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री राजस्थान होंगे। समारोह में संविधान की प्रस्तावना का वाचन, संविधान शपथ, अंबेडकर के विचारों पर आधारित कार्यक्रमों के साथ-साथ राज्य स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### ग्राम संवाद कार्यक्रम — कृषि में नवाचार, तकनीक और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर रहा फोकस

# किसानों और स्टार्टअप निर्माताओं ने किया संवाद, जानी अपनी माटी की विशिष्टता

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** इसी माह प्रदेश में होने जा रहे ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट यानी ग्राम 2026 से पहले शुक्रवार को किसानों के साथ एनजीओ और एफपीओ के साथ वैज्ञानिकों का संवाद कार्यक्रम रखा गया। स्टार्टअप और एनजीओ के साथ बड़ी संख्या में किसानों ने वैज्ञानिकों के साथ संवाद कर अपनी जानकारी को भी साझा किया और नवीनतम वैज्ञानिक कृषि जानकारियां भी लीं। कार्यक्रम के तहत विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। इन ओरिएंटेशन सत्रों में 'कृषि में नवाचार एवं उन्नत तकनीक' तथा 'कृषि में उद्यमिता एग्री स्टार्टअप, एनजीओ एवं एफपीओ की भूमिका' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने बताया कि हमें दृष्टिकोण को भी बदलने की आवश्यकता है। तेज गर्मी से फसल जलती है या सर्दी में गलती है, तो फसल को बचाने के लिए मेढ़ पर आंवला सहित अन्य छोटे पेड़ लगाएं जा सकते हैं। यह गर्म और सर्द हवा को रोकेंगे और फसल को भी बचाएंगे, इसके साथ ही एक अन्य आय का भी जरिया बनेंगे।

#### कृषि में नवाचार और उन्नत तकनीक

पहला सत्र 'कृषि में नवाचार एवं उन्नत तकनीक' पर बात करते हुए कृषि विभाग के आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने राजस्थान को कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कहा कि कृषि में टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट लाना प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन, स्प्रिंकलर सिस्टम और इंटीग्रेटेड फार्मिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही समय-समय पर मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी गई। प्रगतिशील किसान प्रतिनिधि मोहनलाल मीणा ने खेती में सावधानी और फसल-विशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि जब किसान खेती को व्यवसाय के रूप में अपनाएगा, तभी वास्तविक प्रगति संभव होगी। वहीं, 'अपना गोदाम' के सीईओ एवं फाउंडर संजय अग्रवाल ने कृषि उत्पादों की बिक्री में पारदर्शिता लाने के लिए विकसित ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और प्राइस लॉक सुविधा वाले ऐप की जानकारी दी, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलने में मदद मिलती है।

#### कृषि में उद्यमिता एग्री स्टार्टअप, एनजीओ, एफपीओ की भूमिका

दूसरे सत्र में 'कृषि में उद्यमिता एग्री स्टार्टअप, एनजीओ एवं एफपीओ की भूमिका' विषय पर 'बेसिक फूड स्टूडियो' की को-फाउंडर तथा सीईओ तनुश्री सिंह ने एक फूड कंपनी के रूप में उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने और स्टार्टअप स्तर पर बाजार की मांग के अनुसार निरंतर इनोवेशन पर जोर दिया। फ्रेशकार्ट्स एग्री प्रोडक्टस के फाउंडर राजेंद्र लोढ़ा ने कहा कि सरकार स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने के लिए कई सुविधाएं और सहयोग प्रदान कर रही है, जिससे नए उद्यमों को विकसित होने का अवसर मिल रहा है। वर्डेंट इंपेक्ट के फाउंडर एवं सीईओ मनीष ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर नई पीढ़ी, को खेती की ओर आकर्षित करने की आवश्यकता बताई। एफईइस एनजीओ के प्रतिनिधि शांतनु राय ने कहा कि राजस्थान की जीडीपी का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा कृषि से आता है। राय ने सॉयल क्रेडिट, ब्राउन क्रेडिट और वॉटर क्रेडिट जैसे कॉन्सेप्टस पर भी जोर दिया, जो प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हैं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube X twitter



# एसएमएस अस्पताल के रजिस्ट्रेशन हॉल में भगदड़, मरीजों को रौंदकर आगे निकली भीड़

## इलाज के लिए जंग!: रुमेटोलॉजी ओपीडी की पर्ची कटवाने के लिए मरीज सुबह 5 बजे ही पहुंचे अस्पताल

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में शुक्रवार सुबह इलाज की आस में आए मरीजों को अफरा-तफरी और भगदड़ का सामना करना पड़ा।

रुमेटोलॉजी विभाग की ओपीडी में दिखाने के लिए सुबह 5 बजे से ही धनवंतरी परिसर के बाहर मरीजों की लंबी कतार लग गई। हालात ऐसे बने कि गेट नंबर-4 के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 7 बजे जैसे ही रजिस्ट्रेशन हॉल का गेट खुला, भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई। इस दौरान चार मरीज नीचे गिरकर दब गए, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि लोग उन्हें उठाने की बजाय उनके ऊपर से चढ़कर अंदर घुसते रहे और अपनी-अपनी लाइन बनाने में जुट गए।






### सीनियर डॉक्टर का क्रेज बना भगदड़ की वजह

घटना के बाद 22 वर्षीय युवती मरीज ने प्रशासन को शिकायत पत्र सौंपते हुए चौंकाने वाला खुलासा किया। युवती ने बताया कि रुमेटोलॉजी विभाग में गठिया (रूमेटिक) रोगों के सीनियर डॉक्टर केवल मंगलवार और शुक्रवार को ही बैठते हैं। यही वजह है कि इन दो दिनों में मरीजों की संख्या अचानक कई गुना बढ़ जाती है।

### सुबह 5 बजे से लग गई कतार, फिर भी नहीं मिली राहत

मरीजों के अनुसार, भीड़ इतनी ज्यादा थी कि लोग सुबह 5 बजे से ही अस्पताल पहुंचने लगे थे। शुक्रवार को अन्य दिनों के मुकाबले कहीं ज्यादा भीड़ रही, जिससे हालात बेकाबू हो गए।

### व्यवस्थाएं फेल, मरीज बेहाल

अस्पताल प्रशासन की व्यवस्थाएं इस भीड़ के आगे पूरी तरह ध्वस्त नजर आई। न तो पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम थे और न ही भीड़ को नियंत्रित करने की कोई ठोस व्यवस्था।

# पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल 13 तक रिमांड पर

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 ने जल जीवन मिशन में हुए करीब 960 करोड़ रुपए के घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व आईएएस और तत्कालीन अतिरिक्त जलदाय सचिव सुबोध अग्रवाल को 13 अप्रेल तक रिमांड पर भेज दिया है। सुबोध अग्रवाल को एसीबी ने गुरुवार को गिरफ्तार किया था।

एसीबी की ओर से आरोपी सुबोध अग्रवाल को अदालत में पेश कर 14 अप्रेल तक रिमांड मांगा था। एसीबी की ओर से कहा गया कि आरोपी से प्रकरण को लेकर पूछताछ करनी है। वहीं यह भी जानकारी हासिल की जाएगी कि इस घोटाले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। सुबोध अग्रवाल के वकील ने पुलिस रिमांड का विरोध किया।

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। वहीं सुबोध अग्रवाल ने अदालत कक्ष के बाहर कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। उन्हें उम्मीद है कि न्याय होगा, सत्यमेव जयते।

जल जीवन मिशन घोटाले को लेकर एसीबी ने पूर्व में तत्कालीन जलदाय मंत्री महेश जोशी और ठेका फर्म के संचालकों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। वहीं गत दिनों एसीबी ने जलदाय विभाग के वर्तमान और पूर्व अधिकारियों दिनेश गोयल, कृष्णदीप गुप्ता, शुभांशु दीक्षित, सुशील शर्मा, विशाल सक्सेना, अरुण श्रीवास्तव, डीके गौड़, महेन्द्र प्रकाश सोनी, निरिल कुमार और मुकेश पाठक को गिरफ्तार किया था। एसीबी कोर्ट इन सभी अधिकारियों की जमानत अर्जियों को खारिज कर चुकी है।

सुबोध अग्रवाल ने उनके खिलाफ दर्ज एसीबी की इस एफआईआर को रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। गत 19 फरवरी को याचिका दायर होने के बाद नाटकीय घटनाक्रम में उनके अधिवक्ता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश कर अपना वकालतनामा वापस ले लिया। अब उनकी ओर से दूसरे अधिवक्ता पेश हो रहे हैं।

# संवाद से सशक्त होता विकास का खाका




## जेडीए के 'संवाद' स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम में शामिल हुए आमजन

## आमजन की सुनीं समस्याएं व सुझाव, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जेडीए द्वारा सहभागितापूर्ण और पारदर्शी शहरी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'संवाद' स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। इस पहल के तहत जेडीए विभिन्न हितधारकों के साथ नियमित संवाद स्थापित कर उनके सुझाव एवं समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेगा। इसी कड़ी में दूसरा सत्र शुक्रवार को 'मंथन' सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने उपस्थित स्टेक होल्डर्स की समस्याएं, सुझाव एवं फीडबैक सुने तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त महाजन ने कहा कि जेडीए आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने तथा विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। 'संवाद' कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े स्टेक होल्डर्स ने अपने सुझाव साझा किए।

### त्वरित समाधान से खिले चेहरे

कार्यक्रम में पधारे लोगों ने अपनी लीज, आरक्षण पत्र, पट्टा आदि की समस्याएं भी आयुक्त से साझा की, जिन्हें महाजन ने क्रमवार सुनकर संबंधित उपायुक्त को समयबद्ध तरीके से समाधान करने के निर्देश दिए। अपनी समस्याओं का हाथों हाथ निवारण मिलने से लोगों ने राहत महसूस की। कार्यक्रम में जेडीए सचिव गौरव सैनी, अतिरिक्त आयुक्त भागचंद बधाल सहित सभी जोन के उपायुक्त एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 5 बीघा सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त

### सड़क सीमा से हटाए अवैध निर्माण



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जेडीए के प्रवर्तन दस्ते द्वारा जोन-17 में 5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित करीब 20 करोड़ रुपए है।

उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा ने बताया कि जोन-पी.आर.एन. साउथ के क्षेत्राधिकार में स्थित 160 फीट रोड गोपालपुरा बाइपास बदरवास में सड़क सीमा पर 11 पक्के मकान, अत्यधिक लम्बाई में बनाए गए चबूतरे, बाउण्ड्रीवाल, लोहे के एगंल, टीनशेड, थडियां, ठेलें, बांस-तम्बू, तिरपाल, काउण्टर, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग, साइन बोर्ड, पत्थर पटिटयां इत्यादि लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। जेडीए द्वारा जोन-17 में स्थित ग्राम दौलतपुरा बैनाड़ के खसरा नंबर 750 व 751 करीब 5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा कांटों की बाड़, झाडियां लगाकर, तारबंदी कर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

आरजीएचएस पर सियासी घमासानः नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का वार

## दवाइयां बंद, मरीज परेशान, सरकार बेखबरः जूली



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में आरजीएचएस योजना को लेकर सियासत गरमा गई है। शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कर्मचारियों और पेंशनर्स को दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं, जबकि उनकी सैलरी से पैसा लगातार कट रहा है। जूली ने आरोप लगाया कि अस्पतालों को भुगतान नहीं होने के कारण कई जगह हड़ताल जैसे हालात बन गए हैं और मरीजों को दवाइयां देने से मना किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि 'आखिर कर्मचारी और बुजुर्ग पेंशनर्स जाएं तो जाएं कहां?'

नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से तुरंत आरजीएचएस का बजट जारी करने और बकाया भुगतान करने की मांग की। जूली ने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं, क्योंकि सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग और गंभीर मरीजों को झेलनी पड़ रही है।

नगर निगम आयुक्त की नई पहल

## वार्ड स्तर पर वार्ड ओआईसी करेंगे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने शुक्रवार को सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाए जाने के लिए समस्त जोन में वार्ड ओआईसी नियुक्त किए। इन वार्ड ओआईसी में उपायुक्त, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, राजस्व अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों की टीम लगाई गई है।

आयुक्त ने बताया कि सभी वार्ड ओआईसी उनको निर्धारित दिवस पर आवंटित वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। यह निरीक्षण सुबह 7 से 10 बजे तक किए जाएंगे। सभी वार्ड ओआईसी द्वारा सफाई कर्मचारियों की हाजिरी, ओपन कचरा डिपो की स्थिति, वार्ड में बैकलेन की स्थिति, दुकानों के बाहर हरे व नीले रंग के डस्टबिन की स्थिति, अवैध बैनर, पोस्टर, निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन पर्दे लगे हुए है या नहीं, सीएनडी वेस्ट आदि का निरीक्षण के आधार पर गूगल फार्म में निर्धारित बिन्दुओं पर सफाई के मापदण्डों को आंका जाएगा।

रिफाइनरी पर सियासत तेजः

राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत का पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर पलटवार, कहा...

## 'पहले खुद का हिसाब देखें'

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** पचपदरा रिफाइनरी के उद्घाटन से पहले सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। शुक्रवार को राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपने कार्यकाल की नाकामियों पर नजर डालनी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत सरकार ने रिफाइनरी परियोजना को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डाले रखा और केवल राजनीति की। वहीं भाजपा सरकार ने 2016 में ठोस प्लानिंग के साथ काम शुरू किया और अब इसे मुकाम तक पहुंचाया। गहलोत ने कहा कि नरेंद्र मोदी 21 अप्रेल को रिफाइनरी का उद्घाटन करेंगे, जिससे बाड़मेर समेत पश्चिमी राजस्थान में रोजगार और विकास के नए द्वार खुलेंगे।

## कांग्रेस की मोटी कमाई कराएगा यूथ कांग्रेस का चुनाव

**जयपुर(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** प्रदेश कांग्रेस के अग्रिम संगठन यूथ कांग्रेस में इन दिनों संगठनात्मक चुनाव की सरगर्मियां तेज हैं। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद यह साफ होगा कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कौन प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचेंगे। हालांकि यह चुनाव आर्थिक संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए मोटी कमाई का जरिया बन गया है।

यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए 15 अप्रेल से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी, जो एक महीने चलेगी। अध्यक्ष सहित प्रदेश महासचिव, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष और लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष पद के लिए यूथ कांग्रेस के ऑनलाइन वोटिंग ऐप के जरिए मतदान होगा। उसके बाद 20 मई तक परिणाम जारी होंगे।

वैसे तो यह यूथ कांग्रेस का चुनाव है, जिसमें युवाओं की भागीदारी होती है, लेकिन इस चुनाव की प्रक्रिया ऐसी बना दी गई है कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए तो बेहद खर्चीला चुनाव हो गया है और सामान्य परिवार का कोई युवा इसमें भाग ही नहीं ले सकता। यह चुनाव यूथ कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण की मोटी कमाई का जरिया बन गया है, क्योंकि सदस्यता शुल्क और प्रत्याशियों के नामांकन शुल्क यूथ कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के पास ही जाता है। इस साल हो रहे चुनाव में सदस्यता शुल्क 75 रुपए रखा गया है और लगभग बीस लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में करोड़ों रुपए प्राधिकरण के पास पहुंचेंगे। पिछले चुनाव में सदस्यता शुल्क 50 रुपए था और उस समय भी बीस लाख के आस-पास सदस्य बनाए गए थे।

### आज नामांकन पत्रों की जांच होगी पूरी

चुनाव में 2 अप्रेल तक अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए गए थे। इसमें 23 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो हो जाएगा। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष दो दिन की यात्रा पर पहुंचे जयपुर

## सिर्फ राज्यसभा सदस्य रह गए नीतिश, हम चाहते थे पीएम बनें: अखिलेश

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि हम चाहते थे कि नीतिश कुमार देश के प्रधानमंत्री बनें, लेकिन अब वे सिर्फ राज्यसभा सदस्य बन कर रह गए हैं और इसी पद से रिटायर हो जाएंगे।

दो दिन की यात्रा पर शुक्रवार को जयपुर पहुंचे अखिलेश यादव ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के बहुत सारे साथियों की यह कोशिश भी थी कि नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री बनें, लेकिन अब लगता है कि वे राज्यसभा सदस्य के तौर पर ही रिटायर हो जाएंगे। सोचिए, भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें कितना बड़ा धोखा दिया है। उनके लोगों के साथ कितना बड़ा धोखा किया गया है।



अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने हमें सपना दिखाया था कि हम विश्व गुरु बन जाएंगे, लेकिन यह मौका खो दिया गया। अगर प्रधानमंत्री चाहते तो इजराइल दौरे के बाद ईरान में भी उतर जाते, जैसे पाकिस्तान में उतरे थे, तो इससे शायद दुनिया आज उन्हें विश्व गुरु के तौर पर पहचानती। यादव ने कहा कि अब पता लग रहा है कि पाकिस्तान वह सब चीज कर रहा है। इस दौरान राजस्थान में समाजवादी पार्टी (सपा) के भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि हम पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराएंगे। इसके बाद राजस्थान में भी आएंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि राजस्थान टूरिज्म में बहुत आगे है। राजस्थान से ही सटे शहर आगरा में भाजपा के लोग टूरिज्म की इकोनॉमी को एक ट्रिलियन बनाने का दावा कर गए थे। अब अगर आगरा की एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन सकती है, तो जयपुर की तो और भी ज्यादा बड़ी बननी चाहिए।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि महिलाओं के एक तिहाई की बात करते हैं, तो गिनती की बात होती है, जो वर्ष 2011 के आंकड़ों के आधार पर दिया जा रहा है। इसके बाद के आंकड़ों के आधार पर क्यों नहीं दिया जा रहा, जबकि यह वर्ष 2029 में लागू होगा। यह जल्दबाजी में महिलाओं के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं।

भाजपा के घोषणा पत्र के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी के लोग कभी पीछे मुड़कर नहीं देखते हैं। पहले की घोषणाएं पूरी हुई है या नहीं हुई है, बीजेपी नेता उस तरफ ध्यान ही नहीं देते। एक समय बीजेपी के लोगों ने कहा था कि किसान की आय दोगुनी होगी। आज की महंगाई का अगर हिसाब-किताब लगे, तो यह पता करना चाहिए कि किसान की आय क्या दोगुनी हुई है।

## सेवारत होम्योपैथिक चिकित्सकों ने मनाया विश्व होम्योपैथी दिवस

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर एसआईएएम सभागार में शुक्रवार को 271वीं डॉ. हैनीमेन जयंती एवं विश्व होम्योपैथिक दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्थान सेवारत होम्योपैथिक चिकित्सा संघ के मीडिया प्रभारी डॉ. अक्षय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपनिदेशक इंद्रजीत सिंह, निदेशक मनीषा सक्सेना एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. टीपी यादव सहित प्रदेश भर के होम्योपैथिक चिकित्सक शामिल हुए। इस दौरान संघ की ओर से हैनीमेन अवॉर्ड डॉ. टीपी यादव को एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 चिकित्स्कों एवं नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित किया गया। साथ ही सिविल सेवा मे उत्तीर्ण चिकित्स्कों का भी सम्मान किया गया। होम्योपैथी चिकित्सा संघर्ष समिति के संयोजक डॉ. राजेश मीणा ने विश्व होम्योपैथिक दिवस को राजकीय स्तर पर मनाने के लिए सेवारत होम्योपैथी चिकिसको एवं नर्सिंग स्टाफ को इस दिवस पर विशेष अवकाश की मांग की।

## बढ़ने लगी गर्मी, सात शहरों का पारा 35 पार

- बाड़मेर पहुंचा 40 के नजदीक
- 8 शहरों का रात का पारा 20 डिग्री के पार

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद अब प्रदेश के पारे में बढ़ोतरी होने लगी है। प्रदेश के 7 शहरों का दिन का पारा 35 और 8 शहरों का रात का पारा 20 डिग्री के पार दर्ज किया गया। बाड़मेर का पारा 40 डिग्री के नजदीक पहुंच गया। आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने और धूप खिलने से पारे में बढ़ोतरी होगी। प्रदेश के शहरों के तापमान में 2 से 4 डिग्री का उछाल आया है।

मौसम विभाग के अनुसार 39 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 24.4 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही। पाली, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, जोधपुर, फलौदी और जालोर का दिन का पारा 35 डिग्री के पार रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि एक कमजोर विक्षोभ के प्रभाव से 11 अप्रेल को बीकानेर संभाग के क्षेत्र में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। राज्य में आगामी 3-4 दिनों में अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। इससे गर्मी बढ़ेगी।

### जयपुर में धूप खिली, दो डिग्री बढ़ा पारा

जयपुर में शुक्रवार को आसमान साफ रहा और दिनभर तेज धूप खिली। इससे जयपुर के पारे में उछाल दर्ज किया गया। जयपुर के दिन के तापमान में 2.2 और रात के तापमान में 2.4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। जयपुर का अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री दर्ज किया गया। आगामी दिनों में जयपुर में गर्मी में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# इंजीनियर के तबादलों में यूडीएच मंत्री और जेडीए डायरेक्टर दरकिनार

## शहर में चल रहे प्रोजेक्ट के काम और अधिकारियों के बीच बिगड़ेगा तालमेल

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जेडीए में हाल ही इंजीनियरों के बड़ी संख्या में तबादले किए गए। पहली बार तबादलों से जेडीए प्रशासन ने यूडीएच मंत्री और जेडीए इंजीनियरिंग डायरेक्टरों को दूर रखा। इसका असर आने वाले समय में जेडीए प्रोजेक्ट्स में नजर आ सकता है। विशेष बात यह भी है कि तबादला सूची को देखकर लगता है कि अधिकारियों के काम को लेकर प्रशासन ने जेडीसी को भी अधूरी जानकारी दी है।

हाल ही में जेडीए में इंजीनियरिंग शाखा में कई तबादले किए गए है। तबादलों में 11 एडिशनल चीफ इंजीनियर, 12 अधीक्षण अभियंता और 32 एक्सईएन की सूची जारी की गई। एक्सईएन तबादला सूची में मौत के बाद एक एक्सईएन का भी तबादला कर दिया गया था, जिसको लेकर बाद में सुधारात्मक आदेश जारी किया गया। एक्सईएन की तबादला सूची को लेकर उच्चाधिकारियों में नाराजगी भी है। उनका कहना है कि तबादला करने से प्रोजेक्ट और विकास कार्य प्रभावित होंगे। इस पूरे मामले को लेकर एडिशनल कमिश्नर प्रियाबलराम से सम्पर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### एक्सईएन को जोन के साथ प्रोजेक्ट भी, अनुभवी इंजीनियरों को रखा काम से दूर

तबादलों में जेडीए प्रशासन की मनमर्जी दिख रही है और इंजीनियर डायरेक्टर से बिना सलाह लिए एक्सईएन को जोन का बंटवारा कर दिया। तबादला लिस्ट में यह देखने में आया कि कुछ इंजीनियरों को जोन के साथ प्रोजेक्ट्स का भी काम सौंपा गया , लेकिन अनुभवी इंजीनियरों को काम से दूर रखा गया है। जानकारों का कहना है कि एक इंजीनियर को जोन के साथ प्रोजेक्ट के काम देने से ना तो प्रोजेक्ट का काम समय पर पूरा होगा, ना ही जोन में समय पर विकास की योजनाएं बनेगी और पूरी होगी। वहीं अनुभवी इंजीनियरों को ऐसे जोन दिए गए हैं, जहां पर कोई काम नहीं है। इन्हें जेडीए विस्तार के तहत बने नए जोन दिए गए हैं, जहां पर विकास कार्यों पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। उदाहरण के तौर पर एक्सईएन पूजा सोनी को जोन-19 के साथ 21, संदीप गुप्ता को जोन 15 और 16 का काम दिया गया है। इसके अलावा अन्य कुछ इंजीनियरों को भी ऐसे जोन में लगाया है, जहां काम नहीं है, जबकि कई इंजीनियरों पर दोहरे काम का भार डाला गया है। नए जोन में इंजीनियर लगाए जा सकते हैं, लेकिन उन्हें ऐसे जोन का काम भी संभलाया जा सकता था, जहां पर काम चल रहे हैं। इंजीनियरों में अनुभव, विशेषता और योग्यता के आधार पर काम का बंटवारा नहीं दिख रहा है और इससे शहर में चल रहे प्रोजेक्ट का काम प्रभावित हो सकता है।

### मंत्री को नहीं भेजी तबादला सूची

जेडीए में जब भी अधिकारियों के तबादले होते हैं, तो उनके अनुमोदन को लेकर फाइल यूडीएच मंत्री को भेजी जाती है और मंजूरी मिलने के बाद आदेश जारी होते हैं। आदेश जारी होने के बाद तबादला सूची की एक कॉपी यूडीएच मंत्री को भेजी जाती है, लेकिन जेडीए प्रशासन ने एक्सईएन तबादला सूची के ऑर्डर की कॉपी यूडीएच मंत्री को नहीं भेजी। इसकी जानकारी जेडीए द्वारा जारी तबादला सूची के ऑर्डर से पता चल रही है।

### इन पर दोहरी जिम्मेदारी

तबादला सूची के अनुसार एक्सईएन नितिन गुप्ता को जोन-7 के साथ इंडूणी फाटक आरओबी, एक्सईएन नरेंद्र अग्रवाल को जोन-8 के साथ सांगानेर एलीवेटेड, एक्सईएन तरुण सिंघल को द्रव्यवती नदी के साथ जोन-11, एक्सईएन संजीवन जैन को जोन बी के साथ हाईकोर्ट पार्किंग एवं ट्रैफिक-द्वितीय, एक्सईएन मनीष रोतवाल को सालिगरामपुरा आरओबी के साथ पीआरएन का काम दिया गया है।

# बिजली-पानी, सफाई व्यवस्था व कचरा संग्रहण का लिया फीडबैक

## नगर परिषद प्रशासन ने वार्ड सभाओं में लोगों से सीधा संवाद कर जानी समस्याएं

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** विकसित राजस्थान के लक्ष्य को साकार करने के लिए संचालित मुख्यमंत्री विकसित शहरी वार्ड अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर परिषद की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में वार्ड सभाओं का आयोजन किया गया।

इन सभाओं में वार्डवासियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए स्थानीय समस्याओं व विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से वार्डों में बिजली-पानी, नालियों की स्थिति, नियमित सफाई व्यवस्था व कचरा संग्रहण की व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया गया। साथ ही वार्डों में मौजूद समस्याएं व आपत्तियां दर्ज की गईं।

वार्ड सभाओं के माध्यम से वार्ड के विकास के लिए क्यूआर कोड के जरिए सुझाव भी आमंत्रित किए गए। सभाओं में नगर परिषद के अधिकारियों ने वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही वार्ड के समग्र विकास के लिए नागरिकों से महत्वपूर्ण सुझाव आमंत्रित किए गए, ताकि योजनाओं को जनभागीदारी के साथ अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारीगण, संबंधित जोन इंचार्ज व कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आमजन की सहभागिता से शहर के समग्र व सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद प्रशासन नागरिकों के सहयोग से स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विकसित शहर के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।




# बिना सूचना के नर्सिंग संविदाकर्मियों को हटाने के विरोध में धरना शुरू



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** एसके मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग संविदाकर्मियों को बिना सूचना दिए ड्यूटी हटाने और नए संविदा कार्मिक लगाने के विरोध में संविदाकर्मियों ने धरना शुरू कर दिया। संयुक्त संविदा कर्मचारी संघर्ष समिति के निकेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2023-24 से 55 संविदा कर्मचारी बतौर नर्सिंग स्टाफ सीकर एसके मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एसके अस्पताल व जनाना अस्पताल में ड्यूटी कर रहे थे। संविदाकर्मी के तौर पर काम कर रहे सभी नर्सिंग कर्मियों को हर साल 1 साल का एक्सटेंशन दिया जाता है। इस बार एक्सटेंशन का लेटर आने से पहले ही सीकर मेडिकल कॉलेज के 55 नर्सिंग संविदाकर्मियों को ड्यूटी से हटा दिया गया। जबकि इसी योजना के तहत प्रदेश भर के अन्य मेडिकल कॉलेज में लगे संविदाकर्मी लगातार ड्यूटी कर रहे हैं। सिर्फ सीकर में बिना सूचना दिए 55 संविदाकर्मियों को ड्यूटी से हटा दिया। संविदा कर्मियों का कहना है कि जब तक सभी 55 नर्सिंग संविदाकर्मियों की बहाल नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। नर्सिंग संविदाकर्मियों की मांग है कि सीकर मेडिकल कॉलेज में कार्यरत संविदाकर्मियों को बहाल किया जाए। धरना दे रहे संघर्ष समिति के सदस्यों ने सीकर जिले के जनप्रतिनिधियों को मांग पत्र सौंपने भी शुरू कर दिए हैं। वहीं, दूसरी ओर सीकर एसके अस्पताल के नर्सिंग कर्मचारी भी धरनार्थियों को समर्थन देने पर विचार कर रहे हैं। धरना देने वालों में सुरेंद्र सिंह, जुगल किशोर, मनीषा मुंडेल, सुमन देवी, दिनेश समेत सभी नर्सिंग संविदाकर्मी शामिल हैं।

# कलशयात्रा के साथ नानी बाई रो मायरो कथा आज से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** ग्राम मंडोली में स्थित शिव गौ रक्षा गौशाला में शानिवार से सात दिवसीय नरसी भगत चरित्र संगीतमय नानी बाई रो मायरो कथा का आयोजन किया जाएगा, जो 17 अप्रेल तक चलेगा। गौ रक्षा समिति के संयोजक पंकज भारद्वाज ने बताया कि शिव गौ रक्षा गौशाला समिति मंडोली की ओर से महादेव नाथ महाराज के आशीर्वाद और अवध बिहारी दास महाराज घुघाड़ी धाम व मंगल गिरी महाराज मंडोली आश्रम के सानिध्य में संगीतमय नानी बाई रो मायरो कथा के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे, जिसमें कथावाचक रणवीर शेखावाटी वाले के मधुर कंठ से श्रद्धालु कथा का श्रवण करेंगे। भारद्वाज ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ शनिवार को प्रातः 9 बजे भव्य कलशयात्रा के साथ होगा। कलशयात्रा पथवारी माता मंदिर मंडोली से गौशाला तक निकाली जाएगी। आयोजन के प्रथम दिवस कथा चरित्र का महत्व, नरसीजी का जीवन चरित्र सुनाया जाएगा। कथा समापन के अंतिम दिन 17 अप्रेल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और आवश्यक व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दे दिया गया है। समिति पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

# 'संगठन मजबूत होने से किसानों की समस्याओं का होगा निदान'



महानगर टाइम्स संवाददाता

**बस्सी।** ग्राम, तहसील व जिला स्तर पर संगठन मजबूत होने से किसान जागरूक होंगे और उनकी समस्याओं का निदान होगा। यह बात भारतीय किसान संघ के जयपुर प्रांत के संगठन मंत्री नीरज कुमार ने शुक्रवार को किसान संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे बताया कि किसानों को गौ आधारित खेती करनी चाहिए। जिला मंत्री डॉ. लोकेश कुमार चन्देल ने कहा कि चौमूं में 30 अप्रेल को किसान सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा किसान भाग लें। इस अवसर पर किसान संघ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा, महानगर जैविक प्रमुख नत्थीलाल चतुर्वेदी, बस्सी तहसील अध्यक्ष हरिनारायण शर्मा, तूंगा तहसील अध्यक्ष नाथूलाल गुर्जर, आंधी तहसील अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, बस्सी तहसील मंत्री छाजूलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, विद्युत प्रमुख छोटूराम शर्मा, राजस्व प्रमुख गोपाल लाल शर्मा, उपाध्यक्ष सुखवीर चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मां की पुण्यतिथि पर बेटे बने अक्षय पुण्य योजना के सदस्य



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** तोरावाटी प्रांतीय गौशाला छावनी में शुक्रवार को मीना गुप्ता पत्नी निरंजन पंच की तृतीय पुण्यतिथि पर उनके पुत्र विजित पंच व अंकित पंच ने गौशाला की ओर से चलाई जा रही अक्षय पुण्य योजना में 31 हजार रुपए की सहायता राशि भेंट कर सदस्य बने। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने गायों को दलिया व चारा खिलाया। वहीं गौशाला पदाधिकारियों ने परिवारजनों का आभार व्यक्त किया और पंच परिवार के मंगलमय भविष्य की कामना की। इस मौके पर गौशाला के संरक्षक राजेंद्र पंच, अध्यक्ष नंदलाल सैनी, उपाध्यक्ष पंकज भारद्वाज, वीरेंद्र गुप्ता, प्रहलाद चंचल, विनोद नरेड़ी, प्रतिभा गुप्ता, अमन गोयल, शगुन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# एसएससी परीक्षा में 43वीं रैंक हासिल करने पर मोक्षा का सम्मान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** चिड़ावा कस्बे की होनहार बेटी मोक्षा अग्रवाल ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में ऑल इंडिया 43वीं रैंक हासिल कर ना केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे शेखावाटी व अग्रवाल समाज का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अग्रवाल जन कल्याण समिति चिड़ावा के पूर्व अध्यक्ष दामोदर प्रसाद हिम्मतरामका की अगुवाई में



श्याम मंदिर चिड़ावा धाम के महंत राजू के सानिध्य में मोक्षा व उसके परिजनों का साफा व माला पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर हिम्मतरामका ने कहा कि मोक्षा की यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। अब समय आ गया है कि समाज के युवा शासन व प्रशासन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि घर पर रहकर सीमित संसाधनों में मोक्षा ने जो मुकाम हासिल किया है। वह आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेगा। इस मौके पर अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडी प्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल चिड़ावा के अध्यक्ष महेश मालानी, अग्रवाल जन कल्याण समिति के संस्थापक पूर्व महामंत्री प्रदीप मोदी, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, नगर पालिका के पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया आदि ने मोक्षा को बधाई दी।

# सड़क चौड़ाईकरण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का समर्थन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** नगर परिषद की ओर से जोनल व सेक्टर मास्टर प्लान के तहत प्रस्तावित सड़क चौड़ाईकरण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का आशीर्वाद रेजीडेंसी वेलफेयर सोसायटी ने स्वागत करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। सोसायटी ने नगर परिषद के आयुक्त शशिकांत शर्मा को पत्र जारी कर बताया कि नगर परिषद की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार मास्टर प्लान सड़क को 60 फीट चौड़ा करने की योजना है। सोसायटी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने पूर्व में ही निर्धारित 60 फीट क्षेत्र छोड़कर निर्माण कार्य किया हुआ है। यह मार्ग जोनल व मास्टर प्लान में शामिल एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक मुख्य मार्ग है, जो जयपुर-झुंझुनूं बाईपास को आशीर्वाद रेजीडेंसी होते हुए सीकर शहर से जोड़ता है।



आशीर्वाद रेजीडेंसी के लगभग 400 परिवारों सहित गोकुल वाटिका, गोकुल विहार, बालाजी नगर, ग्लोबल सिटी और समस्त राधाकिशनपुरा क्षेत्र के निवासियों ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, सड़क सुरक्षा में सुधार आएगा और आधारभूत सुविधाओं का विकास संभव हो सकेगा। निवासियों ने बताया कि सड़क के मध्य डिवाइडर निर्माण, नाली व सीवरेज लाइन की व्यवस्था और पौधरोपण जैसे कार्यों से क्षेत्र का समग्र विकास होगा और नागरिकों को बेहतर वातावरण प्राप्त होगा। सोसायटी ने यह भी आश्वासन दिया कि यदि इस कार्य में किसी प्रकार की बाधा या आपत्ति आती है तो वे प्रशासन के साथ खड़े रहेंगे और हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। सोसायटी के पदाधिकारियों ने नगर परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# सालासर मंदिर को बदनाम करने वालों पर कारवाई की मांग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सालासर।** जाट महासभा ने स्थानीय प्रशासन से सालासर बालाजी मंदिर को बदनाम करने वालों के खिलाफ कारवाई करने की मांग की है। जाट महासभा के प्रदेशअध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने बताया कि सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से लगातार सालासर बालाजी मंदिर के व्यवस्थापक पुजारी परिवार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। सालासर बालाजी मंदिर पवित्र व वचन सिद्ध मंदिर है, जिसकी सारी व्यवस्था का जिम्मा पुजारी परिवार उठाता है। बालाजी महाराज के भक्तों के प्रति पुजारी परिवार की बड़ी आस्था है। निजी कंपनी के गार्ड व किसी हठधर्मी श्रद्धालु के बीच आवेश में हुई घटना को तोड़- मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ कारवाई की जानी चाहिए।

# मामूली कहासुनी में फायरिंग, घायल ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** कस्बे में मामूली कहासुनी ने खूनी मोड़ ले लिया। रेस्टोरेंट के बाहर हुई फायरिंग में घायल युवक धर्मेंद्र मीणा ने जयपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार लालसोट के जमात इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट में कुल 8 लोग साथ बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर आपस में नोंकझोंक शुरू हो गई। विवाद बढ़ता देख रेस्टोरेंट संचालक ने सभी को बाहर जाने के लिए कह दिया, लेकिन बाहर निकलते ही मामला और भड़क गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक युवक ने धर्मेंद्र मीणा को अपने पास बुलाया और अचानक पेट में गोली मार दी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में धर्मेंद्र मीणा को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जयपुर रैफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए। वहीं फायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# फुले जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**सीकर।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर शनिवार को प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला कलेक्टर आशीष मोदी फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की करेंगे।

# 'भगवान और भगत जैसा होता है शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** राजकीय उमावि सिंधी देहली गेट कोटडा में सिंधी भाषा दिवस, विधिक साक्षरता व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई गई। इस दौरान व्याख्याता घनश्याम ठारवानी ने बताया कि भारत के संविधान का सिंधी देवनागरी लिपि में भी विमोचन होने जा रहा है। प्रेम प्रकाश मंडल के संत रामप्रकाश ने बताया कि शिक्षक व विद्यार्थी का संबंध भगवान व भगत जैसा होता है। उन्होंने बच्चों विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया। विधिक



साक्षरता व संवेदीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूरन सिंह मीणा ने बच्चों को साइबर क्राइम व साइबर बुलिंग के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए सतर्क रहने के उपाय बताए। वहीं बच्चों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन के बारे में जानकारी प्रदान की और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

प्रधानाचार्य स्नेह लता पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया और नव प्रवेशी बच्चों का माला पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन मीना शर्मा ने किया। इस मौके पर भारती टिलवानी, हशु आसवानी, विष्णु कुमार छिप्पा, खुशबू यादव, अजीत सिंह राठौड़, विनीत प्रकाश आदि सभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# निकिता पारीक का राष्ट्रीय युवा संवाद कार्यक्रम में चयन

**श्रीमाधोपुर(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** शहर की निकिता पारीक का राष्ट्रीय युवा



संवाद कार्यक्रम माय भारत बजट क्वेस्ट-2026 के लिए चयन हुआ है। यह कार्यक्रम 13 अप्रेल को जयपुर स्थित राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित होगा। निकिता ने क्विज व निबंध प्रतियोगिता के कठिन चरणों को पार कर यह उपलब्धि हासिल की है, जिसमें देशभर से 12 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया था। यह कार्यक्रम युवाओं को बजट प्रक्रिया से जोड़ने और नीति निर्माण में उनकी भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। निकिता इससे पहले नई दिल्ली में आयोजित युवा संसद में भी राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संवाद मुख्य आकर्षण रहेगा।

# भीम सेना के शिविर में 201 लोगों ने किया रक्तदान



**सीकर(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** महात्मा ज्योतिबा फुले व बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सांगलिया धुणी के पिठाधीश्वर ओमदास महाराज के सानिध्य में आयोजित रक्तदान शिविर में 201 लोगों ने रक्तदान किया। भीम सेना के घनश्याम वर्मा व आलोक सिंह पालीवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ फुले व बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में सीकर सांसद कोमरेड अमराराम, भीम सेना संस्थापक एडवोकेट अनिल तिड़दिया, उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, भीम सेना संयोजक मोती मेघवाल तंवरा, प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र मेघवाल, विश्वास कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक नरेन्द्र चोधरी, प्रदेश महासचिव सुरेंद्र महिचा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संजू गोदारा, डॉ. रणजीत महरानीया, सीताराम खारिया, राजेश सैनी सहित 201 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं का भीम सेना की पूरी टीम ने आभार जताया।

# 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकारी विद्यालयों का हो रहा विकास'

## राजकीय विद्यालय में कक्षा-कक्ष का लोकार्पण व प्रतिभा सम्मान समारोह

महानगर टाइम्स संवाददाता



**लालसोट।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खोहरापाड़ा में नवनिर्मित कक्षा-कक्ष का लोकार्पण और ब्लॉक स्तरीय शैक्षणिक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लालसोट विधायक रामबिलास मीणा ने कक्षा-कक्षों का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह, शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक रामबिलास मीणा ने कहा कि लालसोट ब्लॉक के सरकारी विद्यालयों में बुनियादी ढांचे का लगातार विकास किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एक बेहतर माहौल मिल सके। इन नए कक्षा-कक्षों के निर्माण से विद्यालय के बच्चों को बैठने की उचित सुविधा मिलेगी और उनके अध्ययन में सुविधा होगी। उन्होंने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण मीणा के कार्यों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में श्यामपुरा से अमित मीणा, खोहरापाड़ा से कनिका जांगिड़, पट्टीकिशोरपुरा से आशा महावर, बिलोना कला से कृष्णा कंवर, दौलतपुरा से अंजली मीणा, महारिया से तमन्ना मीणा, पायल सैनी, निर्झरना से संपत सैनी आदि का सम्मान विधायक रामबिलास मीणा ने किया। वहीं पट्टीकिशोरपुरा से जुगल किशोर बोहरा, बिलोना कला से रामजीलाल मीणा, महारिया कैलाश चंद मीणा, श्यामपुरा से रामबिलास मीणा, डिडवाना सोनिया व्यास, निर्झरना से रामकिशोर मीना आदि प्रिंसिपल का सम्मान किया गया। अंत में सीबीईओ सत्यनारायण मीणा व विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों व भामाशाहों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व आईएएस बृजमोहन मीणा, समाजसेवी सोनू बिनोरी, पुरुषोत्तम जोशी भामाशाह, शंभू कुईवाला, सत्यनारायण मीणा सीबीईओ, अनिल बुर्जा भाजपा नगर अध्यक्ष, वार्ड पार्षद राकेश चित्तौड़िया, बलराम बैरवा भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित लालसोट ब्लॉक के प्रिंसिपल उपस्थित रहे।

# कोटपूतली-किशनगढ़ एक्सप्रेसवे के विरोध में किसानों ने खोला मोर्चा

## एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर परियोजना निरस्त करने की मांग



महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** कोटपूतली से किशनगढ़ तक प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के खिलाफ किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। श्रीमाधोपुर में शुक्रवार को किसान महापंचायत ने एसडीएम अनिल कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर परियोजना को निरस्त करने की मांग की। किसानों का कहना है कि पहले से मौजूद 6 से 12 लेन के मार्ग पर्याप्त हैं, ऐसे में नई सड़क के लिए उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण उचित नहीं है। किसान महापंचायत के प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भांवरिया, प्रदेश मंत्री ज्ञानचंद मीणा व बत्तीलाल बैरवा के अनुसार इस परियोजना से करीब 9 हजार बीघा सिंचित व बहु-फसली भूमि प्रभावित होगी। इससे हजारों किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। किसानों ने बताया कि प्रस्तावित एक्सप्रेसवे करीब 15 फीट ऊंचा बनेगा, जिससे कई गांव व खेत दो हिस्सों में बंट जाएंगे। किसानों को अपने ही खेतों तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा। किसानों ने तर्क दिया कि मौजूदा मार्ग 208 किमी है, जबकि नया एक्सप्रेसवे 191 किमी का होगा। केवल 17 किमी दूरी कम करने के लिए उपजाऊ जमीन का नुकसान उचित नहीं है। किसानों ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर ट्रैक्टर, बाइक व साइकिल जैसे वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। इसके अलावा ज्ञापन में बेमौसम बारिश से हुए नुकसान की गिरदावरी कर मुआवजा देने, यमुना जल समझौते को लागू करने, कृषि उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने की मांग भी की गई है। इस दौरान रामदेव जाट, जय नारायण, श्यामलाल जोशी, बाबूलाल रुंडला, प्रहलाद, शिव सिंह शेखावत सहित कई किसान मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# एलपीजी की कमी और आसमान छूती कीमतों को दूर करने की मांग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर अमेरिका-इजराइल की साम्राज्यवादी युद्ध नीतियों का कड़ा विरोध जताया और एलपीजी गैस की भारी कमी और आसमान छूती कीमतों के कारण गरीब महिलाओं व मजदूर वर्ग पर पड़ रहे संकट को तुरंत दूर करने की मांग की। संगठन की कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि केंद्र सरकार का वर्तमान रवैया न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय शांति के पक्ष में खड़े होने की ऐतिहासिक विरासत को धता बता रहा है, बल्कि देश के गरीब कामकाजी वर्ग को भी महंगाई व भुखमरी के गर्त में धकेल रहा है। ज्ञापन में ने स्पष्ट रूप से लिखा कि वर्तमान समय में अमेरिका व इजरायल की साम्राज्यवादी युद्ध नीति के प्रति भारत सरकार का रवैया काफी चिंताजनक है।

ऐसे समय में मोदी सरकार को युद्ध नीतियों का कड़ा विरोध जताना चाहिए, लेकिन सरकार ट्रंप व उनके सहयोगी इजराइल को खुश करने में व्यस्त नजर आ रही है।



संगठन ने आगे कहा कि यह रवैया न केवल अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत की संप्रभुता को कमजोर कर रहा है, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन में लड़ी गई निर्णायक लड़ाई की गौरवशाली विरासत को भी पीछे धकेल रहा है। एसोसिएशन ने विशेष रूप से महिलाओं व मजदूर परिवारों की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि अंतराष्ट्रीय युद्धों और भारत के रुख का सीधा असर देश के गरीब वर्ग पर पड़ रहा है। वर्तमान में महिलाएं व मजदूर भूख से मरने और पलायन करने के लिए मजबूर हैं, क्योंकि वे एलपीजी गैस नहीं खरीद पा रहे हैं। गैस सिलेंडर की कीमतें इतनी ऊंची हो चुकी है कि आम घरेलू बजट में इसे शामिल करना असंभव हो गया है। यह बेहद दुखद स्थिति है। संगठन ने ज्ञापन में विस्तार से बताया कि एलपीजी की कमी व महंगाई ने गरीब परिवारों को रसोई गैस के विकल्प की ओर धकेल दिया है, जिससे महिलाओं को लकड़ी, कोयला या गोबर के उपले जलाने पड़ रहे हैं। संगठन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह इस मुद्दे पर आगे भी संघर्ष जारी रखेगा और राष्ट्रपति स्तर पर निरंतर फॉलो-अप करेगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# कस्तूरी के आखिरी दिन प्रतिभाओं ने बिखेरा हुनर का अनोखा रंग

## 'छह दशक-आत्म शक्ति का उत्सव' का हुआ रंगारंग समापन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव 'कस्तूरी-2026' के अंतर्गत 'छह दशक-आत्म शक्ति का उत्सव' का शुक्रवार को रंगारंग समापन हुआ। तीन दिवसीय इस महोत्सव के अंतिम दिन विभिन्न शैक्षणिक, रचनात्मक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

महोत्सव के तीसरे दिन 'द ऑपोजिट ऑफ करेज इज नॉट कॉवर्डिस, इट इज कंफर्मिटी' विषय पर आयोजित अंतर महाविद्यालय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में सशक्त तर्क प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में कानोड़िया महिला महाविद्यालय की याशिका लालवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की दिव्या तेवतिया द्वितीय और कानोड़िया महाविद्यालय की हर्षिता शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इसी क्रम में 'एआई वर्सेज ह्यूमन क्रिएटिविटी' विषय पर आधारित डिजाइन मेनिया प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक दृष्टि का आकर्षक प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कानोड़िया महिला महाविद्यालय की आत्ममिका दुबे एवं रिद्धिमा जालन प्रथम, महाराजा कॉलेज के लक्ष्य शंकर और अंशुल दाबोड़िया द्वितीय तथा कानोड़िया महाविद्यालय की अमरजोत कौर एवं रुद्राक्षी सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इंटर कॉलेज 'स्नैक अटैक' कुकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी पाक-कला का परिचय दिया। इसमें खुशबू जगरवाल और जयश्री शर्मा प्रथम, जबकि माही शाह और भूमि यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं, राजस्थानी उत्सव थीम पर आधारित मेहंदी प्रतियोगिता में जया मीणा ने प्रथम और चंचल कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

समापन समारोह में महाविद्यालय के 'नृत्यम' डांस क्लब की छात्राओं ने राजस्थानी, पंजाबी और वेस्टर्न नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रा पूजा राठौड़ के एकल अभिनय ने भावनात्मक प्रस्तुति के साथ खूब सराहना बटोरी। श्रद्धा शर्मा ने प्रभावशाली मोनोलॉग प्रस्तुत किया, जबकि भूमि काबरा ने स्टैंडअप कॉमेडी के माध्यम से सभी को हंसी से लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, उप-प्राचार्य डॉ. रंजुला जैन, डॉ. मनीषा माथुर एवं डॉ. रंजना अग्रवाल ने युवा उत्सव के सफल आयोजन में योगदान देने वाली विभिनन समितियों की छात्राओं को सम्मानित किया।

### सफलता के लिए व्यक्त किया आभार

युवा उत्सव 'कस्तूरी' की संयोजक एवं उप-प्राचार्य (छात्र गतिविधि) डॉ. मनीषा माथुर ने आयोजन की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों, महाविद्यालय प्रशासन, छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं अशैक्षणिक कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन छात्रा कशिश गौड़, माही असीजा और प्रिया ने किया। इस अवसर पर 24-25 अप्रेल को आयोजित होने वाले लिटरेचर महोत्सव 'सागा 2026' के पोस्टर का भी विमोचन किया गया, जिसने कार्यक्रम को एक नई उत्सुकता के साथ आगे बढ़ाया।

---

## मानसरोवर में अनूप जलोटा की भजन संध्या 17 को

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम की ओर से 17 अप्रेल को मानसरोवर के दीप स्मृति ऑडिटोरियम में शाम 7 से 10 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन सम्राट अनूप जलोटा भजनों की स्वर लहरियां बिखेरेंगे। उनके साथ श्रद्धालु भी भगवान कृष्ण के नाम का गुणगान करेंगे। उनके भजनों की मधुर ध्वनि से सुसज्जित आध्यात्मिक वातावरण में उपस्थित हजारों श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर एक आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव करेंगे। उल्लेखनीय है कि गुप्त वृन्दावन धाम राजस्थान का प्रसिद्ध मंदिर और सांस्कृतिक केंद्र है। जल्दी ही मंदिर का विस्तृत रूप जनता के समक्ष उपस्थित होने वाला है।

---

# लाखों गौवंश का प्रदेश...गोबर से गैस के संयंत्र न के बराबर

### बड़ी गौशालाओं में कम्प्रेस्ड बायोगैस संयत्र लगाने की उठी मांग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** ईरान-इजरायल के मध्य चल रहे युद्ध (फिलहाल युद्ध विराम) के कारण घरेलू गैस की आपूर्ति लड़खड़ा गई है। ऐसे में देश के कई शहरों में कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी/सीएनजी) उत्पादन शुरू किया गया है। इससे न केवल गोशालाओं को लाभ हो रहा है वरन् ईंधन का विकल्प भी मिला है। प्रदेश और राधानी की गौशालाओं में हजारों की संख्या में गोवंश रहता है, जिनसे प्राप्त होने वाले गोबर का वैज्ञानिक ढंग से उपयोग कर स्वच्छ ईंधन (सीएनजी) और जैविक खाद का उत्पादन किया जा सकता है। इससे पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता कम होगी और स्थानीय स्तर पर सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो सकेगी। इस दिशा में प्रयास भी शुरू हो गए हैं।

अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने प्रदेश की बड़ी गौशालाओं से संवाद कर इसके लिए संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी है। परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती चुनौतियों के बीच देश के कई शहरों में गोबर गैस के प्लांट संकट की घड़ी में मददगार साबित हो रहे हैं। ये प्लांट न केवल पर्यावरण संरक्षण कर रहे है, बल्कि वेस्ट टू वेल्थ (अपशिष्ट से संपदा) की अवधारणा को धरातल पर उतारते हुए किसानों की आय का भी सशक्त माध्यम सिद्ध हो रहे हैं। एक प्लांट में प्रतिदिन 90 से 100 टन गोबर की खपत के साथ लगभग 5,000 किलोग्राम बायोगैस का उत्पादन हो रहा है। रिफाइनिंग के बाद इससे 2,000 किलोग्राम कंप्रेस्ड बायो-गैस तैयार की जा रही है। प्रदेश की बड़ी गौशालाओं में भी ऐसे प्लांट लगाए जाने चाहिए। वहां तैयार गैस को सिलेंडर में भरकर लोगों को उपलब्ध करवानी चाहिए।



### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि जब कृषि और पशुपालन को उत्पादकता और लाभप्रदता से जोड़ा जाएगा, तभी किसानों और गोपालकों के जीवन में समृद्धि आएगी। जयपुर और प्रदेश के बड़े शहरों में इस प्रकार के नवाचार न केवल राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करेंगे, बल्कि विकसित भारत के सपने को भी साकार करेंगे। यह पहल जयपुर को ग्रीन सिटी बनाने के साथ-साथ गो-सेवा को आर्थिक स्वावलंबन से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकती है।

### लैंड इज लैब की धारणा मजबूत करने की जरूरत

हैनिमन चैरिटेबल मिशन सोसायटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने बताया कि अब लैब टू लैंड से आगे बढ़कर लैंड इज लैब (खेत ही प्रयोगशाला है) के मंत्र को राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में लागू करने की जरूरत है। वैज्ञानिक और गो-सेवकों को मिलकर गौशालाओं के परिसर में ही नई तकनीकों का परीक्षण करना होगा। इससे न केवल गोबर का सही निस्तारण होगा, बल्कि इससे तैयार जैविक खाद से किसानों की लागत घटेगी और भूमि की उर्वरता में सुधार होगा।

### सरकार को अनुदान देने की जरूरत

प्रदेश की गौशालाओं को आधुनिक बायोगैस (सीबीजी) प्लांट से लैस करने के लिए राज्य सरकार के स्तर पर विशेष अनुदान दिए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अपने एमपी/एमएलए फंड और निकायों के माध्यम से इन परियोजनाओं में सहयोग करना चाहिए। जब गोबर की खरीद शुरू होगी, तो गोपालकों को अतिरिक्त आय होगी और सड़कों पर गोवंश के विचरण की समस्या का भी स्थाई समाधान निकल सकेगा। राजस्थान सरकार और स्थानीय गौशालाओं को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। राजस्थान जैसे राज्य में, जहां पशुधन की प्रचुरता है, ऐसे बायोगैस प्लांट न केवल असहाय पशुओं की समस्या का समाधान करेंगे, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए भी गेम-चेंजर साबित होंगे।

**सस्ती ईंधन आपूर्ति :** स्थानीय उपभोक्ताओं को बाजार मूल्य से लगभग 6 रुपए प्रति किलो सस्ती दर पर सीएनजी उपलब्ध कराई जा रही है। उत्पादित गैस का एक बड़ा हिस्सा (1.5 टन) गेल इंडिया लिमिटेड को भी बेचा जा रहा है। प्लांट 0.85 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से गोबर की खरीद करता है। वर्ष 2022 से अब तक 400 से अधिक किसानों को 4.77 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

### जैविक खेती और पर्यावरण को प्रोत्साहन

प्लांट के माध्यम से अब तक 96,447 किलोलीटर तरल जैविक खाद किसानों को मुफ्त वितरित की जा चुकी है, जिसकी बाजार कीमत 1.54 करोड़ रुपए से अधिक है। इसके साथ ही, किसानों को मिट्टी परीक्षण की सुविधा और जैविक खेती का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

---

## सिंधी भाषा में भारतीय संविधान का विमोचन




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सिंधी भाषा दिवस पर हिंदी मेरी मां है और सिंधी भाषा मेरी मौसी है... देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के उक्त वाक्य को साकार करते हुए केंद्र सरकार ने सिंधी समाज को एक महत्वपूर्ण सौगात प्रदान की है। नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति भवन में आयोजित एक गरिमामयी आयोजन में उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भारत के विकास में सिंधी समाज के योगदान की सराहना करते हुए सिंधी भाषा (देवनागरी) में प्रकाशित भारतीय संविधान का विमोचन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सिंधी समाज की निष्ठा, लगन और परोपकार की भावना से सभी को प्रेरणा लेने की बात करते हुए सिंधी भाषा दिवस के अवसर प्रधानमंत्री द्वारा सिंधी समाज को दिए गए बधाई संदेश का वाचन किया। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सिंधी समाज देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश की जनसंख्या का मात्र 1 प्रतिशत होने के बावजूद देश के जीडीपी में लगभग 20 प्रतिशत तथा आयकर में लगभग 24 प्रतिशत योगदान, चेरिटी में 22 प्रतिशत सिंधी समाज का रहता है। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सिंधी समाज के विस्थापन से लेकर उसके सुदृढ़ होने तक के पूरे सफर का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सिंधी विभाजन के बाद अपने देश में आए और वो शरणार्थी नहीं पुरुषार्थी थे। विश्व के हर देश में सिंधी बसे हुए हैं। इस मौके पर विशाल गिडवाणी, गोरधन आसनानी, मुकेश लखयानी, तुलसी संगतानी, गोविन्द गुरबानी, श्याम सतवानी, भरत आसनानी उपस्थित रहे।

---

## जंग की विभीषिका को दिया गीत का स्वर



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अमरीका और ईरान के बीच चल रही भीषण जंग पर गीत भी बन गए हैं। गायिका मनु गहलोत का ये युद्ध है सदी का...एलबम सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गया।

मनु गहलोत ने इस गीत में अपनी पुरकशिश गायकी में जंग की विभीषिका और मानवता के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया है। इस एल्बम में तबाही का मंजर, मिसाइलों की डरावनी गूंज और ताबड़तोड़ बम धमाकों की सनसनी के साथ हृदयविदारक दृश्यों को करीने से दर्शाया है, जो पूरी दुनिया को दहला रहा है। इस गीत के भाव दिलों को झकझोरते हैं। इसमें दर्शाया गया है कि जंग किसी समस्या को सुलझाने का आखिरी पायदान नहीं है। इसके बोल भी मनु को खुद ने ही लिखे हैं, बचपन से ही उनकी संगीत में गहरी रुचि रही है। शब्दों की गहरी समझ रखने वाली मनु ने बताया कि गीतों के भाव ही देश-दुनिया और समाज को एक सूत्र में पिरोते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले सिंगर मनु गहलोत भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर भी सेना की गौरव गाथा को अपनी पुरकशिश आवाज में पिरोया था जो सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा गया।

---

## राजवंश पब्लिक स्कूल में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशन में बरकत नगर स्थित राजवंश पब्लिक स्कूल में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय की निदेशक सीता चौहान ने बताया कि यह कार्यक्रम राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट ललिता सोनी ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग बच्चों की मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, जिससे अवसाद, पढ़ाई में कमी और नींद की समस्या जैसी परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं।

विद्यालय के सचिव अनिमेष चौहान ने कहा कि फर्जी अकाउंट बनाना, साइबर बुलिंग करना, बिना अनुमति निजी फोटो साझा करना, धमकी भरे संदेश भेजना और किसी की निजी जानकारी मांगना कानूनन अपराध है, जिससे बच्चों को दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य नवल जैन ने दिनेश शर्मा, मुकेश कुमार तथा अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

---

## गर्मी में बढ़ी टेराकोटा बोतलों की मांग, ऑफिस की टेबल की बढ़ा रही शान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गर्मी के साथ ही शहर में पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। विशेष रूप से टेराकोटा की पानी की बोतलें लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता और स्वास्थ्य लाभों के चलते अब लोग प्लास्टिक और धातु की बोतलों के बजाय मिट्टी से बनी बोतलों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

जयपुर के स्थानीय टेराकोटा शिल्पकारों ने बताया कि इस सीजन में अब तक करीब पांच हजार से अधिक बोतलों की बिक्री हो चुकी है और मांग लगातार बढ़ रही है।

ग्राहकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कारीगरों ने बाहर से सामान मंगवाना भी तेज कर दिया है। शिल्पकारों का कहना है कि पहले जहां वे मुख्य रूप से सजावटी वस्तुएं मंगवाते थे, वहीं अब उपयोगी उत्पादों की मांग बढ़ने से उनका ध्यान बोतलों और मटकों पर अधिक केंद्रित हो गया है। खासकर डिजाइनदार टेराकोटा बोतलों की मांग ज्यादा है, जिन्हें लोग घरों के साथ-साथ कार्यालयों में भी उपयोग कर रहे हैं। जयपुर के बाजारों में इन बोतलों की विविधता देखने को मिल रही है। पारंपरिक डिजाइनों के साथ-साथ आधुनिक शैली में भी इन्हें तैयार किया जा रहा है, जिससे युवा वर्ग भी इसकी ओर आकर्षित हो रहा है। कारीगरों के अनुसार बोतलों के लिए विशेष प्रकार के ढक्कन बाहर से मंगवाए जाते हैं, जिससे उनकी उपयोगिता और बढ़ जाती है। शहर के कई संस्थानों और कार्यालयों में भी अब टेराकोटा बोतलों का चलन बढ़ा है। हाल ही में एक प्रमुख संस्थान में बड़ी संख्या में ऐसी बोतलों की खरीद की गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्वास्थ्य के प्रति सजग लोग इन उत्पादों को अपनाने लगे हैं।



### चिकित्सकों ने भी गिनाए लाभ

डॉ. आरसी कुमावत ने बताया कि मिट्टी के बर्तनों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। मिट्टी के पात्रों में रखा पानी स्वाभाविक रूप से ठंडा रहता है और इसमें मौजूद क्षारीय गुण शरीर की अम्लता को संतुलित करने में सहायक होते हैं। इसके अलावा यह पानी प्राकृतिक स्वाद बनाए रखता है, जो प्लास्टिक या धातु के बर्तनों में संभव नहीं होता। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से भी टेराकोटा बोतलें एक बेहतर विकल्प बनकर उभरी हैं। ये पूरी तरह से जैविक और पुनः उपयोग योग्य होती हैं, जिससे प्लास्टिक कचरे में कमी आती है। यही कारण है कि जयपुर में लोग तेजी से इस पारंपरिक विकल्प की ओर लौट रहे हैं।

---


## आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ का हुआ मंगल प्रवेश

### विधायक गोपाल शर्मा ने लिया जैन मुनि का आशीर्वाद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ का शुक्रवार श्यामनगर स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस पुनीत अवसर पर गुरुदेव की अगवानी के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ का मंगल विहार सुबह 6:15 बजे नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां से प्रारंभ हुआ। विहार करते हुए संघ सोडाला सर्किल स्थित आईएस पैराडाइज पहुंचा, जहां से बैंड-बाजों के साथ एक विशाल जुलूस के रूप में आचार्य श्यामनगर के वशिष्ठ मार्ग स्थित मंदिर जी पहुंचे। जहां सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने जैन मुनि का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। मंदिर पहुंचने पर सुरेश सबलावत, राजकुमार सेठी, प्रदीप चूड़ीवाल, राजेश सेठी सहित सैकड़ों समाज बंधुओं ने गुरुदेव की पाद-प्रक्षालन कर भव्य अगवानी की। मंदिर दर्शन के बाद आयोजित धर्मसभा में आचार्य ने अपने मंगल प्रवचनों से श्रावकों को धर्म लाभ कराया।



---

## गायत्री नगर में अमृत स्नान महोत्सव का समापन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** महारानी फार्म, गायत्री नगर के दिगंबर जैन मंदिर में शुक्रवार को आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के 41वें गृह त्याग दिवस के अवसर पर अमृत स्नान महोत्सव संपन्न हुआ।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने बताया कि धर्म सभा में मंजू सेवा वाली द्वारा मंगलाचरण किया गया। गजेंद्र प्रीति छाबड़ा परिवार की ओर से गुरुदेव आचार्य का पाद प्रक्षालन किया गया व शास्त्र भेंट किए। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, उपाध्यक्ष अरुण शाह, संयुक्त मंत्री मुकेश सोगानी ने गुरु आस्था परिवार के प्रांतीय अध्यक्ष देवेंद्र बाकलीवाल निमोडिया वालों व गजेन्द्र छाबड़ा का स्वागत किया। आचार्य ने णमोकार दिवस पर णमोकार महामंत्र के संबंध में धर्म सभा में बताएं बिंदुओं पर प्रकाश डाला और कहा कि 24 घंटे का अखंड सामूहिक पाठ जरूर कराया जाए। धर्म सभा में अमृत स्नान के अंतर्गत आचार्य ने ऋद्धि मंत्रों से लगभग 1 घंटे तक विभिन्न मुद्राओं में स्नान कराया। शनिवार को मंदिर में सामूहिक कलश व शांति धारा 7 बजे से होगी और मूलनायक प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का महामस्तिकाभिषेक 170 कलशों से किया जाएगा।



---

### पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल

# प्लास्टिक की पन्नी से तैयार होगा जैव-कार्बन, दूषित पानी होगा पीने योग्य

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गुलाबी नगरी में पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल होने जा रही है। केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) और लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीनतम शोध से निकली तकनीक को अब जयपुर के स्थानीय स्तर पर लागू करने की तैयारी है। इस तकनीक के माध्यम से अब तक मिट्टी और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचाने वाली प्लास्टिक की पन्नी से जैव-कार्बन तैयार किया जाएगा, जो न केवल प्रदूषण घटाएगा बल्कि दूषित पानी को पीने योग्य बनाने में भी मददगार साबित होगा।

शोध के परिणामों के अनुसार, यदि इस तकनीक से निर्मित जैव-कार्बन का उपयोग घरों में लगने वाले जल शोधक यंत्रों (आरओ) में किया जाए, तो फिल्टर की लागत सामान्य की तुलना में एक-चौथाई (25 प्रतिशत) तक कम हो सकती है। इतना ही नहीं, फिल्टर की कार्य अवधि भी चार गुना तक बढ़ जाएगी। जयपुर के ग्रामीण क्षेत्र में जहां पानी की गुणवत्ता एक बड़ी चुनौती है, वहां यह तकनीक आम जनता के लिए किफायती और प्रभावी साबित होगी।



### मामूली लागत पर शुरू होगा कचरे से कंचन का सफर

इस तकनीक को औद्योगिक और सामुदायिक स्तर पर अपनाने के लिए शुरुआती तंत्र विकसित करने पर मात्र डेढ़ लाख रुपए का खर्च आएगा। इसमें प्लास्टिक को दाने में बदलने वाली मशीनें और जैव-कार्बन तैयार करने वाले उपकरण शामिल होंगे। जयपुर के स्थानीय उद्यमी और सामाजिक संगठन इस छोटे निवेश के साथ प्लास्टिक निस्तारण के नए केंद्र स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

### पर्यावरण को मिलेगा बड़ा लाभ

**प्लास्टिक मुक्त शहर :** सड़कों और लैंडफिल साइट्स पर जमा होने वाले प्लास्टिक कचरे में भारी कमी आएगी।
**जल संरक्षण :** दूषित जल को शुद्ध कर उसे दोबारा उपयोग के योग्य बनाया जा सकेगा।
**रोजगार के अवसर :** पुनर्चक्रण उद्योग को नई दिशा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा।
**गैस उत्सर्जन में कमी :** हानिकारक गैसों के फैलाव को रोककर जयपुर की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा।

### क्या है जैव-कार्बन?

जैव-कार्बन वह कार्बन है जो जैविक कचरे या प्लास्टिक जैसे स्रोतों को ऑक्सीजन की उपस्थिति में उच्च तापमान पर गर्म करके तैयार किया जाता है। यह पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है और कार्बन उत्सर्जन को घटाने में सहायक है।

# असम, केरल और पुडुचेरी में सराहनीय मतदान

## बंपर वोटिंग ने राजनीतिक विश्लेषकों के सियासी समीकरणों को उलझाया

**असम**, केरलम और पुडुचेरी में मतदान की सफलता सुखद व अनुकरणीय है। इन तीनों ही राज्यों में क्रमशः असम में 85.64 और केरलम में 78.27 और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में मतदान का 89.81 प्रतिशत पर पहुंचना ही मतदाताओं की जाग्रति का स्पष्ट प्रमाण है। सराहनीय मतदान का श्रेय वास्तव में चुनाव आयोग और उसकी तैयारियों को देना चाहिए। चूंकि मतदाताओं की सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा ध्यान रखा जा रहा है, इसलिए मतदान में सफलता मिल रही है। यहां यह दोहरा दिया जाए कि असम की 126, केरलम की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर एक साथ ही मतदान हुआ है। सबसे बड़ी बात कि तीनों राज्यों या केंद्रशासित प्रदेश में मतदान के दौरान किसी बड़ी गड़बड़ी या हिंसा की सूचना नहीं है। इससे पता चलता है कि पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने भी अपने काम को मुस्तैदी से अंजाम दिया है। ध्यान रहे, असम में पिछली बार तीन चरणों में मतदान हुआ था, इस बार केवल एक चरण में हुआ मतदान इस राज्य की तरक्की का ही एक पहलू है। असम में बीते दस वर्ष से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है और इस बार भी भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की स्थिति कमजोर नहीं है। असम में भाजपा के साथ स्थानीय पार्टियां एजीपी और बीपीएफ भी हैं, जिससे उसे लाभ की उम्मीद है। यहां भाजपा के गठबंधन का मुकाबला कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन से है। यहां राजनीति के ध्रुवीकरण से कोई इनकार नहीं कर सकता। पिछले चुनाव के बाद यहां परिसीमन हुआ है, 15 नए निर्वाचन क्षेत्र बने हैं। माना जा रहा है कि निर्णायक मुस्लिम वोट वाले क्षेत्रों की संख्या 35 से घटकर 23 हो गई है। इसी से जुड़ा एक पहलू यह भी है कि पिछली बार भाजपा ने नौ मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था, केवल एक को जीत मिली थी और उस एक को भी इस बार पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। असम भारतीय राजनीति की एक प्रयोगशाला है। वहां अगर घोषित ध्रुवीकरण और सबके समान विकास की राजनीति कामयाब होती है, तो असर अन्य राज्यों पर पड़ सकता है। पिछले चुनावों के मुकाबले कांग्रेस मजबूत है, लेकिन क्या उसे बहुमत लायक वोट मिले हैं! इस सवाल का जवाब उन वोटिंग मशीनों में दर्ज हो गया है, जो 4 मई को खोली जाएंगी। असम की तरह ही केरलम में भी कांग्रेस की साख दांव पर है। यहां वाम मोर्चा लगातार तीसरी बार जीतने के लिए जोर लगा रहा है। देश में वामपंथियों के लिए केरलम एकमात्र गढ़ है। अगर यहां वामपंथी हारे, तो देश में वामपंथ के एक युग का पटाक्षेप हो जाएगा। बंगाल में वामपंथी बहुत कमजोर हो गए हैं, तो केवल केरलम बचा है। एक बार वाम, तो अगली बार कांग्रेस के जीतने का सिलसिला पिछले विधानसभा चुनाव 2021 में ही टूट गया था। तब मुख्यमंत्री कॉमरेड पिनराई विजयन के नेतृत्व में एलडीएफ को 99 सीटें हासिल हुई थीं, इस बार सीटें घटने की संभावना है, पर क्या एलडीएफ की सीटें इतनी घटेंगी कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ सत्ता में आ जाए! भाजपा यहां ठीकठाक शुरुआत भी कर ले, तो संतोष कर सकती है। बेशक, केरलम में भाजपा ठीक उसी तरह मजबूत हो रही है, जैसे तमिलनाडु में, पर हकीकत यही है कि इन अपेक्षाकृत विकसित राज्यों में भाजपा मंजिल से काफी दूर है। रही बात पुडुचेरी की, तो यहां भाजपा सत्तारूढ़ गठजोड़ का हिस्सा है, जिसे द्रमुक व कांग्रेस के गठजोड़ से टक्कर मिल रही है। खैर, जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा, यह पूरा देश जानना चाहेगा। अगर 1989-2009 के बीच के सभी सात लोकसभा चुनावों का भी विश्लेषण करें तो मतदान प्रतिशत और सत्ताधारी पार्टी या गठबंधन का चुनावों में हुए हार-जीत से सीधा संबंध नहीं दिखाई देता है। उत्तर प्रदेश में 2007 में जब मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आई, लेकिन उस चुनाव में 2002 की तुलना में लगभग 8 फीसदी कम मतदान था। 2007 में चुनाव के समय मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे और कम मतदान प्रतिशत के कारण उनकी सरकार बनानी चाहिए थी मगर 2007 में पहली बार मायावती पूर्ण बहुमत के साथ 206 सीट जीतकर सरकार बनाने में कामयाब हुई थी। गुजरात में 2012 में 71 प्रतिशत मतदान हुआ जो 2007 के अपेक्षा 12 प्रतिशत अधिक था। मगर फिर भी भाजपा की सरकार महज 2 सीटों की कमी के साथ बरकरार रही। 2017 में गुजरात में मतदान प्रतिशत में गिरावट आई, मगर भाजपा की सरकार बरकरार रही। वहीं 2022 में 2017 के तुलना में मतदान में कमी आई और भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात में कांग्रेस पार्टी का 1985 में सर्वाधिक सीट जितने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इसी तरह 1989 से 2008 के बीच जिन 31 विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत में गिरावट आई, उनमें 18 में सत्ता परिवर्तन हो गया लेकिन 13 राज्यों में सत्ताधारी पार्टी दोबारा चुन कर आई। इसी तरह उन चुनावों में जहां मतदान प्रतिशत में कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिला, वहां भी सत्ता वाली पार्टी का हार-जीत के साथ कोई सीधा सम्बन्ध देखने को नहीं मिलता। ऐसे कई प्रदेश हैं जहां चुनावों में लोगों की हिस्सेदारी बढ़ी और मतदान प्रतिशत में इजाफा हुआ। परंतु एक बार नहीं वरन दो या तीन बार वही पार्टी चुनाव जीतकर राज्य में शासन किया। गुजरात इसका उदाहरण है। दिल्ली में भी बड़े मतदान के बावजूद शीला दीक्षित नीत कांग्रेस पार्टी की सरकार बार-बार बनती रही। दिल्ली में 2003 में लगभग साढ़े चार प्रतिशत मतदान बढ़ा था मगर शीला दीक्षित की सरकार बरकरार रही थी। 2008 में दिल्ली में 4 प्रतिशत से अधिक मतदान में बढ़ोतरी हुई थी मगर फिर भी शीला दीक्षित की सरकार बरकरार रही थी। दिल्ली में 2025 विधानसभा चुनाव में लगभग ढाई प्रतिशत मतदान में कमी आई थी, फिर भी आम आदमी पार्टी की सरकार चुनाव हार गई और भाजपा 1993 के बाद पहली बार इस प्रदेश में सरकार बनाने में कामयाब हुई। 2004 के लोकसभा के चुनाव में मतदान प्रतिशत 1999 के अपेक्षा कम हुआ था फिर भी अटल जी की सरकार चुनाव हार गई थी। 2009 के लोकसभा के चुनाव में मतदान बढ़ने के बावजूद कांग्रेस पार्टी की सीट बढ़ गई थी, जहां 2004 में कांग्रेस को 145 सीट मिली थी वहीं 2009 में बढ़े मतदान के बावजूद सीटें बढ़कर 206 हो गई।



> **असम में बीते दस वर्ष से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है और इस बार भी भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की स्थिति कमजोर नहीं है। असम में भाजपा के साथ स्थानीय पार्टियां एजीपी और बीपीएफ भी हैं, जिससे उसे लाभ की उम्मीद है। यहां भाजपा के गठबंधन का मुकाबला कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन से है। यहां राजनीति के ध्रुवीकरण से कोई इनकार नहीं कर सकता। पिछले चुनाव के बाद यहां परिसीमन हुआ है, 15 नए निर्वाचन क्षेत्र बने हैं। माना जा रहा है कि निर्णायक मुस्लिम वोट वाले क्षेत्रों की संख्या 35 से घटकर 23 हो गई है। असम की तरह ही केरलम में भी कांग्रेस की साख दांव पर है। यहां वाम मोर्चा लगातार तीसरी बार जीतने के लिए जोर लगा रहा है।**

# महात्मा ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**आज** 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है।

महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ। लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, 'हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।' साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही।

महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, 'बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।' उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया।

शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधारस्तंभ बना रहा है।

अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए।



महात्मा फुले ने कहा था, 'जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही' यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है।

उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं।

महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया।

भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

# नाटो से बाहर निकलने की तैयारी में अमेरिका, ट्रंप के फैसले से यूरोप की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था होगी ध्वस्त

**नीरज कुमार दुबे**

**अंतरराष्ट्रीय** राजनीति में इस समय एक ऐसा तूफान उठ रहा है, जिसने दुनिया की सबसे मजबूत मानी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को हिला कर रख दिया है। हम आपको बता दें कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच बढ़ती खाई अब खुलकर सामने आ चुकी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नाटो से बाहर निकलने की चर्चा ने साफ कर दिया है कि अब यह गठबंधन केवल औपचारिकता बनकर रह सकता है।

हम आपको याद दिला दें कि जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान छेड़ा था तब नाटो के सहयोगी देशों ने इसमें खुलकर सैन्य भागीदारी करने से इनकार कर दिया था। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने इसे साफ शब्दों में नाटो की असफलता बताया। खुद ट्रंप ने नाटो को कागजी शेर तक करार दे दिया। उनका बयान केवल नाराजगी नहीं बल्कि चेतावनी था कि अमेरिका अब नाटो का बोझ अकेला नहीं उठाएगा।

देखा जाए तो ट्रंप का यह रुख अचानक सामने नहीं आया है। पिछले कुछ वर्षों से वह लगातार यूरोपीय देशों पर रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बना रहे हैं। नाटो के सदस्य देशों द्वारा सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने की सहमति भी इसी दबाव का परिणाम थी। लेकिन जब असली परीक्षा आई तो सहयोगी देश पीछे हट गए। यही वह क्षण था जिसने ट्रंप को यह कहने पर मजबूर कर दिया कि नाटो केवल कागजी शेर बनकर रह गया है। रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह घटनाक्रम कई स्तरों पर बेहद महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, यह ट्रांस अटलांटिक गठबंधन की विश्वसनीयता पर सीधा हमला है। यदि अमेरिका वास्तव में नाटो से दूरी बनाता है तो यूरोप की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है। रूस जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए यह सुनहरा अवसर साबित होगा, क्योंकि यूरोप बिना अमेरिकी सैन्य समर्थन के कमजोर पड़ जाएगा। एक और बढ़ा पहलू है पश्चिम एशिया की बदलती रणनीतिक तस्वीर। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर हुए तनाव और तेल आपूर्ति पर पड़े प्रभाव ने यह साफ कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा अब वैश्विक शक्ति राजनीति का केंद्र बन चुकी है। ट्रंप का यह कहना कि यह जिम्मेदारी उन देशों की है जो तेल पर निर्भर हैं, सीधे तौर पर यूरोप और एशिया को चेतावनी है कि वह अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करें।



वहीं सबसे आक्रामक संकेत है अमेरिका द्वारा अपने सैन्य अड्डों को स्पेन और जर्मनी जैसे देशों से हटाने या कम करने की योजना। यदि यह कदम उठाया जाता है तो यह केवल सैन्य पुनर्संतुलन नहीं बल्कि एक प्रकार का रणनीतिक दंड होगा। इसका संदेश साफ है कि जो अमेरिका के साथ नहीं खड़ा होगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की जिद भी इस पूरे घटनाक्रम का अहम हिस्सा है। उन्होंने बार बार यह दोहराया है कि यह क्षेत्र अमेरिकी सुरक्षा के लिए जरूरी है। डेनमार्क और यूरोपीय देशों के विरोध के बावजूद यह मुद्दा अभी ठंडा नहीं पड़ा है। यह दिखाता है कि अमेरिका अब पारंपरिक कूटनीतिक सीमाओं को तोड़कर खुली रणनीतिक आक्रामकता की ओर बढ़ रहा है। इस बीच, नाटो महासचिव मार्क रुटे और ट्रंप के बीच हुई बातचीत भले ही औपचारिक रूप से सकारात्मक बताई गई हो, लेकिन अंदर की कड़वाहट साफ झलक रही है। रुटे ने माना कि ट्रंप निराश हैं, जबकि ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा कि नाटो ने अमेरिका का साथ नहीं दिया।

इतिहास गवाह है कि नाटो की सबसे बड़ी परीक्षा 2001 में हुई थी, जब अमेरिका पर हमला हुआ और सभी सदस्य देशों ने उसका साथ दिया। लेकिन आज स्थिति उलट गई है। अब अमेरिका खुद को अकेला महसूस कर रहा है और यही असंतोष उसे गठबंधन से दूरी बनाने की ओर धकेल रहा है।

यदि अमेरिका नाटो से अलग होता है तो वैश्विक शक्ति संरचना बहुध्रुवीय हो जाएगी। चीन और रूस जैसे देश तेजी से अपने प्रभाव का विस्तार करेंगे। यूरोप को मजबूरन अपनी स्वतंत्र सैन्य नीति बनानी पड़ेगी, जबकि एशिया में भी नए सुरक्षा गठबंधनों का उदय हो सकता है। ट्रंप का आक्रामक रवैया यह संकेत देता है कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय संबंध अधिक कठोर, स्वार्थ आधारित और टकरावपूर्ण होने वाले हैं।

बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि नाटो संकट उस पूरी व्यवस्था का संकट है जिसने दशकों तक दुनिया को एक ढांचे में बांधकर रखा। अब यह ढांचा दरक रहा है और इसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। यही कारण है कि यह घटनाक्रम आने वाले वर्षों में वैश्विक राजनीति की दिशा तय करेगा।

## राशिफल

**आज दिनांक 11 अप्रेल, 2026, शनिवार, विक्रम संवत् 2083, बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, तैतिल करण, सिद्ध योग, राहुकालः सुबह 9:20 से 10:54 बजे, सूर्योदय सुबह 6:13 बजे, सूर्यास्त सायं 6:42 बजे, चंद्रोदय शाम 1:58 बजे, चंद्रास्त शाम 12:56 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:13 बजे से 12:22 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:06 से 5:54 बजे तक, चंद्रमा मकर राशि में संचार करेगा।**

**मेष** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वंद्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय संभव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किए गए कार्यों का मलाल रहेगा। मित्रों के सहयोग से कोई जरूरी कार्य पूरा होगा।

**वृषभ** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुन** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंगे।

**कर्क** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**सिंह** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कन्या** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**तुला** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। दिन खत्म होने से पहले आर्थिक नुकसान होगा।

**वृश्चिक** नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

**कुंभ** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मीन** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे।

**प्रेरक प्रसंग**

## पिंजरे के पंछी

**चंद्र प्रकाश** के चार साल के बेटे को पंछियों से बेहद प्यार था। वह अपनी जान तक न्योछावर करने को तैयार रहता। ये सभी पंछी उसके घर के आंगन में जब कभी आते तो वह उनसे भरपूर खेलता। उन्हें जी भर कर दाने खिलाता। पेट भर कर जब पंछी उड़ते तो उसे बहुत अच्छा लगता। एक दिन बेटे ने अपने पिता जी से अपने मन की एक इच्छा प्रकट की। 'पिता जी, क्या चिड़िया, तोता और कबूतर की तरह मैं नहीं उड़ सकता?'

'नहीं।' पिता जी ने पुत्र को पुचकारते हुए कहा।

'क्यों नहीं?'

'क्योंकि बेटे, आपके पंख नहीं हैं।'

'पिता जी, क्या चिड़िया, तोता और कबूतर मेरे साथ नहीं रह सकते हैं? क्या शाम को मैं उनके साथ खेल नहीं सकता हूं?'

'क्यों नहीं बेटे? हम आज ही आपके लिए चिड़िया, तोता और कबूतर ले आएंगे। जब जी चाहे उनसे खेलना। हमारा बेटा हमसे कोई चीज मांगे और हम नहीं लाएं, ऐसा कैसे हो सकता है?'

शाम को जब चन्द्रप्रकाश घर लौटे तो उनके हाथों में चिड़िया, तोता और कबूतर के तीन पिंजरे थे । तीनों पंछियों को पिंजरों में दुबके पड़े देखकर पुत्र खुश न हो सका। बोला- 'पिता जी, ये इतने उदास क्यों हैं?'

'बेटे, अभी ये नए-नए मेहमान हैं। एक-दो दिन में जब ये आप से घुल मिल जाएंगे तब देखना इनको उछलते-कूदते और हंसते हुए?' चन्द्र प्रकाश ने बेटे को तसल्ली देते हुए कहा। दूसरे दिन जब चंद्रप्रकाश काम से लौटे तो पिंजरों को खाली देखकर बड़े हैरान हुए। पिंजरों में न तो चिड़िया थी और न ही तोता और कबूतर। उन्होंने पत्नी से पूछा-'ये चिड़िया, तोता और कबूतर कहां गायब हो गए हैं?'

'अपने लाड़ले बेटे से पूछिए।' पत्नी ने उत्तर दिया।

चन्द्रप्रकाश ने पुत्र से पूछा-'बेटे, ये चिड़िया, तोता और कबूतर कहां हैं?'

'पिताजी, मैं उन्हें पिंजरों में बंद देख नहीं सका। मैंने उन्हें उड़ा दिया है।' अपनी भोली जबान में जवाब देकर बेटा बाहर आंगन में आकर आकाश में लौटते हुए पंछियों को देखने लगा। सच है सच्ची खुशी जिन्हें हम प्यार करते हैं उनको खुश देखने में है। उन्हें बांधकर अपने सामने रखने में नहीं।

## बेहतर भविष्य का संकरा मुहाना

**एक** शिक्षण संस्थान की यह परंपरा थी कि अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों में जो योग्यतम आठ-दस होते थे, उन्हें देश की औद्योगिक संस्थाएं नियुक्त कर लेती थीं। उस साल भी वही हुआ। ऊपर के नौ लड़के ऊंची पद-प्रतिष्ठा वाली नौकरियां पाकर खुशी-खुशी चले गए। लेकिन उनके बीच का एक लड़का जो चुने गए साथियों से कम नहीं था, रह गया।


चूंकि वह बहुत परिश्रमी था और अपने संस्थान को उसकी सेवा से लाभ ही होता इसलिए उसे अस्थाई तौर पर कुछ भत्ता देकर काम पर लगा लिया गया। फिर भी अपने साथियों की तुलना में उसकी यह नियुक्ति आर्थिक दृष्टि से बड़ी मामूली थी। वह उदास रहने लगा। लोग भी उसके भाग्य को दोष देने लगे थे।

लेकिन यह स्थिति अधिक दिन नहीं रही। एक बहुत नामी औद्योगिक संस्था ने अचानक उस शिक्षण संस्थान से संपर्क कर जैसे व्यक्ति की मांग की, यह युवक पूरी तरह उसके अनुकूल सिद्ध हुआ। उसे अपनी योग्यता के अनुरूप काम और वेतन मिला, बात इतनी ही नहीं थी, उसकी यह नियुक्ति अपने साथियों की तुलना में बहुत ऊंची भी थी। अर्थ और सामाजिक प्रतिष्ठा - दोनों ही दृष्टि से वह उन सबसे श्रेष्ठ हो गया था। इसी तरह कभी-कभी अनुकूल समय के लिए प्रतीक्षा की घड़ियां आया करती हैं। अक्सर ही जिसे लोग भाग्य का दोष मान बैठते हैं, वह होता है एक बेहतर भविष्य का संकरा मुहाना।

# रेत के सन्नाटे में गूंजा जीवन, कैप्टिव ब्रीडिंग से जन्मे 11 नए गोडावण चूजे

## विलुप्ति की कगार से वापसी, गोडावण प्रजनन में रिकॉर्ड सफलता

महानगर टाइम्स संवाददाता


**जयपुर/जैसलमेर।** जैसलमेर के रेगिस्तानी क्षेत्र में राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण के लिए चल रहे कैप्टिव ब्रीडिंग कार्यक्रम को वर्ष 2026 में बड़ी सफलता मिली है। प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के चौथे प्रजनन सत्र के पहले ही महीने में 11 नए चूजों का सफलतापूर्वक जन्म हुआ है, जिसे संरक्षण प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। डेजर्ट नेशनल पार्क के उप वन संरक्षक बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि इन 11 चूजों का जन्म 7 मादा गोडावण के अंडों से हुआ है, जिसमें 5 नर पक्षियों का सक्रिय योगदान रहा। उन्होंने कहा कि नियंत्रित वातावरण में प्राकृतिक प्रजनन की यह सफलता वैज्ञानिक योजना, बेहतर देखभाल और सुरक्षित प्रोटोकॉल का परिणाम है। इस कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2019 में 33 गोडावण पक्षियों के साथ की गई थी, जो जंगली अंडों से लाए गए थे। अब तक इस कैप्टिव ब्रीडिंग कार्यक्रम के तहत कुल 46 चूजे सफलतापूर्वक तैयार किए जा चुके हैं, जिनमें से कई अब वयस्क अवस्था में पहुंच चुके हैं और प्राकृतिक आवास में छोड़े जाने के लिए तैयार हैं।

अधिकारियों के अनुसार, चौथा प्रजनन सत्र अब तक का सबसे सफल सत्र साबित हो रहा है, क्योंकि पहले ही महीने में 11 चूजों का जन्म भविष्य की संभावनाओं को मजबूत करता है। अब कार्यक्रम को 'सॉफ्ट रिलीज' चरण की ओर आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें पक्षियों को पहले बड़े एनक्लोजर में प्राकृतिक जीवन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे जंगल में भोजन खोजने और जीवित रहने में सक्षम हो सकें। गोडावण की घटती संख्या को देखते हुए यह प्रजनन कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कभी हजारों की संख्या में पाए जाने वाले इस पक्षी की आबादी अब सैकड़ों में सिमट चुकी है, जिसके पीछे आवास का नुकसान, बिजली लाइनों से टकराव, कृषि विस्तार और शिकार जैसे कारण प्रमुख हैं। डेजर्ट नेशनल पार्क के सुदासरी, सम और रामदेवरा स्थित ब्रीडिंग सेंटर में चल रहा यह प्रयास देश-विदेश में वन्यजीव संरक्षण के लिए एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना न केवल गोडावण को विलुप्ति से बचाने में मदद कर रही है, बल्कि थार मरुस्थल के पारिस्थितिकी तंत्र को भी संतुलित कर रही है।

## पंडित विश्व मोहन भट्ट और सलिल भट्ट की जुगलबंदी में हुआ सुरों का दिव्य संवाद

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जयपुर के मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राधा-कृष्णा हॉल में शुक्रवार की शाम भारतीय शास्त्रीय संगीत का एक अनुपम और अविस्मरणीय दृश्य साकार हुआ। अवसर था 'इंडस्ट्री इंस्टीट्यूट कॉन्क्लेव 2026' का, जहां संगीत के शिखर पुरुष पंडित विश्व मोहन भट्ट और उनके पुत्र, शिष्य तथा 'तंत्री सम्राट' पंडित सलिल भट्ट ने 'मोहन वीणा सात्विक वीणा' की अद्भुत जुगलबंदी प्रस्तुत की।




**सुरों में बंधा आत्मीय रिश्ता :** यह केवल एक संगीत प्रस्तुति नहीं, बल्कि पिता-पुत्र के बीच सुरों का आत्मीय संवाद था। पंडित विश्व मोहन भट्ट की अनुभवी ऊंगलियों और पंडित सलिल भट्ट की ऊर्जा से सजी वीणाओं ने जब एक साथ स्वर साधे, तो मानो समय ठहर गया। दोनों के बीच तालमेल ऐसा था, जैसे दो धाराएं मिलकर एक ही संगीत सरिता बन गई हों।

**रागों में विश्व शांति का संदेश :** कार्यक्रम की विशेषता रही राग 'विश्व रंजनी' में प्रस्तुत आलाप, जोड़ और झाला, जिसमें संगीत के माध्यम से विश्व शांति का संदेश प्रतिध्वनित हुआ। विलंबित और द्रुत गति की रचनाओं ने श्रोताओं को गहराई तक स्पर्श किया।

## पं. विश्व मोहन भट्ट ने किया आर्ट एग्जीबिशन का उद्घाटन

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** एमएनआईटी, जयपुर और एमआईटी-एडीटी यूनिवर्सिटी पुणे के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे 6 दिवसीय नेशनल क्रिएटिव आर्ट फेस्ट कारि 2026 के तहत शुक्रवार को एमएनआईटी के वीएलटीसी सेंटर में आर्ट एग्जीबिशन का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पद्म भूषण पं. विश्व मोहन भट्ट ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएनआईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन आर्किटेक्ट हबीब खान और निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने की। विशिष्ट अतिथि एमआईटी-एडीटी के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट प्रो. मंगेश टी. कराड़ थे। एग्जीबिशन में राजस्थान और महाराष्ट्र के 35 कलाकारों और दोनों शिक्षण संस्थानों के 60 से अधिक छात्रों की 100 से अधिक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर प्रो. राजीव श्रृंगी, प्रो. तरुष चंद्रा, प्रो. तुषार पनके, प्रो. राजेश एस., प्रो. महेश चोपड़े, प्रो. नचिकेत ठाकुर, प्रो. धनेश्वर बिसॉयी और प्रो. सूरज भोयर उपस्थित रहे।



## सैनिक परिवारों के लिए छात्रों ने बनाया 'वीरसहारा' ऐप

### कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने लॉन्च कर सराहा

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सैनिकों और उनके परिवारों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और उन तक पहुंच आसान बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए जयपुर के स्कूली छात्रों ने 'वीरसहारा' ऐप लॉन्च किया। यह एआई-समर्थित डिजिटल प्लेटफॉर्म जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12 के दो विद्यार्थि कनिष्क रूंगटा और कृषा रूंगटा ने विकसित किया है। ऐप का लॉन्च सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवा विद्यार्थियों की ओर से तकनीक को संवेदनशीलता और उद्देश्य के साथ इस्तेमाल करते हुए की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय है। वीरसहारा को इस तरह डिजाइन किया गया है कि पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं, आश्रित और शहीद परिवार अपनी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें और सीधे आवेदन लिंक तक पहुंच सकें। सरल और यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस वाले इस प्लेटफॉर्म पर दी गई जानकारी के आधार पर उपयोगकर्ताओं को उन योजनाओं और लाभों से अवगत किया जाता है, जिनके लिए वे पात्र हो सकते हैं। कर्नल राठौड़ ने कहा कि इस तरह के मॉडल को शासन-प्रशासन के अन्य क्षेत्रों में भी अपनाने की संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में भी इसी तरह की व्यवस्था पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों, उद्यमियों और कारोबारियों को सरकारी योजनाओं, नीतियों और सहायता तंत्र से जुड़ी जानकारी एक ही स्थान पर सरल तरीके से मिल सके।



## महिला टेनिस टूर्नामेंट के एकल फाइनल मुकाबले में आयुषी तंवर ने जीता खिताब




**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** रायपुर के गोंडवाना कप ऑल इंडिया महिला टेनिस टूर्नामेंट के एकल फाइनल मुकाबले में राजस्थान की आयुषी तंवर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साक्षी चौधरी (दिल्ली) को 2-6, 6-2, 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।

## 'सवा लाख हनुमान चालीसा' पाठ से गूंजा दहलावास बालाजी मंदिर




**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** प्रतापनगर स्थित श्री दहलावास बालाजी मंदिर प्रांगण में इन दिनों भक्ति और शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। श्री राम कथा सेवा समिति, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित 'सवा लाख हनुमान-चालीसा अखंड पाठ' अपने संकल्पित लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में इस भव्य अखंड पाठ का संकल्प लिया गया है। समिति के अध्यक्ष अरविन्द सिंघल, मुख्य संयोजक भीमराज सैनी, को-अध्यक्ष रामअवतार शर्मा और महामंत्री सुरेश गुप्ता के मार्गदर्शन में यह आयोजन हो रहा है। 4 अप्रैल से शुरू हुए इस अनुष्ठान में 9 अप्रैल तक लगभग 60 हजार पाठ पूर्ण किए जा चुके हैं। इस उपलब्धि से न केवल समिति के सदस्यों में बल्कि आम जनता में भी भारी उत्साह है।

# खैरथल स्टेशन के पुनर्विकास से आर्थिक अवसरों में होगी वृद्धि

## कला और आधुनिक डिजाइन का अनूठा संगम खैरथल रेलवे स्टेशन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** खैरथल रेलवे स्टेशन उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में स्थित है। यह स्टेशन स्थानीय कला और आधुनिक डिजाइन का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करता है। खैरथल में बड़ी अनार और सब्जी मंडी है। यह अलवर जिले का एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। यह स्टेशन आसपास के क्षेत्रों जैसे किशनगढ़ बास, तिजारा और खैरथल के यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी पॉइंट रहा है। खैरथल रेलवे स्टेशन पर 46 ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। यहां से औसतन 4830 यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 12.79 करोड़ रुपए की लागत से किए गए इस कार्य में स्टेशन को आधुनिक और यात्री-अनुकूल बनाया गया है। स्टेशन के भवन को पुर्ण रूप ये नवीनीकृत किया गया है। साथ ही स्टेशन भवन में पोर्च का निर्माण भी किया गया है। सर्कुलेटिंग क्षेत्र में सुविधा क्षेत्र को 1200 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 3600 वर्ग मीटर किया गया है तथा अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार का प्रावधान किया गया है।




### दोपहिया और चौपहिया वाहनों के लिए पृथक पार्किंग

दोपहिया और चौपहिया वाहनों के लिए पृथक पार्किंग का प्रावधान किया गया है। 4.19 करोड़ रुपए की लागत से 12 मीटर चौड़ा ऊपरी पैदल पुल (एफओबी) का निर्माण किया गया है जिसमें रेम्प और कवरिंग शेड का भी प्रावधान किया गया है। मौजूदा प्लेटफॉर्म शेल्टरों में 150 वर्ग मीटर का विस्तार किया गया है। प्लेटफॉर्मो के 4197 वर्ग मीटर सतह को नवीनीकृत किया गया है। स्टेशन भवन के अन्दर 300 वर्ग मीटर में कलात्मक चित्र बनाए गए हैं।

### दिव्यांग जनों के लिए विशेष प्रावधान

खैरथल रेलवे स्टेशन पर नए प्रतीक्षा कक्ष बनाए गए हैं। आधुनिक फिटिंग के साथ मौजूदा शौचालय ब्लॉकों का नवीनीकरण किया गया है। दिव्यांग जनों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं जिसमें हेल्प बूथ, शौचालय, वाटर बूथ, रेम्प, टिकट विंडो, साईनेज, कुर्सियां आदि शामिल हैं। खैरथल रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से आसपास के क्षेत्र की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद मिलेगी। साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## ग्लोबल इंडस्ट्री समिट में विशेषज्ञों ने दिए भविष्य के मंत्र



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** निम्स यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय ग्लोबल इंडस्ट्री समिट 2026 का दूसरा दिन शुक्रवार पूरी तरह से ज्ञान, अनुभव और विचारों के आदान-प्रदान का साक्षी बना। पहले दिन के उद्घाटन सत्र में निम्स यूनिवर्सिटी के फाउंडर व चांसलर डॉ. बीएस तोमर, संतोष नायर एक्सक्यूटिव प्रेसिडेंट, संदीप त्रिपाठी रजिस्ट्रार समेत कई शिक्षाविद् और विद्यार्थी मौजूद रहे। समिट के दूसरे दिन का फोकस विशेष रूप से पैनल डिस्कशन पर रहा, जिसमें देश-विदेश के दिग्गज उद्योग विशेषज्ञों और कॉर्पोरेट लीडर्स ने भाग लेते हुए छात्रों को इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों और भविष्य की दिशा से अवगत कराया। यूनिवर्सिटी के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट ग्लोबल संतोष नायर ने बताया कि पैनल डिस्कशन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे, जिनमें डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, फाइनेंस, हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग, स्टार्टअप इकोसिस्टम और कॉर्पोरेट लीडरशिप जैसे समकालीन और महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि तेजी से बदलती तकनीक और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में युवाओं को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें प्रैक्टिकल स्किल्स, इनोवेशन और एडैप्टेबिलिटी पर विशेष ध्यान देना होगा।

इस अवसर पर माइक्रोसॉफ्ट, बिरला सॉफ्ट, नोकिया, इंटेल, फ्लिप्कार्ट, ब्लिंकिट, सोनी इंडिया, सिंगापुर टेलीकॉम, ग्लोबल लॉजिक, हिताची, मारुति सुजुकी, आईबीएम, एक्साइड, नेटवेस्ट सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इन विशेषज्ञों ने छात्रों को न केवल इंडस्ट्री ट्रेंड्स से अवगत कराया, बल्कि उन्हें करियर प्लानिंग, स्किल डेवलपमेंट और प्रोफेशनल ग्रोथ के व्यावहारिक टिप्स भी दिए। समिट का तीसरे दिन शनिवार को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव, महत्वपूर्ण एमओयू साइनिंग और समापन समारोह जैसे प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## वार्षिकोत्सव 'सद्भावना 2026' धूमधाम से मनाया




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल स्कूल, सीतापुरा और तेजाजी का बाड़ा सांगानेर ब्रांच के तत्वावधान में वार्षिकोत्सव 'सद्भावना 2026' शुक्रवार को टोंक रोड स्थित श्री कृष्णा पैराडाइज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय के निदेशक अमित सैनी और प्रधानाचार्या दीपिका सैनी ने बताया कि वार्षिकोत्सव की थीम 'सद्भावना' रखी गई, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शिरकत की। उनके साथ गेस्ट ऑफ ऑनर पुष्पेन्द्र भारद्वाज और रफीक खान उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, सुनील शर्मा, अमीन कागजी, अर्चना शर्मा, गंगा देवी, पुष्कर लाल डांगी सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने भी शिरकत की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने चंदा चमके, बम बम भोले, ऑल इज वेल और छोटा बच्चा जैसे गीतों पर अपनी कला दिखाई। वहीं, श्री राम जानकी, और रघुपति राघव की प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति और आध्यात्म की झलक देखने को मिली। विविधता में एकता का संदेश देते हुए बच्चों ने विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों की शानदार छटा बिखेरी जिस पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## वेटरन्स क्रिकेट मुकाबले में राजस्थान टीम की रोमांचक जीत



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में इंदौर में आयोजित हो रहे टूर्नामेंट में राजस्थान के खिलाड़ियों ने रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया। राजस्थान वेटरन टीम ने विदर्भ वेटरन टीम को 5 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ वेटरन टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए। टीम की ओर से प्रमुख बल्लेबाज ने 70 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक चौके-छक्के शामिल रहे। अन्य खिलाड़ियों ने भी उपयोगी योगदान देते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर 173 रन का लक्ष्य 17.2 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इससे पहले लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान टीम की शुरुआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने स्थिति को संभालते हुए तेज गति से रन बनाए। बल्लेबाज बनवारी लाल ने नाबाद 48 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि दूसरे खिलाड़ी ने रियाज ने भी 44 रन नाबाद बनाकर टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। ऐसे में टीम ने 17.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं, गेंदबाजी में भी राजस्थान के खिलाड़ियों ने अपनी छाप छोड़ी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. बीआर सोनी ने आयोजन को सफल बताते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रखा जाएगा, जिससे अनुभवी खिलाड़ियों को सक्रिय मंच मिलता रहे।

## खुद का दीया जलाने से ही विश्व में शांति संभव : काचा

### हिमालय मेडिटेशन पर गुरु कथा का पहला दिन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आज के दौर में विश्वभर में व्याप्त अशांति के बीच आत्म-जागृति, ध्यान और चित्त शुद्धि ही स्थाई शांति का मार्ग है। 'अंधेरा कितना है यह मत देखो, बस स्वयं का दीया जला लो' इसी संदेश के साथ आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



ये विचार कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर में शिवकृपानंद स्वामी फाउंडेशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय गुरु कृपा कथा के प्रथम दिन वक्ता मोहित भाई काचा ने व्यक्त किए।

काचा ने कहा कि आत्म-जागृति के बाद नियमित ध्यान और चित्त की शुद्धि से व्यक्ति का आभामंडल (ऑरा) सशक्त होता है, जिससे उसे आंतरिक और बाह्य सुरक्षा मिलती है।

उन्होंने हिमालय ध्यान पद्धति का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 72 देशों में लोग इस विधि के माध्यम से ध्यान का अनुभव कर रहे हैं। यह एक ऐसा आध्यात्मिक संस्कार है, जो एक पुण्यात्मा से दूसरी पुण्यात्मा तक पहुंचता है। आत्म-जागृति को उन्होंने दुर्लभ प्रक्रिया बताते हुए कहा कि यह केवल सिद्ध गुरु के सानिध्य में ही संभव है, जहां साधक की शुद्ध ग्रहणशीलता महत्वपूर्ण होती है। हिमालय मेडिटेशन विषयक प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# पार्किंसन के इलाज में डीबीएस सर्जरी और एआई की बढ़ती भूमिका

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार ने पार्किंसन जैसी जटिल न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के उपचार की दिशा बदल दी है। पार्क्रिसन रोग, जिसमें समय के साथ हाथ कांपना, मांसपेशियों में जकड़न, चलने में असमर्थता और शारीरिक असंतुलन जैसे लक्षण गंभीर होते जाते हैं, अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के समन्वय से अधिक सटीक रूप से नियंत्रित किया जा रहा है। न्यूरोलॉजी, मूवमेंट डिसऑर्डर और डीबीएस विशेषज्ञ डॉ. वैभव माथुर के अनुसार,



शुरुआत में इस बीमारी को दवाओं से नियंत्रित किया जाता है, किंतु लंबे समय बाद जब दवाओं का प्रभाव सीमित होने लगता है, तब डीप ब्रेन स्टिमुलेशन सर्जरी एक उन्नत और सफल विकल्प बनकर उभरती है। अब इस सर्जिकल प्रक्रिया में एआई की भूमिका ने इलाज की प्रभावकारिता को नए आयाम दिए हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन सर्जरी के अंतर्गत मस्तिष्क के उन विशिष्ट केंद्रों को लक्षित किया जाता है जो शारीरिक गतिविधियों को नियंत्रित करते हैं। इसमें इलेक्ट्रोड्स आरोपित किए जाते हैं, जो असामान्य ब्रेन सिग्नल्स को संतुलित करने का कार्य करते हैं। इस जटिल प्रक्रिया में एआई तकनीक एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है। एआई-आधारित सॉफ्टवेयर मस्तिष्क की इमेजिंग का सूक्ष्म विश्लेषण कर सर्जरी के लिए सर्वाधिक सटीक स्थान का चयन करते हैं, जिससे न केवल प्रक्रिया की सटीकता बढ़ती है, बल्कि सर्जरी से जुड़े जोखिमों में भी भारी कमी आती है। सर्जरी की योजना तैयार करने में एआई का योगदान अपरिहार्य हो गया है। सर्जरी से पूर्व होने वाली मस्तिष्क की विस्तृत स्कैनिंग को एआई एल्गोरिदम तीव्र गति और सूक्ष्मता से विश्लेषित करते हैं। यह तकनीक सर्जनों को इलेक्ट्रोड्स की सटीक गहराई और स्थान निर्धारित करने में मदद करती है, जिससे प्रत्येक रोगी के लिए एक वैयक्तिकृत यानी पर्सनलाइज्ड सर्जिकल प्लान तैयार होता है।

### समय के साथ स्मार्ट इलाज की ओर बढ़ता कदम

एआई की यह हस्तक्षेप क्षमता मानवीय त्रुटियों की गुंजाइश को न्यूनतम कर देती है, जिससे उपचार के परिणाम अत्यंत सकारात्मक प्राप्त होते हैं। सर्जरी के बाद डिवाइस की प्रोग्रामिंग एक संवेदनशील चरण होता है, जो पारंपरिक रूप से समय लेने वाला रहा है। एआई इस प्रक्रिया को 'स्मार्ट प्रोग्रामिंग' में परिवर्तित कर देता है, जहां तकनीक स्वयं मरीज के लक्षणों और प्रतिक्रियाओं का आकलन कर डिवाइस की सेटिंग्स को अनुकूलित करती है। इससे रोगी को त्वरित राहत मिलती है और उसे बार-बार अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ते।

# एनएफआर के महाप्रबंधक का कटिहार से न्यू जलपाईगुड़ी तक व्यापक संरक्षा निरीक्षण

महानगर टाइम्स संवाददाता

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने हाल ही में कटिहार से न्यू जलपाईगुडी तक एक व्यापक संरक्षा निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान परिचालन व्यवस्था और रेलवे के बुनियादी ढांचे से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। दौरे के दौरान, महाप्रबंधक ने कटिहार-डंडखोरा और मुकुरिया-बारसोई सेक्शनों में रेलवे की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लेवल कॉसिंग, ट्रैक ज्योमेट्री, गैंग कार्य, कर्व, बड़े पुलों और स्विच एक्सपेंशन ज्वाइंट्स की स्थिति की जांच की गई। इसके साथ ही डालखोला स्टेशन पर प्वाइंट मशीनरी तथा लेवल क्रॉसिंग के बुनियादी ढांचे का भी विस्तार से निरीक्षण किया गया। इस दौरान डालखोला से न्यू जलपाईगुडी के बीच 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से स्पीड ट्रायल भी किया गया, ताकि ट्रैक की गुणवत्ता, यात्रा में आराम और परिचालन तत्परता का मूल्यांकन किया जा सके।



महाप्रबंधक ने संरक्षा निरीक्षण के साथ-साथ कर्मचारियों के कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। कटिहार में मंडल रेलवे अस्पताल में किए गए सुधारों की समीक्षा की गई, जहां रेल कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए उन्नत फिजियोथेरेपी केंद्र और आधुनिक दंत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने मान्यता प्राप्त यूनियनों और संघों के प्रतिनिधियों से संवाद कर कर्मचारियों की समस्याओं और सुझावों को भी सुना। खेल एवं मनोरंजन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कटिहार में किए गए विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। केआरओसी/कटिहार में बास्केटबॉल कोर्ट के नवीनीकरण तथा नए क्रिकेट पवेलियन के प्रस्ताव को महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

इसके अलावा 109 एकड़ में फैले इको पार्क का दौरा कर पर्यावरणीय स्थिरता और मनोरंजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। इसके अलावा, कटिहार जंक्शन पर 1111 केडब्ल्यूपी के रूफटॉप सोलर पावर प्लांट को चालू करने जैसी कई अन्य पहलों ने भी नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास के प्रति एनएफआर की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। यह निरीक्षण न्यू जलपाईगुड़ी में पूरा हुआ, जो एक गहन और सुव्यवस्थित कार्यक्रम के सफल समापन का प्रतीक था।

# AXIS BANK LTD.

## गिरवी रखी गई संपत्तियों (स्वर्ण आभूषण) की नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा आम जनता को सामान्य रूप से इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी **एक्सिस बैंक लिमिटेड** द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित की जानी प्रस्तावित है।
यह कि नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषणों को गिरवी रखकर **एक्सिस बैंक लिमिटेड** से ऋण सुविधा ("गोल्ड लोन सुविधा") प्राप्त की थी। उधारकर्ताओं/गारंटरों को उनके बकाया ऋण राशि का भुगतान करने हेतु मांग नोटिस जारी किए गए थे। चूंकि उधारकर्ता/गारंटर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, अतः बैंक बाध्य होकर गिरवी को लागू कर रहा है और नीचे संपत्ति अनुसूची में वर्णित गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी दिनांक **11-05-2026 को प्रातः 11:00 बजे "जहां है जैसा है", "जैसा है वैसा है", "जो कुछ है", तथा "बिना किसी प्रत्यावर्तन के आधार पर"** आयोजित करने का प्रस्ताव करता है। नीलामी का आयोजन निम्न स्थान पर किया जाएगा।

**उधारकर्ताओं का विवरण एवं बकाया राशि।**

| ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि (₹) | रिकॉल नोटिस की तिथि | सकल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाखा कार्यालय:- आबू रोड (राजस्थान)** | | | | | |
| कांति लाल | XXXXXXXXXXX9858 | ₹ 4,67,628.00 | 10-12-2025 | 95.400 | 62.700 |
| ललिता कंवर | XXXXXXXXXXX1233 | ₹ 3,88,715.00 | 10-12-2025 | 60.800 | 49.500 |
| खुशाल सोलंकी | XXXXXXXXXXX4293 | ₹ 3,48,570.27 | 10-01-2026 | 67.000 | 52.100 |
| रसिक | XXXXXXXXXXX8170 | ₹ 2,56,728.53 | 27-09-2025 | 41.700 | 39.500 |
| सोनी शिवलिंग कसबे | XXXXXXXXXXX8014 | ₹ 99,901.00 | 10-01-2026 | 17.000 | 16.000 |
| **शाखा कार्यालय:- अग्रवाल फार्म्स (राजस्थान)** | | | | | |
| नवीन चौधरी | XXXXXXXXXXX7967 | ₹ 3,26,421.00 | 20-07-2024 | 67.500 | 66.500 |
| **शाखा कार्यालय:- अजमेर (राजस्थान)** | | | | | |
| निखिलेश माथुर | XXXXXXXXXXX6273 | ₹ 9,25,915.00 | 27-10-2025 | 145.100 | 137.300 |
| कैलाश | XXXXXXXXXXX8484 | ₹ 3,79,459.00 | 28-08-2024 | 181.900 | 92.900 |
| कैलाश | XXXXXXXXXXX1133 | ₹ 2,89,082.00 | 27-09-2024 | 233.100 | 72.600 |
| रवि | XXXXXXXXXXX0588 | ₹ 3,17,605.00 | 28-08-2024 | 250.200 | 67.400 |
| दिनेश मेघवाल | XXXXXXXXXXX5368 | ₹ 2,75,506.00 | 20-11-2024 | 232.200 | 60.000 |
| सुभान खान | XXXXXXXXXXX4737 | ₹ 2,89,916.00 | 25-08-2023 | 84.400 | 58.600 |
| चेनाराम मेघवाल | XXXXXXXXXXX9738 | ₹ 2,00,300.00 | 24-12-2025 | 35.500 | 31.900 |
| इब्रा | XXXXXXXXXXX3857 | ₹ 31,385.00 | 10-12-2025 | 4.200 | 4.100 |
| **शाखा कार्यालय:- अखिल्या सर्कल, जोधपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| आकांक्षा माथुर | XXXXXXXXXXX1216 | ₹ 15,39,044.00 | 10-01-2026 | 289.590 | 248.000 |
| प्रीति माथुर | XXXXXXXXXXX1165 | ₹ 11,30,366.00 | 27-10-2025 | 291.380 | 182.300 |
| **शाखा कार्यालय:- अलवर (राजस्थान)** | | | | | |
| हेमा सैनी | XXXXXXXXXXX3141 | ₹ 46,357.00 | 19-12-2025 | 31.000 | 29.700 |
| सोनम | XXXXXXXXXXX3603 | ₹ 88,242.00 | 09-02-2026 | 13.800 | 13.600 |
| रिषभ कुमार | XXXXXXXXXXX2365 | ₹ 73,678.00 | 09-03-2026 | 8.500 | 8.000 |
| **शाखा कार्यालय:- अनुपगढ़, श्रीगंगानगर (राजस्थान)** | | | | | |
| मीना गुप्ता | XXXXXXXXXXX1830 | ₹ 10,49,358.65 | 19-03-2026 | 188.500 | 177.000 |
| गगनदीप सिंह | XXXXXXXXXXX9669 | ₹ 52,149.00 | 16-02-2026 | 6.900 | 6.600 |
| **शाखा कार्यालय:- अशोक विहार, अलवर (राजस्थान)** | | | | | |
| हसीब खान | XXXXXXXXXXX2108 | ₹ 6,23,959.13 | 10-12-2025 | 106.370 | 101.000 |
| मोकल बाई | XXXXXXXXXXX4873 | ₹ 2,89,893.00 | 06-11-2025 | 45.600 | 44.200 |
| मोकल बाई | XXXXXXXXXXX9927 | ₹ 1,42,630.00 | 06-11-2025 | 22.200 | 21.600 |
| धीरज सोमवंशी | XXXXXXXXXXX7235 | ₹ 73,873.00 | 16-02-2026 | 12.600 | 12.100 |
| **शाखा कार्यालय:- बांदीकुई (राजस्थान)** | | | | | |
| जसवंत सिंह गुर्जर | XXXXXXXXXXX0498 | ₹ 5,09,765.00 | 10-12-2025 | 83.200 | 67.700 |
| नरेंद्र सिंह गुर्जर | XXXXXXXXXXX2018 | ₹ 3,74,758.00 | 19-03-2026 | 50.800 | 48.100 |
| प्यार सिंह गुर्जर | XXXXXXXXXXX3949 | ₹ 3,12,102.00 | 01-11-2025 | 261.700 | 64.000 |
| अंजू | XXXXXXXXXXX9087 | ₹ 2,75,435.90 | 09-02-2026 | 36.800 | 35.700 |
| दया राम मीणा | XXXXXXXXXXX4845 | ₹ 2,09,469.00 | 27-10-2025 | 35.600 | 30.500 |
| अजय कुमार मीणा | XXXXXXXXXXX2331 | ₹ 1,61,763.76 | 09-02-2026 | 34.200 | 32.000 |
| गीता बाई गुर्जर | XXXXXXXXXXX8585 | ₹ 1,16,275.00 | 09-03-2026 | 19.700 | 18.980 |
| अजय कुमार सारसर | XXXXXXXXXXX4611 | ₹ 73,415.00 | 19-03-2026 | 14.500 | 12.100 |
| **शाखा कार्यालय:- बांसवाड़ा (राजस्थान)** | | | | | |
| राज मोहम्मद सिलावट | XXXXXXXXXXX9258 | ₹ 2,26,867.12 | 23-01-2026 | 30.600 | 29.800 |
| कमलेश डोडियार | XXXXXXXXXXX4789 | ₹ 1,23,789.71 | 19-12-2025 | 17.700 | 17.500 |
| दलिया | XXXXXXXXXXX7327 | ₹ 1,08,706.00 | 09-02-2026 | 25.800 | 17.800 |
| **शाखा कार्यालय:- बाड़मेर (राजस्थान)** | | | | | |
| मान सिंह भाटी | XXXXXXXXXXX0003 | ₹ 10,22,058.40 | 09-03-2026 | 316.500 | 145.000 |
| लाल सिंह | XXXXXXXXXXX8847 | ₹ 3,73,950.00 | 09-03-2026 | 72.200 | 49.000 |
| दामा राम बेनीवाल | XXXXXXXXXXX0204 | ₹ 3,66,671.00 | 24-12-2025 | 107.900 | 62.000 |
| रमेश कुमार | XXXXXXXXXXX2731 | ₹ 1,98,705.00 | 27-01-2026 | 47.800 | 34.000 |
| अमरा राम | XXXXXXXXXXX1744 | ₹ 1,92,847.00 | 27-01-2026 | 43.900 | 33.000 |
| **शाखा कार्यालय:- बयाना (राजस्थान)** | | | | | |
| वीरेंद्र | XXXXXXXXXXX4191 | ₹ 4,01,715.00 | 08-05-2024 | 73.900 | 70.900 |
| अरुण बेनीवाल | XXXXXXXXXXX5492 | ₹ 4,34,772.00 | 08-05-2024 | 97.200 | 91.500 |
| अरुण बेनीवाल | XXXXXXXXXXX2962 | ₹ 4,56,614.00 | 08-05-2024 | 112.100 | 106.700 |
| राजीव शर्मा | XXXXXXXXXXX5050 | ₹ 1,35,434.00 | 08-05-2024 | 40.900 | 36.800 |
| रामराज सिंह | XXXXXXXXXXX0597 | ₹ 5,48,797.00 | 16-11-2025 | 96.100 | 92.400 |
| लोकेश | XXXXXXXXXXX4397 | ₹ 5,25,004.00 | 12-12-2025 | 95.800 | 91.600 |
| **शाखा कार्यालय:- ब्यावर (राजस्थान)** | | | | | |
| सपना | XXXXXXXXXXX9081 | ₹ 2,01,016.00 | 09-02-2026 | 26.300 | 24.000 |
| सपना | XXXXXXXXXXX1804 | ₹ 1,96,977.00 | 16-02-2026 | 36.000 | 25.400 |
| शिवा सिंह रावत | XXXXXXXXXXX5039 | ₹ 1,35,832.00 | 10-01-2026 | 19.700 | 19.000 |
| शिवा सिंह रावत | XXXXXXXXXXX4736 | ₹ 2,19,430.00 | 09-02-2026 | 65.700 | 33.700 |
| मुकेश सिंह | XXXXXXXXXXX9887 | ₹ 2,77,372.00 | 09-02-2026 | 43.300 | 33.900 |
| चेतन भाटी | XXXXXXXXXXX3095 | ₹ 2,32,879.00 | 19-03-2026 | 39.500 | 26.900 |
| सलीम कठात | XXXXXXXXXXX0531 | ₹ 2,14,881.54 | 19-03-2026 | 29.300 | 28.600 |
| मिथु | XXXXXXXXXXX2697 | ₹ 2,10,254.00 | 16-11-2025 | 58.500 | 38.000 |
| अमीन कठात | XXXXXXXXXXX4077 | ₹ 2,02,189.81 | 09-02-2026 | 25.200 | 22.900 |
| चांदो | XXXXXXXXXXX2657 | ₹ 1,76,659.00 | 10-12-2025 | 29.600 | 28.600 |
| प्रेम प्रकाश | XXXXXXXXXXX9023 | ₹ 1,15,726.00 | 09-03-2026 | 18.000 | 14.500 |
| नरेश घावरी | XXXXXXXXXXX0786 | ₹ 1,05,213.00 | 19-03-2026 | 24.800 | 16.800 |
| बदामी देवी | XXXXXXXXXXX1554 | ₹ 1,02,678.00 | 31-07-2025 | 46.900 | 20.000 |
| पिंकी सैनी | XXXXXXXXXXX5234 | ₹ 94,249.00 | 09-03-2026 | 12.500 | 11.600 |
| सीमा देवी | XXXXXXXXXXX3219 | ₹ 61,345.00 | 27-10-2025 | 9.700 | 9.500 |
| रतन सिंह | XXXXXXXXXXX8719 | ₹ 58,764.00 | 10-01-2026 | 15.200 | 10.000 |
| **शाखा कार्यालय:- भादरा (राजस्थान)** | | | | | |
| राम स्वरूप | XXXXXXXXXXX5794 | ₹ 2,21,810.00 | 20-03-2026 | 42.300 | 40.100 |
| किरण कंवर | XXXXXXXXXXX2316 | ₹ 6,48,884.16 | 19-03-2026 | 128.100 | 79.000 |
| भूप सिंह | XXXXXXXXXXX4255 | ₹ 4,85,853.31 | 16-02-2026 | 96.700 | 94.000 |
| सुरेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXX8127 | ₹ 1,95,411.93 | 09-03-2026 | 30.300 | 29.500 |
| महेंद्र | XXXXXXXXXXX0059 | ₹ 1,58,862.28 | 19-03-2026 | 34.600 | 32.000 |
| दलिप | XXXXXXXXXXX8100 | ₹ 88,965.17 | 19-03-2026 | 20.000 | 20.000 |
| दया नंद | XXXXXXXXXXX0848 | ₹ 53,198.00 | 31-07-2025 | 15.400 | 9.500 |
| जैदीप | XXXXXXXXXXX0883 | ₹ 46,690.45 | 10-01-2026 | 8.100 | 8.000 |
| **शाखा कार्यालय:- भवानी मंडी, झालावाड़ (राजस्थान)** | | | | | |
| गुलरेज वाकारी | XXXXXXXXXXX3031 | ₹ 3,15,694.50 | 19-12-2025 | 62.400 | 40.000 |
| गिरिजा व्यास | XXXXXXXXXXX9234 | ₹ 1,86,096.00 | 09-02-2026 | 29.500 | 28.400 |
| जनमेजय राठौर | XXXXXXXXXXX1089 | ₹ 1,22,705.00 | 20-03-2026 | 17.200 | 14.000 |
| गजराज | XXXXXXXXXXX8535 | ₹ 1,13,662.00 | 09-03-2026 | 21.800 | 18.000 |
| **शाखा कार्यालय:- भुवाना** | | | | | |
| नरेश | XXXXXXXXXXX7418 | ₹ 2,50,561.00 | 24-03-2025 | 252.900 | 60.000 |
| **शाखा कार्यालय:- बीकानेर (राजस्थान)** | | | | | |
| जय शंकर ओझा | XXXXXXXXXXX3200 | ₹ 4,01,791.00 | 16-11-2025 | 118.450 | 84.000 |
| सकीना बानो | XXXXXXXXXXX8285 | ₹ 2,19,427.00 | 05-06-2025 | 52.500 | 42.500 |
| **शाखा कार्यालय:- बिलाड़ा (राजस्थान)** | | | | | |
| मुरलीधर गौड़ | XXXXXXXXXXX2527 | ₹ 3,28,615.00 | 24-03-2025 | 222.500 | 80.000 |
| भारत राम | XXXXXXXXXXX1332 | ₹ 2,08,011.00 | 10-01-2026 | 43.600 | 34.000 |
| महीपाल राम | XXXXXXXXXXX8417 | ₹ 1,35,750.00 | 09-03-2026 | 69.900 | 21.700 |
| **शाखा कार्यालय:- बोरानाडा, बाड़मेर (राजस्थान)** | | | | | |
| गणपत सिंह | XXXXXXXXXXX7216 | ₹ 3,57,203.00 | 12-02-2026 | 92.400 | 62.000 |
| **शाखा कार्यालय:- बूंदी (राजस्थान)** | | | | | |
| सुखवंत कौर | XXXXXXXXXXX5130 | ₹ 22,95,020.20 | 09-03-2026 | 286.300 | 260.600 |
| द्वारिका गुर्जर | XXXXXXXXXXX1810 | ₹ 2,44,430.03 | 20-03-2026 | 46.400 | 45.200 |
| **शाखा कार्यालय:- चिड़ावा (राजस्थान)** | | | | | |
| उम्मेद सिंह | XXXXXXXXXXX0648 | ₹ 19,04,770.93 | 19-03-2026 | 294.700 | 217.300 |
| उम्मेद सिंह | XXXXXXXXXXX2275 | ₹ 14,69,362.00 | 19-03-2026 | 197.600 | 169.000 |
| खुशबू | XXXXXXXXXXX3091 | ₹ 9,74,214.00 | 19-03-2026 | 177.600 | 149.000 |
| सुनील सोनी | XXXXXXXXXXX9638 | ₹ 6,18,126.00 | 20-07-2024 | 123.900 | 113.000 |
| कुलदीप सिंह | XXXXXXXXXXX4842 | ₹ 2,13,480.00 | 27-10-2025 | 187.700 | 44.900 |
| मधु | XXXXXXXXXXX1771 | ₹ 1,09,103.00 | 19-03-2026 | 14.900 | 14.000 |
| **शाखा कार्यालय:- चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)** | | | | | |
| कर्मवीर सिंह पुरावत | XXXXXXXXXXX4259 | ₹ 18,08,440.00 | 10-12-2025 | 722.000 | 371.000 |
| पवित सिंह सलूजा | XXXXXXXXXXX5677 | ₹ 10,19,260.00 | 10-01-2026 | 135.000 | 128.500 |
| रूबी तोमर | XXXXXXXXXXX5031 | ₹ 3,21,287.00 | 10-12-2025 | 64.800 | 58.100 |
| गोपाल सिंह चौहान | XXXXXXXXXXX4609 | ₹ 3,23,456.83 | 09-02-2026 | 127.700 | 62.100 |
| पूजा सलूजा | XXXXXXXXXXX1965 | ₹ 3,16,703.00 | 10-01-2026 | 55.200 | 51.000 |
| रणवीर सिंह | XXXXXXXXXXX4048 | ₹ 83,552.80 | 10-01-2026 | 72.900 | 33.700 |
| सतीश अग्रवाल | XXXXXXXXXXX6564 | ₹ 2,10,394.00 | 06-08-2025 | 86.300 | 42.200 |
| कंकू देवी गुर्जर | XXXXXXXXXXX8155 | ₹ 76,978.00 | 19-03-2026 | 18.300 | 10.000 |
| **शाखा कार्यालय:- चोपासनी रोड शाखा, जोधपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| प्रियंका मेहता | XXXXXXXXXXX8827 | ₹ 9,85,078.00 | 19-12-2025 | 192.100 | 124.400 |
| कपिल देव | XXXXXXXXXXX5234 | ₹ 89,135.00 | 10-12-2025 | 28.460 | 13.000 |
| मिरो | XXXXXXXXXXX0058 | ₹ 74,784.00 | 16-02-2026 | 29.470 | 13.770 |
| **शाखा कार्यालय:- चूरू (राजस्थान)** | | | | | |
| कमल कुमार | XXXXXXXXXXX5574 | ₹ 5,48,683.00 | 31-07-2025 | 127.100 | 105.000 |
| **शाखा कार्यालय:- सिविल लाइंस, जयपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| अभिषेक शर्मा | XXXXXXXXXXX9453 | ₹ 21,08,385.00 | 09-03-2026 | 281.400 | 270.300 |
| **शाखा कार्यालय:- दौसा (राजस्थान)** | | | | | |
| अजय सिंह चौहान | XXXXXXXXXXX8969 | ₹ 2,92,606.00 | 09-03-2026 | 37.700 | 35.700 |
| पिताम बाई | XXXXXXXXXXX8743 | ₹ 58,622.00 | 27-10-2025 | 10.100 | 9.700 |
| **शाखा कार्यालय:- डीग (राजस्थान)** | | | | | |
| राजेंद्र | XXXXXXXXXXX5838 | ₹ 1,43,975.00 | 09-02-2026 | 28.100 | 27.400 |
| ओम प्रकाश | XXXXXXXXXXX3349 | ₹ 75,633.00 | 09-02-2026 | 16.500 | 13.200 |
| **शाखा कार्यालय:- धौलपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| मीरा | XXXXXXXXXXX0667 | ₹ 2,76,382.00 | 09-03-2026 | 50.500 | 48.400 |
| **शाखा कार्यालय:- डीडवाना (राजस्थान)** | | | | | |
| मोहम्मद इकराम गौरी | XXXXXXXXXXX0620 | ₹ 4,06,529.00 | 19-03-2026 | 89.100 | 86.000 |
| रामस्वरूप जांगिड़ | XXXXXXXXXXX0282 | ₹ 6,45,094.49 | 09-03-2026 | 147.600 | 103.500 |
| अरविंद सिंह | XXXXXXXXXXX0120 | ₹ 5,19,329.00 | 19-03-2026 | 303.900 | 117.500 |
| बोदू राम | XXXXXXXXXXX2829 | ₹ 51,715.00 | 19-03-2026 | 7.000 | 6.500 |
| प्रेम सिंह | XXXXXXXXXXX1022 | ₹ 3,03,570.00 | 09-03-2026 | 96.100 | 53.000 |
| सुरेश कुमार | XXXXXXXXXXX5850 | ₹ 2,67,168.00 | 09-03-2026 | 57.100 | 41.000 |
| करण सिंह | XXXXXXXXXXX9371 | ₹ 2,37,494.00 | 19-03-2026 | 131.600 | 42.000 |
| जाकिर हुसैन | XXXXXXXXXXX2975 | ₹ 2,29,289.00 | 09-03-2026 | 48.100 | 37.000 |
| सुमन गंदाश | XXXXXXXXXXX8988 | ₹ 1,22,544.00 | 19-03-2026 | 30.900 | 20.900 |
| मनोज कुमार | XXXXXXXXXXX3675 | ₹ 1,95,529.92 | 09-03-2026 | 68.000 | 38.000 |
| रामेश्वर राम | XXXXXXXXXXX3710 | ₹ 1,06,889.00 | 19-03-2026 | 29.700 | 19.700 |
| **शाखा कार्यालय:- डूंगरपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| माया परगी | XXXXXXXXXXX2196 | ₹ 1,60,894.68 | 09-03-2026 | 19.600 | 19.200 |
| **शाखा कार्यालय:- फतेहपुर, जिला सीकर (राजस्थान)** | | | | | |
| महीपाल सिंह | XXXXXXXXXXX2245 | ₹ 6,23,908.00 | 10-01-2026 | 127.500 | 107.000 |
| सावित्री देवी | XXXXXXXXXXX2131 | ₹ 3,39,840.00 | 19-03-2026 | 95.000 | 59.200 |
| पवन कुमार | XXXXXXXXXXX4850 | ₹ 2,87,118.00 | 09-02-2026 | 80.500 | 52.000 |
| प्रेम सैनी | XXXXXXXXXXX6094 | ₹ 1,34,717.00 | 16-02-2026 | 15.700 | 15.200 |
| राजू | XXXXXXXXXXX5218 | ₹ 44,890.86 | 09-03-2026 | 13.100 | 9.600 |
| **शाखा कार्यालय:- गंगापुर सिटी (राजस्थान)** | | | | | |
| मनोज बैरवा | XXXXXXXXXXX1858 | ₹ 3,92,863.00 | 10-10-2023 | 102.600 | 80.000 |
| राजेश मीणा | XXXXXXXXXXX0633 | ₹ 3,78,348.00 | 30-03-2025 | 99.000 | 80.000 |
| असलम खान | XXXXXXXXXXX8978 | ₹ 3,93,494.00 | 30-05-2023 | 103.900 | 78.000 |
| कौशल कुमार मीणा | XXXXXXXXXXX5535 | ₹ 2,54,778.00 | 19-05-2025 | 195.200 | 60.000 |
| पिंटू लाल मीणा | XXXXXXXXXXX6412 | ₹ 1,04,690.49 | 09-02-2026 | 18.300 | 16.500 |
| महेंद्र पाल सुन्दर पाल | XXXXXXXXXXX4854 | ₹ 1,03,435.32 | 21-07-2025 | 24.900 | 23.600 |
| **शाखा कार्यालय:- ग्रेन मार्केट, जयपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| सुरजन मीणा | XXXXXXXXXXX4616 | ₹ 1,22,922.41 | 09-02-2026 | 30.700 | 21.500 |
| मंजू मीणा | XXXXXXXXXXX7244 | ₹ 84,918.00 | 27-10-2025 | 12.700 | 12.600 |
| **शाखा कार्यालय:- हनुमानगढ़ टाउन (राजस्थान)** | | | | | |
| पुष्पा | XXXXXXXXXXX3327 | ₹ 4,85,767.00 | 10-01-2026 | 78.300 | 76.100 |
| महेंद्र पाल | XXXXXXXXXXX5784 | ₹ 97,867.07 | 16-11-2025 | 19.200 | 18.200 |
| **शाखा कार्यालय:- हिरण मगरी, उदयपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| गजानंद खांडेकर | XXXXXXXXXXX3654 | ₹ 20,34,209.00 | 09-03-2026 | 296.100 | 261.000 |
| **शाखा कार्यालय:- जयपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| सुमन राजावत | XXXXXXXXXXX1704 | ₹ 13,26,234.00 | 23-01-2026 | 462.000 | 304.400 |
| सुमन राजावत | XXXXXXXXXXX2011 | ₹ 12,26,460.00 | 10-12-2025 | 455.100 | 269.900 |
| श्री सुनील | XXXXXXXXXXX5135 | ₹ 2,89,548.00 | 19-03-2026 | 32.900 | 31.900 |
| **शाखा कार्यालय:- झालावाड़ (राजस्थान)** | | | | | |
| सीता राम रावल | XXXXXXXXXXX4110 | ₹ 2,55,958.00 | 08-05-2024 | 70.400 | 45.400 |
| कमलेश गहलोत | XXXXXXXXXXX6267 | ₹ 2,53,332.00 | 08-05-2024 | 66.800 | 44.800 |
| चौथमल मीणा | XXXXXXXXXXX0577 | ₹ 1,13,496.00 | 08-05-2024 | 30.100 | 19.100 |
| चौथमल मीणा | XXXXXXXXXXX0725 | ₹ 1,36,347.00 | 08-05-2024 | 23.400 | 22.000 |
| **शाखा कार्यालय:- झोटवाड़ा, जयपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| नरेंद्र खिड़िया | XXXXXXXXXXX4171 | ₹ 3,38,868.00 | 09-02-2026 | 177.000 | 48.000 |
| सविता यादव | XXXXXXXXXXX8828 | ₹ 3,04,183.00 | 16-02-2026 | 40.600 | 39.100 |
| सुरेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXX0359 | ₹ 3,15,639.00 | 27-09-2025 | 100.200 | 62.800 |
| गजेंद्र सिंह राजावत | XXXXXXXXXXX3013 | ₹ 1,14,416.00 | 31-07-2025 | 21.700 | 20.400 |
| **शाखा कार्यालय:- जोधपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| रिंकल हंस | XXXXXXXXXXX6931 | ₹ 1,26,712.00 | 27-10-2025 | 34.800 | 23.100 |
| मोहन राम | XXXXXXXXXXX6615 | ₹ 73,183.00 | 16-11-2025 | 11.400 | 11.200 |
| **शाखा कार्यालय:- कालवाड़ रोड, जयपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| सुमन कंवर | XXXXXXXXXXX3939 | ₹ 10,26,181.00 | 19-03-2026 | 249.800 | 121.100 |
| रुचिका राव | XXXXXXXXXXX5976 | ₹ 53,523.00 | 09-02-2026 | 6.300 | 5.950 |
| **शाखा कार्यालय:- करौली (राजस्थान)** | | | | | |
| कपिल पराशर | XXXXXXXXXXX4979 | ₹ 13,22,037.00 | 20-03-2026 | 389.800 | 338.600 |
| शिवराज मीणा | XXXXXXXXXXX2158 | ₹ 2,64,692.24 | 09-03-2026 | 153.100 | 122.500 |
| योगेश गुर्जर | XXXXXXXXXXX6197 | ₹ 8,65,146.00 | 09-03-2026 | 160.400 | 138.500 |
| अभिषेक कुमार गौर | XXXXXXXXXXX4740 | ₹ 1,59,370.00 | 09-03-2026 | 24.200 | 21.000 |
| सुमरन सिंह | XXXXXXXXXXX4576 | ₹ 5,12,358.00 | 09-03-2026 | 60.000 | 59.000 |
| रीना मीणा | XXXXXXXXXXX9021 | ₹ 3,81,671.00 | 09-03-2026 | 59.500 | 57.100 |
| राजकुमार चतुर्वेदी | XXXXXXXXXXX1216 | ₹ 3,18,898.10 | 19-03-2026 | 52.900 | 50.500 |
| विनोद कुमार बैरवा | XXXXXXXXXXX9356 | ₹ 1,38,344.00 | 09-03-2026 | 23.000 | 21.500 |
| **शाखा कार्यालय:- केकड़ी (राजस्थान)** | | | | | |
| गणपत सिंह | XXXXXXXXXXX6762 | ₹ 62,571.00 | 20-11-2024 | 21.500 | 13.000 |
| शंकर सिंह | XXXXXXXXXXX6355 | ₹ 57,297.00 | 06-01-2025 | 21.200 | 13.000 |
| **शाखा कार्यालय:- खैरथल (राजस्थान)** | | | | | |
| पूनम | XXXXXXXXXXX9507 | ₹ 9,47,035.00 | 09-02-2026 | 417.800 | 226.200 |
| पूनम | XXXXXXXXXXX2957 | ₹ 3,38,708.00 | 16-02-2026 | 73.900 | 51.600 |
| सपना | XXXXXXXXXXX3000 | ₹ 8,99,597.00 | 09-03-2026 | 111.600 | 109.800 |
| आशीष | XXXXXXXXXXX9297 | ₹ 5,52,257.00 | 09-02-2026 | 69.900 | 67.700 |
| सतीश कुमार यादव | XXXXXXXXXXX1191 | ₹ 4,55,807.98 | 16-11-2025 | 74.800 | 72.100 |
| सुनील दत्त | XXXXXXXXXXX2165 | ₹ 3,80,005.34 | 09-03-2026 | 59.800 | 59.000 |
| बॉबिन सिंह | XXXXXXXXXXX3348 | ₹ 3,18,359.00 | 10-12-2025 | 72.200 | 51.100 |
| अनीता | XXXXXXXXXXX2514 | ₹ 3,09,847.00 | 27-10-2025 | 48.000 | 47.300 |
| नरेश चंद | XXXXXXXXXXX3604 | ₹ 2,68,764.00 | 19-03-2026 | 29.400 | 28.800 |
| राजकुमार | XXXXXXXXXXX2464 | ₹ 2,60,494.11 | 09-03-2026 | 38.200 | 37.900 |
| यशवंत | XXXXXXXXXXX9192 | ₹ 2,13,495.42 | 27-10-2025 | 36.800 | 34.200 |
| सुशीला देवी | XXXXXXXXXXX7398 | ₹ 1,85,387.92 | 16-11-2025 | 28.700 | 28.400 |
| बिल्लू राम | XXXXXXXXXXX8487 | ₹ 1,33,103.00 | 10-01-2026 | 21.700 | 21.300 |
| रानी | XXXXXXXXXXX7054 | ₹ 1,19,050.50 | 09-02-2026 | 20.900 | 20.600 |
| अनिल कुमार | XXXXXXXXXXX7375 | ₹ 1,18,744.00 | 12-02-2026 | 14.600 | 14.400 |
| सरजीत | XXXXXXXXXXX5836 | ₹ 57,547.43 | 16-06-2025 | 10.500 | 10.400 |
| **शाखा कार्यालय:- खंडेला (राजस्थान)** | | | | | |
| धूरा राम | XXXXXXXXXXX7657 | ₹ 12,42,891.00 | 19-03-2026 | 197.600 | 162.100 |
| सुरेश कुमार | XXXXXXXXXXX5986 | ₹ 7,17,043.57 | 09-02-2026 | 94.900 | 94.000 |
| सुरेश कुमार | XXXXXXXXXXX6361 | ₹ 1,67,150.00 | 09-02-2026 | 50.000 | 21.500 |
| सुशीला कुमारी | XXXXXXXXXXX4695 | ₹ 3,24,583.60 | 09-02-2026 | 205.500 | 45.000 |
| रबिया खान खोखर | XXXXXXXXXXX8338 | ₹ 6,44,859.18 | 19-12-2025 | 185.000 | 142.500 |
| सुरेश कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX0894 | ₹ 5,10,402.00 | 10-01-2026 | 108.200 | 103.800 |
| संत्रा देवी | XXXXXXXXXXX7222 | ₹ 2,70,700.00 | 10-01-2026 | 46.300 | 41.800 |
| पिंकी देवी | XXXXXXXXXXX4405 | ₹ 2,30,321.75 | 10-12-2025 | 42.100 | 40.200 |
| दीपक कुमार पंसारी | XXXXXXXXXXX8912 | ₹ 2,06,750.42 | 09-03-2026 | 63.800 | 50.000 |
| मनोज कुमार | XXXXXXXXXXX7402 | ₹ 1,63,724.00 | 19-03-2026 | 29.400 | 25.700 |
| पूनम स्वामी | XXXXXXXXXXX6776 | ₹ 1,52,551.00 | 10-01-2026 | 24.300 | 23.400 |
| मंजू देवी | XXXXXXXXXXX5069 | ₹ 37,245.17 | 10-12-2025 | 30.800 | 30.000 |
| मंजू देवी | XXXXXXXXXXX9461 | ₹ 1,13,667.00 | 09-03-2026 | 19.500 | 19.000 |
| भोला राम मीणा | XXXXXXXXXXX0196 | ₹ 1,13,131.99 | 10-01-2026 | 44.800 | 24.500 |
| दीपक कुमार सेवीलिया | XXXXXXXXXXX8098 | ₹ 59,323.00 | 12-02-2026 | 9.300 | 9.100 |
| दीपक कुमार सेवीलिया | XXXXXXXXXXX6388 | ₹ 39,750.00 | 10-01-2026 | 6.200 | 6.000 |
| गुलाब कंवर | XXXXXXXXXXX9350 | ₹ 93,511.00 | 10-12-2025 | 32.000 | 19.200 |
| पिंकी देवी | XXXXXXXXXXX3138 | ₹ 81,471.25 | 19-03-2026 | 13.300 | 12.800 |
| उर्मिला साई | XXXXXXXXXXX8753 | ₹ 54,400.00 | 04-11-2024 | 23.000 | 21.000 |
| वीरेंद्र वर्मा | XXXXXXXXXXX6575 | ₹ 15,165.00 | 16-05-2025 | 8.000 | 7.400 |
| **शाखा कार्यालय:- खानपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| सुनील सुमन | XXXXXXXXXXX6386 | ₹ 1,67,756.00 | 10-12-2025 | 30.800 | 25.600 |
| **शाखा कार्यालय:- खाटू श्यामजी (राजस्थान)** | | | | | |
| सुनीता कुमार | XXXXXXXXXXX8953 | ₹ 2,63,422.54 | 19-03-2026 | 35.500 | 34.400 |
| पप्पू राम | XXXXXXXXXXX2107 | ₹ 2,07,472.83 | 09-03-2026 | 63.200 | 42.700 |
| मीरा देवी | XXXXXXXXXXX1959 | ₹ 2,11,047.00 | 17-10-2025 | 40.300 | 37.000 |
| भोपाल सिंह | XXXXXXXXXXX7815 | ₹ 1,93,035.00 | 12-12-2025 | 152.600 | 40.000 |
| मीना कुमावत | XXXXXXXXXXX0508 | ₹ 1,59,440.00 | 12-12-2025 | 35.700 | 32.200 |
| मंजू कंवर | XXXXXXXXXXX6756 | ₹ 87,220.53 | 09-03-2026 | 21.600 | 11.600 |
| **शाखा कार्यालय:- खेड़ली (राजस्थान)** | | | | | |
| ओमप्रकाश शर्मा | XXXXXXXXXXX9987 | ₹ 2,55,114.00 | 10-01-2026 | 57.300 | 44.680 |
| तीर्थ राज | XXXXXXXXXXX6959 | ₹ 5,97,759.00 | 09-02-2026 | 77.200 | 75.300 |
| हेतराम जाट | XXXXXXXXXXX0974 | ₹ 3,37,770.00 | 10-12-2025 | 52.500 | 48.800 |
| कुलवंत सिंह | XXXXXXXXXXX9757 | ₹ 1,68,211.36 | 19-03-2026 | 30.700 | 28.500 |
| हाकलेश मीणा | XXXXXXXXXXX6167 | ₹ 2,61,216.00 | 19-03-2026 | 39.200 | 36.100 |
| रामवीर सिंह यादव | XXXXXXXXXXX1129 | ₹ 1,87,929.85 | 23-01-2026 | 33.800 | 32.000 |
| पूरन सिंह | XXXXXXXXXXX9981 | ₹ 90,393.00 | 09-03-2026 | 16.000 | 11.400 |
| ललता | XXXXXXXXXXX5084 | ₹ 1,65,767.00 | 16-02-2026 | 21.300 | 20.700 |
| ललित कुमार | XXXXXXXXXXX4676 | ₹ 1,65,583.00 | 09-03-2026 | 19.900 | 19.600 |
| रिंकी मीणा | XXXXXXXXXXX8670 | ₹ 1,64,713.00 | 06-11-2025 | 29.300 | 26.700 |
| पुष्पेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXX5012 | ₹ 1,31,532.00 | 19-03-2026 | 25.000 | 23.700 |
| अर्चना शर्मा | XXXXXXXXXXX9500 | ₹ 84,967.00 | 20-03-2026 | 12.000 | 11.500 |
| **शाखा कार्यालय:- किशनगढ़, जिला अजमेर (राजस्थान)** | | | | | |
| करण सिंह | XXXXXXXXXXX0500 | ₹ 9,08,545.19 | 23-01-2026 | 160.900 | 118.400 |
| सुरेश मेहला | XXXXXXXXXXX2163 | ₹ 15,58,493.00 | 19-03-2026 | 207.300 | 165.000 |
| कृष्णा कंवर | XXXXXXXXXXX4341 | ₹ 6,93,907.00 | 09-02-2026 | 180.100 | 97.300 |
| इंद्रा देवी | XXXXXXXXXXX7951 | ₹ 4,21,797.00 | 09-02-2026 | 68.100 | 53.000 |
| राजेश कड़वा | XXXXXXXXXXX9356 | ₹ 2,53,041.00 | 10-01-2026 | 120.200 | 36.700 |
| चुन्नी लाल | XXXXXXXXXXX3157 | ₹ 2,08,583.00 | 10-01-2026 | 80.700 | 32.000 |
| आनंद सिंह | XXXXXXXXXXX1961 | ₹ 1,75,073.00 | 20-07-2024 | 60.200 | 38.000 |
| **शाखा कार्यालय:- कोटा (राजस्थान)** | | | | | |
| नम्रता शुक्ला | XXXXXXXXXXX2333 | ₹ 10,61,871.00 | 19-03-2026 | 143.800 | 128.000 |
| सुनीता व्यास | XXXXXXXXXXX2744 | ₹ 51,297.00 | 06-11-2025 | 24.400 | 17.500 |
| हनुमान | XXXXXXXXXXX0088 | ₹ 3,50,713.00 | 09-02-2026 | 88.400 | 58.600 |
| बबली | XXXXXXXXXXX9267 | ₹ 3,05,579.01 | 19-03-2026 | 34.600 | 32.900 |
| पवन कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX5558 | ₹ 2,72,359.00 | 16-02-2026 | 47.100 | 43.600 |
| मनोज कुमार | XXXXXXXXXXX5988 | ₹ 2,19,745.00 | 09-03-2026 | 43.400 | 26.100 |
| रामावतार मालव | XXXXXXXXXXX6140 | ₹ 1,61,355.00 | 19-03-2026 | 23.100 | 20.000 |
| बबीता दास | XXXXXXXXXXX3951 | ₹ 36,467.00 | 09-02-2026 | 6.900 | 6.000 |
| **शाखा कार्यालय:- कुचामन सिटी (राजस्थान)** | | | | | |
| विजय कुमार बुगालिया | XXXXXXXXXXX7039 | ₹ 5,16,431.78 | 09-03-2026 | 130.600 | 87.000 |
| देबू राम | XXXXXXXXXXX9685 | ₹ 3,60,468.70 | 16-02-2026 | 93.500 | 59.000 |
| देबू राम | XXXXXXXXXXX7367 | ₹ 98,500.00 | 09-03-2026 | 15.300 | 12.300 |
| **शाखा कार्यालय:- लक्ष्मणगढ़ (राजस्थान)** | | | | | |
| सुनीता कंवर | XXXXXXXXXXX0300 | ₹ 2,73,181.50 | 06-11-2025 | 95.600 | 48.400 |
| प्रमोद कुमार | XXXXXXXXXXX5894 | ₹ 1,64,330.00 | 09-02-2026 | 25.200 | 21.000 |
| मनोज कुमार | XXXXXXXXXXX5678 | ₹ 77,164.00 | 10-01-2026 | 44.100 | 15.000 |
| कन्हैया लाल सैनी | XXXXXXXXXXX1735 | ₹ 60,493.00 | 20-03-2026 | 8.000 | 7.500 |
| **शाखा कार्यालय:- लालसोट (राजस्थान)** | | | | | |
| अभिषेक कामदार | XXXXXXXXXXX5256 | ₹ 18,46,600.50 | 10-01-2026 | 345.600 | 335.500 |
| राकेश सैनी | XXXXXXXXXXX6625 | ₹ 2,35,021.00 | 09-03-2026 | 33.600 | 28.200 |
| राजेश कुमार मीणा | XXXXXXXXXXX2785 | ₹ 1,77,033.00 | 09-02-2026 | 31.100 | 29.000 |
| **शाखा कार्यालय:- लोसल, जिला सीकर (राजस्थान)** | | | | | |
| कमला देवी | XXXXXXXXXXX2090 | ₹ 6,40,146.00 | 09-03-2026 | 327.200 | 127.900 |
| पूजा कंवर | XXXXXXXXXXX2337 | ₹ 3,69,018.00 | 09-03-2026 | 114.100 | 60.500 |
| सरोज देवी | XXXXXXXXXXX7164 | ₹ 2,92,942.99 | 10-12-2025 | 53.300 | 47.000 |
| तनवर सिंह | XXXXXXXXXXX3290 | ₹ 2,32,664.40 | 19-03-2026 | 125.000 | 43.000 |
| संतोष कंवर | XXXXXXXXXXX7203 | ₹ 2,07,971.42 | 09-02-2026 | 125.200 | 45.000 |
| दीप सिंह शेखावत | XXXXXXXXXXX8500 | ₹ 1,53,801.00 | 19-12-2025 | 19.300 | 19.100 |
| **शाखा कार्यालय:- महवा (राजस्थान)** | | | | | |
| चेतन कुमार जांगिड़ | XXXXXXXXXXX5384 | ₹ 6,52,281.00 | 08-05-2024 | 139.500 | 136.000 |
| लवकुश सिंह | XXXXXXXXXXX7035 | ₹ 2,89,816.00 | 22-03-2024 | 94.200 | 72.000 |
| **शाखा कार्यालय:- मालवीय नगर, जयपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| पप्पी सैनी | XXXXXXXXXXX9065 | ₹ 3,36,922.00 | 28-12-2023 | 89.370 | 88.500 |
| **शाखा कार्यालय:- मंडावा (राजस्थान)** | | | | | |
| मोहम्मद साहिल | XXXXXXXXXXX2044 | ₹ 6,69,137.00 | 23-01-2026 | 115.300 | 106.300 |
| मुस्कान दोआरिफ | XXXXXXXXXXX2186 | ₹ 6,15,079.91 | 09-02-2026 | 110.000 | 109.100 |
| **शाखा कार्यालय:- मेड़ता सिटी (राजस्थान)** | | | | | |
| सुमित्रा | XXXXXXXXXXX7492 | ₹ 11,20,036.95 | 09-02-2026 | 228.300 | 143.000 |
| श्याम पुनिया | XXXXXXXXXXX6033 | ₹ 4,42,706.00 | 12-02-2026 | 84.800 | 59.000 |
| दिनेश कुमार | XXXXXXXXXXX8567 | ₹ 4,40,529.00 | 09-03-2026 | 127.300 | 77.500 |
| राजेंद्र | XXXXXXXXXXX7197 | ₹ 3,16,886.32 | 09-03-2026 | 82.200 | 48.000 |
| संतोष कंवर | XXXXXXXXXXX6247 | ₹ 2,60,679.95 | 10-12-2025 | 248.400 | 50.000 |
| महेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXX0844 | ₹ 2,45,455.00 | 09-03-2026 | 202.500 | 51.200 |
| सुरेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXX7369 | ₹ 2,16,348.00 | 09-03-2026 | 280.000 | 56.000 |
| महावीर | XXXXXXXXXXX8705 | ₹ 1,25,060.00 | 16-02-2026 | 41.400 | 23.000 |
| मनीराम मेघवाल | XXXXXXXXXXX2190 | ₹ 99,584.00 | 23-01-2026 | 71.500 | 25.000 |
| मंजू देवी | XXXXXXXXXXX3243 | ₹ 90,626.00 | 27-10-2025 | 60.100 | 17.000 |
| पूना राम | XXXXXXXXXXX5476 | ₹ 73,636.04 | 09-03-2026 | 11.500 | 10.000 |
| सांवरा राम | XXXXXXXXXXX0373 | ₹ 67,719.00 | 10-12-2025 | 56.600 | 16.000 |
| इंसाफ खान | XXXXXXXXXXX7127 | ₹ 28,609.00 | 01-11-2025 | 48.800 | 39.000 |
| **शाखा कार्यालय:- मुकुंदगढ़ (राजस्थान)** | | | | | |
| दिनेश कुमार मीणा | XXXXXXXXXXX2159 | ₹ 3,95,518.00 | 09-03-2026 | 66.000 | 49.400 |
| कविता देवी | XXXXXXXXXXX6325 | ₹ 2,59,981.00 | 10-01-2026 | 44.500 | 41.900 |
| **शाखा कार्यालय:- मुरलीपुरा, जयपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| कमलेश सोनी | XXXXXXXXXXX5281 | ₹ 4,01,805.00 | 08-05-2024 | 470.800 | 114.900 |
| नीतू सोनी | XXXXXXXXXXX5542 | ₹ 2,88,356.00 | 15-02-2024 | 263.200 | 81.300 |
| राज | XXXXXXXXXXX9358 | ₹ 91,004.00 | 30-03-2025 | 17.400 | 17.000 |
| **शाखा कार्यालय:- नदबई (राजस्थान)** | | | | | |
| विनोद सिंह | XXXXXXXXXXX5065 | ₹ 3,37,641.00 | 10-10-2023 | 70.600 | 70.000 |
| **शाखा कार्यालय:- नगर (राजस्थान)** | | | | | |
| खगेन्द्र शर्मा | XXXXXXXXXXX2482 | ₹ 19,63,593.61 | 09-03-2026 | 374.200 | 355.000 |
| कैलाशी | XXXXXXXXXXX2338 | ₹ 9,30,847.00 | 27-09-2025 | 193.900 | 150.000 |
| लोकेश गोयल | XXXXXXXXXXX6566 | ₹ 6,31,027.00 | 09-03-2026 | 178.000 | 96.000 |
| दीनदयाल | XXXXXXXXXXX3393 | ₹ 5,11,581.00 | 19-03-2026 | 105.000 | 102.300 |
| संतवीर | XXXXXXXXXXX6201 | ₹ 5,15,859.00 | 27-01-2026 | 93.000 | 88.400 |
| योगेश कुमार | XXXXXXXXXXX5370 | ₹ 4,32,995.58 | 09-03-2026 | 66.900 | 49.500 |
| कपिल कुमार | XXXXXXXXXXX6846 | ₹ 4,63,216.00 | 20-11-2023 | 106.300 | 105.000 |
| राजेंद्र | XXXXXXXXXXX5882 | ₹ 3,12,233.00 | 09-02-2026 | 41.100 | 38.900 |
| सपना देवी | XXXXXXXXXXX9469 | ₹ 3,06,209.56 | 19-03-2026 | 65.400 | 36.000 |
| प्रमोद कुमार | XXXXXXXXXXX5829 | ₹ 3,09,959.00 | 16-06-2025 | 60.700 | 57.300 |
| मुकेश कुमार | XXXXXXXXXXX9477 | ₹ 2,63,217.65 | 09-02-2026 | 35.900 | 34.500 |
| विमलेश | XXXXXXXXXXX3078 | ₹ 2,32,310.00 | 09-03-2026 | 35.200 | 35.000 |
| हेमराज सिंह | XXXXXXXXXXX8323 | ₹ 2,28,778.00 | 10-01-2026 | 31.500 | 29.100 |
| कुंवर सिंह | XXXXXXXXXXX7037 | ₹ 2,18,132.00 | 23-01-2026 | 29.300 | 29.000 |
| बंदना | XXXXXXXXXXX9217 | ₹ 91,679.14 | 10-12-2025 | 22.500 | 17.000 |
| कुलदीप सिंह | XXXXXXXXXXX3194 | ₹ 79,187.00 | 09-02-2026 | 13.500 | 13.000 |
| जसरत | XXXXXXXXXXX2145 | ₹ 76,668.00 | 09-03-2026 | 16.800 | 14.500 |
| **शाखा कार्यालय:- नई सड़क, जोधपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| राकेश सौ | XXXXXXXXXXX8794 | ₹ 2,38,429.00 | 09-03-2026 | 58.600 | 32.700 |
| ललित सोनी | XXXXXXXXXXX1169 | ₹ 91,841.00 | 29-09-2023 | 109.500 | 23.000 |
| **शाखा कार्यालय:- नाथद्वारा (राजस्थान)** | | | | | |
| हरीश कुमार लोहार | XXXXXXXXXXX4131 | ₹ 98,523.00 | 09-03-2026 | 13.900 | 13.500 |
| हरी सिंह सोलंकी | XXXXXXXXXXX8152 | ₹ 48,191.00 | 10-12-2025 | 7.600 | 7.000 |
| **शाखा कार्यालय:- नीम का थाना, सीकर (राजस्थान)** | | | | | |
| गायत्री देवी | XXXXXXXXXXX6144 | ₹ 13,99,047.07 | 09-02-2026 | 241.600 | 177.600 |
| अनीता कंवर | XXXXXXXXXXX5670 | ₹ 6,11,764.00 | 19-03-2026 | 100.300 | 83.000 |
| श्याम सुंदर | XXXXXXXXXXX9365 | ₹ 5,06,324.00 | 27-09-2025 | 230.000 | 83.000 |
| प्रकाश चंद सैनी | XXXXXXXXXXX8763 | ₹ 3,97,905.00 | 09-02-2026 | 83.400 | 59.100 |
| बजरंग लाल गुर्जर | XXXXXXXXXXX0179 | ₹ 2,85,309.00 | 09-03-2026 | 41.000 | 37.000 |
| किशन लाल सैनी | XXXXXXXXXXX8299 | ₹ 2,59,350.39 | 16-11-2025 | 63.700 | 41.000 |
| रमेश कुमार | XXXXXXXXXXX1413 | ₹ 2,28,596.35 | 10-01-2026 | 262.700 | 53.000 |
| सुशीला देवी | XXXXXXXXXXX2510 | ₹ 2,72,945.00 | 27-07-2025 | 82.800 | 54.800 |
| सुशमा देवी | XXXXXXXXXXX1337 | ₹ 1,33,225.00 | 09-03-2026 | 16.300 | 15.000 |
| **शाखा कार्यालय:- नेहरू प्लेस, भीलवाड़ा (राजस्थान)** | | | | | |
| प्रहलाद मीणा | XXXXXXXXXXX8991 | ₹ 1,46,279.00 | 10-12-2025 | 22.300 | 20.010 |
| **शाखा कार्यालय:- निवाई (राजस्थान)** | | | | | |
| चंदन | XXXXXXXXXXX8416 | ₹ 70,710.36 | 10-12-2025 | 14.180 | 13.870 |
| **शाखा कार्यालय:- निम्बाहेड़ा (राजस्थान)** | | | | | |
| प्रेमचंद्र | XXXXXXXXXXX1857 | ₹ 8,28,164.00 | 09-03-2026 | 186.800 | 178.100 |
| मनीष अहीर | XXXXXXXXXXX0419 | ₹ 1,02,809.00 | 16-02-2026 | 13.700 | 13.100 |
| राज करण | XXXXXXXXXXX0826 | ₹ 41,247.00 | 10-01-2026 | 7.400 | 7.200 |
| **शाखा कार्यालय:- निर्माण नगर, जयपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| चेतन विजय | XXXXXXXXXXX4582 | ₹ 3,27,145.00 | 09-02-2026 | 59.000 | 55.400 |
| **शाखा कार्यालय:- नोखा (राजस्थान)** | | | | | |
| विनीता कंवर | XXXXXXXXXXX3234 | ₹ 2,38,225.00 | 09-03-2026 | 37.700 | 31.600 |
| हुकम सिंह राजपूत | XXXXXXXXXXX9677 | ₹ 1,98,379.00 | 06-11-2025 | 181.500 | 40.000 |
| जगदीश | XXXXXXXXXXX0708 | ₹ 85,529.00 | 19-03-2026 | 24.000 | 19.000 |
| नेमचंद | XXXXXXXXXXX3069 | ₹ 82,816.00 | 10-01-2026 | 55.000 | 17.000 |
| **शाखा कार्यालय:- पावटा, जोधपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| हरीश सोनी | XXXXXXXXXXX1227 | ₹ 2,90,795.00 | 30-03-2025 | 199.500 | 62.000 |
| **शाखा कार्यालय:- फलोदी (राजस्थान)** | | | | | |
| अलबाराया | XXXXXXXXXXX6214 | ₹ 12,79,824.00 | 09-03-2026 | 566.000 | 341.000 |
| अलबाराया | XXXXXXXXXXX0097 | ₹ 8,90,446.00 | 09-03-2026 | 367.500 | 124.000 |
| जितेंद्र सिंह चौहान | XXXXXXXXXXX7490 | ₹ 5,09,039.61 | 16-02-2026 | 473.900 | 126.500 |
| विशाल सिंह राठौड़ | XXXXXXXXXXX1202 | ₹ 4,86,470.27 | 09-03-2026 | 308.700 | 84.500 |
| प्रवीन कुमार | XXXXXXXXXXX9648 | ₹ 9,73,824.00 | 19-03-2026 | 232.000 | 128.500 |
| पुष्पा कंवर | XXXXXXXXXXX2328 | ₹ 4,72,100.86 | 09-02-2026 | 401.500 | 101.000 |
| स्वाई दान चारण | XXXXXXXXXXX0095 | ₹ 3,29,335.00 | 19-03-2026 | 164.600 | 68.500 |
| वीरेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXX3337 | ₹ 2,49,355.00 | 09-02-2026 | 75.200 | 33.000 |
| अमराव हुसैन | XXXXXXXXXXX8623 | ₹ 2,07,483.26 | 09-03-2026 | 116.500 | 45.000 |
| देवी दास पुरोहित | XXXXXXXXXXX6543 | ₹ 53,475.00 | 27-09-2024 | 16.300 | 10.000 |
| **शाखा कार्यालय:- पिलानी (राजस्थान)** | | | | | |
| जितेंद्र कुमार | XXXXXXXXXXX5733 | ₹ 12,77,263.39 | 10-01-2026 | 276.500 | 220.000 |
| आशीष कुमार | XXXXXXXXXXX2114 | ₹ 2,37,739.00 | 09-03-2026 | 110.000 | 41.000 |
| द्रोपथी | XXXXXXXXXXX2735 | ₹ 1,17,084.00 | 09-02-2026 | 20.100 | 15.000 |
| **शाखा कार्यालय:- पीलीबंगा (राजस्थान)** | | | | | |
| कमल बिलांडी | XXXXXXXXXXX2017 | ₹ 5,58,536.00 | 09-02-2026 | 86.600 | 85.200 |
| पुष्प राम | XXXXXXXXXXX6248 | ₹ 3,06,840.00 | 27-10-2025 | 90.500 | 63.500 |
| **शाखा कार्यालय:- पीपार सिटी (राजस्थान)** | | | | | |
| घनश्याम | XXXXXXXXXXX8002 | ₹ 3,49,514.00 | 19-03-2026 | 96.700 | 58.200 |
| शक्ति सिंह | XXXXXXXXXXX3025 | ₹ 2,37,666.82 | 09-03-2026 | 145.700 | 46.000 |
| **शाखा कार्यालय:- पीपड़ली रोड (राजस्थान)** | | | | | |
| मोनिका | XXXXXXXXXXX8065 | ₹ 5,59,477.12 | 23-01-2026 | 96.900 | 93.000 |
| नवीन कुमार | XXXXXXXXXXX0543 | ₹ 5,58,770.20 | 23-02-2026 | 153.200 | 95.000 |
| ममता देवी | XXXXXXXXXXX4464 | ₹ 94,963.00 | 10-12-2025 | 30.700 | 18.800 |
| **शाखा कार्यालय:- प्रतापगढ़ (राजस्थान)** | | | | | |
| भवानी सिंह राणावत | XXXXXXXXXXX8054 | ₹ 19,49,405.06 | 08-05-2024 | 409.400 | 379.300 |
| अनीता कंवर चौहान | XXXXXXXXXXX7734 | ₹ 13,41,469.44 | 09-03-2026 | 264.600 | 234.100 |
| **शाखा कार्यालय:- राजीव गांधी स्कीम** | | | | | |
| राहुल सिंह | XXXXXXXXXXX5822 | ₹ 6,40,302.00 | 09-02-2026 | 235.370 | 110.000 |
| विनय अग्निहोत्री | XXXXXXXXXXX3075 | ₹ 2,57,799.00 | 20-03-2026 | 45.300 | 40.400 |
| सुनीता व्यास | XXXXXXXXXXX9577 | ₹ 3,98,884.00 | 16-06-2025 | 107.300 | 72.000 |
| हेमंत कुमार | XXXXXXXXXXX6405 | ₹ 2,88,221.00 | 23-01-2026 | 49.250 | 48.250 |
| हेमंत कुमार | XXXXXXXXXXX2963 | ₹ 70,915.00 | 23-01-2026 | 12.500 | 11.700 |
| दिनेश वर्मा | XXXXXXXXXXX2468 | ₹ 1,52,032.00 | 10-12-2025 | 54.040 | 27.990 |
| आशीष सिंह राजावत | XXXXXXXXXXX0136 | ₹ 1,38,154.16 | 10-01-2026 | 30.200 | 25.800 |
| **शाखा कार्यालय:- राजगढ़, अलवर (राजस्थान)** | | | | | |
| सुमन | XXXXXXXXXXX7605 | ₹ 8,56,957.68 | 09-02-2026 | 152.100 | 133.200 |
| घनश्याम सैनी | XXXXXXXXXXX0313 | ₹ 3,75,843.00 | 09-02-2026 | 89.800 | 65.700 |
| ऋतु शर्मा | XXXXXXXXXXX2124 | ₹ 5,05,205.00 | 16-02-2026 | 94.400 | 66.700 |
| आशीष सैनी | XXXXXXXXXXX4861 | ₹ 4,06,722.31 | 06-08-2025 | 156.900 | 129.800 |
| गायत्री देवी | XXXXXXXXXXX4359 | ₹ 3,11,642.00 | 12-12-2025 | 124.800 | 58.000 |
| सौरभ शर्मा | XXXXXXXXXXX6314 | ₹ 1,74,437.00 | 10-01-2026 | 24.200 | 23.300 |
| **शाखा कार्यालय:- राजगढ़, चूरू (राजस्थान)** | | | | | |
| सत्येंद्र सिंह | XXXXXXXXXXX5768 | ₹ 9,06,732.00 | 10-01-2026 | 283.200 | 153.500 |
| बाबू हुसैन | XXXXXXXXXXX1695 | ₹ 8,53,926.50 | 09-03-2026 | 147.200 | 129.200 |
| सुमेश कुमार | XXXXXXXXXXX8664 | ₹ 5,67,571.00 | 16-11-2025 | 101.500 | 100.000 |
| रामदेव सिंह | XXXXXXXXXXX9294 | ₹ 3,14,866.00 | 16-05-2025 | 151.000 | 65.000 |
| अभय | XXXXXXXXXXX8921 | ₹ 3,46,760.00 | 27-09-2025 | 66.300 | 62.000 |
| मनीष कुमार | XXXXXXXXXXX1577 | ₹ 2,90,540.00 | 27-09-2025 | 53.000 | 51.000 |
| सुदेश | XXXXXXXXXXX8920 | ₹ 2,24,152.00 | 12-02-2026 | 38.300 | 37.100 |
| तेजपाल सिंह | XXXXXXXXXXX2321 | ₹ 1,88,245.00 | 10-01-2026 | 37.600 | 34.000 |
| सत्य प्रकाश मीणा | XXXXXXXXXXX0186 | ₹ 1,42,294.00 | 17-10-2025 | 27.400 | 26.400 |
| मुनेश | XXXXXXXXXXX6332 | ₹ 1,36,295.00 | 12-09-2025 | 24.000 | 23.000 |
| हिमानी | XXXXXXXXXXX8764 | ₹ 94,974.27 | 09-03-2026 | 19.200 | 14.900 |
| **शाखा कार्यालय:- राजसमंद (राजस्थान)** | | | | | |
| भेरू लाल कुमावत | XXXXXXXXXXX9702 | ₹ 1,08,461.00 | 24-03-2025 | 30.200 | 22.500 |
| **शाखा कार्यालय:- रामगढ़ (राजस्थान)** | | | | | |
| राकेश देवी | XXXXXXXXXXX9929 | ₹ 1,11,596.10 | 19-03-2026 | 67.200 | 54.700 |
| अजय कुमार | XXXXXXXXXXX8958 | ₹ 4,10,417.00 | 09-02-2026 | 78.600 | 76.800 |
| **शाखा कार्यालय:- रतनगढ़ (राजस्थान)** | | | | | |
| श्यार कंवर | XXXXXXXXXXX8617 | ₹ 1,15,581.00 | 09-02-2026 | 69.400 | 28.000 |
| **शाखा कार्यालय:- रतनाडा, जोधपुर (राजस्थान)** | | | | | |
| असू देवी | XXXXXXXXXXX0765 | ₹ 1,77,337.00 | 10-01-2026 | 34.700 | 22.500 |
| उषा कंवर | XXXXXXXXXXX6615 | ₹ 1,03,107.00 | 27-10-2025 | 18.800 | 17.350 |
| परू | XXXXXXXXXXX5275 | ₹ 98,837.00 | 09-03-2026 | 38.200 | 14.000 |
| **शाखा कार्यालय:- रावतभाटा, कोटा (राजस्थान)** | | | | | |
| विकास मालव | XXXXXXXXXXX9544 | ₹ 5,71,110.00 | 19-03-2026 | 148.900 | 111.650 |
| गौतम बंकर | XXXXXXXXXXX2629 | ₹ 3,19,928.00 | 09-02-2026 | 43.000 | 42.100 |
| आरती कुशवाहा | XXXXXXXXXXX2088 | ₹ 1,95,715.00 | 10-12-2025 | 36.600 | 32.300 |
| सुंदर लाल धाकड़ | XXXXXXXXXXX1541 | ₹ 1,47,998.00 | 09-03-2026 | 24.400 | 18.400 |
| गजेंद्र | XXXXXXXXXXX8822 | ₹ 1,36,072.00 | 09-02-2026 | 27.400 | 27.200 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| टिकम चंद | XXXXXXXXXXX5078 | ₹ 94,046.00 | 16-02-2026 | 17.200 | 16.800 |
| नंद कंवर | XXXXXXXXXXX7404 | ₹ 85,081.00 | 19-12-2025 | 22.000 | 14.800 |
| तलात खान | XXXXXXXXXXX0532 | ₹ 70,364.00 | 23-01-2026 | 12.500 | 12.100 |
| **शाखा कार्यालय:- रावतसर [राजस्थान]** | | | | | |
| हरसुख पाल | XXXXXXXXXXX7822 | ₹ 7,49,310.00 | 09-03-2026 | 99.300 | 94.000 |
| बाबूलाल | XXXXXXXXXXX0574 | ₹ 1,34,613.00 | 30-03-2025 | 36.700 | 36.500 |
| साहब राम | XXXXXXXXXXX8101 | ₹ 80,156.00 | 16-11-2025 | 15.700 | 15.500 |
| मांगतु राम | XXXXXXXXXXX8809 | ₹ 38,956.00 | 19-03-2026 | 6.800 | 5.800 |
| **शाखा कार्यालय:- रींगस [राजस्थान]** | | | | | |
| देविद चौधरी | XXXXXXXXXXX1137 | ₹ 2,62,688.00 | 19-03-2026 | 36.800 | 32.800 |
| अशोक कुमार मंडीवाल | XXXXXXXXXXX1960 | ₹ 2,56,128.00 | 19-03-2026 | 54.100 | 37.300 |
| प्रकाश | XXXXXXXXXXX1941 | ₹ 1,08,378.00 | 09-03-2026 | 14.900 | 13.900 |
| प्रकाश | XXXXXXXXXXX4062 | ₹ 60,846.00 | 09-03-2026 | 7.900 | 7.100 |
| संदीप | XXXXXXXXXXX3657 | ₹ 1,30,176.96 | 19-03-2026 | 16.500 | 15.200 |
| **शाखा कार्यालय:- समता नगर [राजस्थान]** | | | | | |
| सुभाष चंद | XXXXXXXXXXX5652 | ₹ 10,17,316.00 | 09-02-2026 | 196.080 | 178.400 |
| बजरंग बिश्नोई | XXXXXXXXXXX8077 | ₹ 3,67,552.00 | 23-01-2026 | 68.800 | 64.600 |
| सुधीर कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX2862 | ₹ 3,21,320.49 | 09-02-2026 | 88.600 | 68.000 |
| यासमीन | XXXXXXXXXXX7752 | ₹ 3,07,656.00 | 10-01-2026 | 67.500 | 55.000 |
| मोहम्मद शकील | XXXXXXXXXXX9018 | ₹ 3,22,761.00 | 26-06-2025 | 143.890 | 69.000 |
| हंसराज हटिला | XXXXXXXXXXX4163 | ₹ 2,32,557.00 | 09-03-2026 | 38.830 | 29.800 |
| अशोक जानगल | XXXXXXXXXXX3203 | ₹ 2,89,491.00 | 16-05-2025 | 225.870 | 62.000 |
| दानाराम | XXXXXXXXXXX8695 | ₹ 2,00,193.00 | 19-03-2026 | 41.800 | 25.200 |
| दिनेश कुमार | XXXXXXXXXXX3205 | ₹ 1,91,527.00 | 27-10-2025 | 60.300 | 35.000 |
| अख्तरी बानो | XXXXXXXXXXX0538 | ₹ 1,67,491.00 | 24-12-2025 | 77.300 | 45.700 |
| रेखा पंचारिया | XXXXXXXXXXX2771 | ₹ 1,51,797.00 | 20-03-2026 | 34.980 | 22.500 |
| किशन सिंह | XXXXXXXXXXX0801 | ₹ 85,947.00 | 10-01-2026 | 52.900 | 17.000 |
| राजेंद्र सिंह | XXXXXXXXXXX6921 | ₹ 78,245.00 | 10-01-2026 | 16.860 | 16.700 |
| राधा | XXXXXXXXXXX5786 | ₹ 70,519.00 | 09-02-2026 | 57.600 | 15.000 |
| **शाखा कार्यालय:- सांगानेरी गेट, जयपुर [राजस्थान]** | | | | | |
| उमेश सोनी | XXXXXXXXXXX6494 | ₹ 1,28,824.00 | 27-09-2024 | 73.800 | 27.000 |
| **शाखा कार्यालय:- संगरिया [राजस्थान]** | | | | | |
| मुकेश कुमार | XXXXXXXXXXX0982 | ₹ 27,363.00 | 10-01-2026 | 6.500 | 5.900 |
| **शाखा कार्यालय:- सरदारशहर [राजस्थान]** | | | | | |
| भारती | XXXXXXXXXXX7347 | ₹ 8,93,821.00 | 01-11-2025 | 191.800 | 171.200 |
| रोहिताश | XXXXXXXXXXX2963 | ₹ 3,40,033.00 | 19-03-2026 | 54.000 | 52.000 |
| जयपाल सिंह | XXXXXXXXXXX5311 | ₹ 1,07,526.00 | 16-06-2025 | 53.900 | 22.600 |
| देवी लाल गोस्वामी | XXXXXXXXXXX4010 | ₹ 85,123.00 | 16-06-2025 | 23.200 | 15.000 |
| राहुल | XXXXXXXXXXX0309 | ₹ 84,633.65 | 10-01-2026 | 40.500 | 18.500 |
| मीनू कंवर | XXXXXXXXXXX4058 | ₹ 62,071.00 | 27-01-2026 | 235.600 | 91.500 |
| देवराज | XXXXXXXXXXX2784 | ₹ 61,850.42 | 27-10-2025 | 55.400 | 24.400 |
| **शाखा कार्यालय:- सवाई माधोपुर [राजस्थान]** | | | | | |
| जितेंद्र केशिया | XXXXXXXXXXX0900 | ₹ 6,74,526.00 | 27-09-2025 | 129.300 | 119.800 |
| **शाखा कार्यालय:- शाहपुरा [राजस्थान]** | | | | | |
| रेखा पुनिया | XXXXXXXXXXX2194 | ₹ 4,69,233.00 | 10-01-2026 | 83.200 | 78.000 |
| सुमन सैनी | XXXXXXXXXXX8292 | ₹ 2,14,194.00 | 09-02-2026 | 29.000 | 26.000 |
| **शाखा कार्यालय:- सीकर [राजस्थान]** | | | | | |
| श्रीराम सुंडा | XXXXXXXXXXX1568 | ₹ 8,19,577.00 | 19-03-2026 | 210.300 | 128.700 |
| श्रीराम सुंडा | XXXXXXXXXXX5955 | ₹ 2,92,815.10 | 09-03-2026 | 34.400 | 33.600 |
| विक्रम सिंह | XXXXXXXXXXX6297 | ₹ 7,30,913.00 | 06-11-2025 | 592.500 | 136.600 |
| नेहा शर्मा | XXXXXXXXXXX2756 | ₹ 4,63,499.00 | 10-01-2026 | 84.000 | 79.000 |
| प्रदीप सिंह | XXXXXXXXXXX2408 | ₹ 4,40,973.43 | 19-03-2026 | 148.500 | 89.500 |
| मीना कंवर | XXXXXXXXXXX8461 | ₹ 4,38,063.00 | 27-09-2025 | 126.800 | 83.600 |
| अनीता देवी | XXXXXXXXXXX2225 | ₹ 3,11,272.00 | 19-03-2026 | 76.500 | 54.400 |
| कमल कुमार सैनी | XXXXXXXXXXX5951 | ₹ 1,03,580.00 | 09-03-2026 | 11.700 | 11.200 |
| **शाखा कार्यालय:- श्री माधोपुर [राजस्थान]** | | | | | |
| रमेश चंद यादव | XXXXXXXXXXX5998 | ₹ 2,31,692.98 | 10-12-2025 | 40.200 | 39.200 |
| रमेश चंद यादव | XXXXXXXXXXX9720 | ₹ 65,202.00 | 09-02-2026 | 11.800 | 10.100 |
| सुशीला देवी | XXXXXXXXXXX1041 | ₹ 2,10,795.21 | 09-02-2026 | 38.900 | 37.800 |
| महेश कुमार कुमावत | XXXXXXXXXXX5328 | ₹ 1,69,720.71 | 09-02-2026 | 26.700 | 21.700 |
| रामसिंह शेखावत | XXXXXXXXXXX4224 | ₹ 1,34,741.00 | 16-02-2026 | 51.300 | 23.000 |
| मंजू देवी | XXXXXXXXXXX5874 | ₹ 1,25,417.00 | 10-01-2026 | 22.500 | 21.100 |
| **शाखा कार्यालय:- श्रीगंगानगर [राजस्थान]** | | | | | |
| सुश्री पूनम | XXXXXXXXXXX2857 | ₹ 1,54,700.00 | 09-03-2026 | 20.300 | 19.900 |
| विक्रांत | XXXXXXXXXXX0634 | ₹ 42,657.22 | 27-10-2025 | 7.500 | 7.200 |
| **शाखा कार्यालय:- सुजानगढ़ [राजस्थान]** | | | | | |
| गणेशा राम मंडा | XXXXXXXXXXX6528 | ₹ 5,85,802.00 | 12-02-2026 | 252.900 | 118.000 |
| निशा भाटी | XXXXXXXXXXX4884 | ₹ 4,19,674.00 | 10-12-2025 | 73.200 | 71.200 |
| भंवरी देवी | XXXXXXXXXXX4295 | ₹ 3,32,785.00 | 09-03-2026 | 267.900 | 62.200 |
| राकेश | XXXXXXXXXXX1501 | ₹ 2,69,129.22 | 23-01-2026 | 114.900 | 40.000 |
| जगन सिंह | XXXXXXXXXXX1618 | ₹ 2,02,952.00 | 17-10-2025 | 205.500 | 41.200 |
| महावीर प्रजापत | XXXXXXXXXXX9923 | ₹ 1,65,814.00 | 19-03-2026 | 30.100 | 20.500 |
| विष्णु सोनी | XXXXXXXXXXX0851 | ₹ 1,84,905.00 | 29-09-2023 | 49.500 | 38.000 |
| प्रभुराम मेघवाल | XXXXXXXXXXX9853 | ₹ 1,04,595.00 | 17-10-2025 | 55.900 | 18.100 |
| **शाखा कार्यालय:- स्वीज फार्म, जयपुर [राजस्थान]** | | | | | |
| सचिन सक्सेना | XXXXXXXXXXX7701 | ₹ 7,03,388.42 | 16-02-2026 | 90.400 | 81.500 |
| मयूर सांघी | XXXXXXXXXXX7244 | ₹ 3,15,679.00 | 23-01-2026 | 88.500 | 59.000 |
| अय्यूब खान | XXXXXXXXXXX5531 | ₹ 1,54,651.00 | 09-03-2026 | 98.200 | 94.900 |
| **शाखा कार्यालय:- तलवंडी, कोटा [राजस्थान]** | | | | | |
| मनोज सोनी | XXXXXXXXXXX9200 | ₹ 2,21,567.00 | 19-12-2025 | 30.700 | 29.300 |
| अरुण कुमार | XXXXXXXXXXX5930 | ₹ 1,64,251.00 | 10-01-2026 | 25.900 | 20.500 |
| विकाश यादव | XXXXXXXXXXX2604 | ₹ 1,18,696.00 | 06-01-2025 | 26.800 | 25.000 |
| जगदीश नायक | XXXXXXXXXXX2724 | ₹ 94,478.00 | 23-02-2026 | 21.200 | 20.100 |
| रणजीत सिंह खीची | XXXXXXXXXXX8168 | ₹ 94,695.00 | 10-01-2026 | 22.800 | 14.500 |
| नरेंद्र कुमार मीणा | XXXXXXXXXXX2595 | ₹ 32,496.00 | 19-12-2025 | 7.200 | 7.000 |
| **शाखा कार्यालय:- तिजारा, अलवर [राजस्थान]** | | | | | |
| प्रिया शर्मा | XXXXXXXXXXX7053 | ₹ 2,87,384.15 | 09-02-2026 | 52.500 | 46.400 |
| कृष्ण कुमार | XXXXXXXXXXX5839 | ₹ 66,187.00 | 19-03-2026 | 15.900 | 15.000 |
| कुलदीप | XXXXXXXXXXX4756 | ₹ 75,572.00 | 17-10-2025 | 11.800 | 11.600 |
| गुरचरण सिंह | XXXXXXXXXXX2451 | ₹ 63,140.00 | 09-02-2026 | 10.200 | 10.100 |
| **शाखा कार्यालय:- तिलक नगर, जयपुर [राजस्थान]** | | | | | |
| अभय कुमार चौमिया | XXXXXXXXXXX4477 | ₹ 10,88,735.00 | 19-03-2026 | 257.600 | 221.000 |
| यतेंद्र कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX5259 | ₹ 13,92,336.81 | 10-01-2026 | 204.100 | 184.100 |
| **शाखा कार्यालय:- उदयपुर पोल रोड, उदयपुर [राजस्थान]** | | | | | |
| कमलेश लोहार | XXXXXXXXXXX7487 | ₹ 2,48,851.00 | 27-09-2024 | 53.500 | 53.000 |
| कमलेश लोहार | XXXXXXXXXXX9131 | ₹ 1,60,892.00 | 27-09-2024 | 34.500 | 34.000 |
| कमलेश लोहार | XXXXXXXXXXX6989 | ₹ 2,29,474.00 | 20-11-2024 | 49.800 | 49.800 |
| प्राची राठोड़ | XXXXXXXXXXX1842 | ₹ 4,44,350.00 | 09-03-2026 | 250.400 | 103.000 |
| सोहन सिंह राजपूत | XXXXXXXXXXX6385 | ₹ 4,33,501.00 | 20-11-2023 | 149.000 | 105.000 |
| रामलाल गायरी | XXXXXXXXXXX5578 | ₹ 2,23,922.42 | 10-01-2026 | 41.000 | 33.000 |
| रविना साहू | XXXXXXXXXXX0000 | ₹ 47,245.00 | 10-12-2025 | 9.500 | 8.800 |
| विनोद कुमार यादव | XXXXXXXXXXX5038 | ₹ 41,589.00 | 16-02-2026 | 11.600 | 8.200 |
| **शाखा कार्यालय:- वैशाली नगर, जयपुर [राजस्थान]** | | | | | |
| आशीष कुमार मुखर्जी | XXXXXXXXXXX6622 | ₹ 4,60,772.00 | 09-02-2026 | 69.300 | 68.600 |
| प्रेम सिंह | XXXXXXXXXXX9264 | ₹ 1,51,926.00 | 09-03-2026 | 20.300 | 18.300 |
| देवेंद्र शर्मा | XXXXXXXXXXX6676 | ₹ 1,47,995.00 | 10-01-2026 | 27.800 | 24.000 |
| **शाखा कार्यालय:- विद्याधर नगर, जयपुर [राजस्थान]** | | | | | |
| वीरेंद्र सिंह गुर्जर | XXXXXXXXXXX9537 | ₹ 4,55,230.00 | 27-01-2026 | 99.900 | 82.100 |

**निविदा के नियम एवं शर्तें**

नीलामी के दिन/तिथि पर निविदाकारों को आधार/आरक्षित मूल्य बताया जाएगा, जिसके आधार पर बोली पर विचार किया जाएगा। केवल बैंक द्वारा प्रदान किए गए निर्धारित निविदा प्रपत्र में दी गई बोली/प्रस्ताव ही मान्य होंगे।
अपूर्ण बोली प्रपत्र/निविदा को अमान्य माना जाएगा तथा उसे अस्वीकार किया जा सकता है।
निविदा दस्तावेज़ तथा नियम एवं शर्तें उपरोक्त शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। विधिवत भरा हुआ निविदा प्रपत्र दिनांक **11-05-2026** को कार्य समय के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी को जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
उक्त संपत्तियां **"जहां है जैसा है", "जैसा है वैसा है", "जो कुछ है" तथा "बिना किसी प्रत्यावर्तन"** के आधार पर बिक्री हेतु प्रस्तुत की जा रही हैं। बैंक उक्त संपत्ति की गुणवत्ता, शुद्धता तथा किसी भी अन्य बकाया/कर आदि के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।
निविदाएं नीलामी की तिथि पर बैंक द्वारा उन निविदाकारों की उपस्थिति में खोली जाएंगी, जो निर्धारित दिन एवं समय पर उपस्थित रहना चाहें, ताकि वे अपनी बोली को बढ़ा/संशोधित कर सकें।

**उपरोक्त उल्लिखित शाखाओं में नीलामी आयोजित की जाएगी। नीलामी तिथि: 11-05-2026।**

एक बार प्रस्तुत की गई बोली/निविदा वापस नहीं ली जा सकती है तथा यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए केवल एक ही बोली प्राप्त होती है, तो बोलीदाता को बोली राशि जमा करनी होगी।
यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए एक से अधिक बोलियां प्राप्त होती हैं, तो बोलीदाताओं के बीच आपसी प्रतिस्पर्धात्मक बोली (इंटर-से बिडिंग) होगी तथा उच्चतम बोलीदाता को सफल घोषित किया जाएगा।
बोलीदाता को सभी केवाईसी दस्तावेज जैसे पैन नंबर, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं पता प्रमाण आदि प्रस्तुत करने होंगे। साथ ही, बोलीदाता को वैध ई-मेल आईडी एवं संपर्क नंबर भी प्रदान करना होगा।
बैंक को अपने विवेकाधिकार से किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
उक्त संपत्ति की बिक्री से उत्पन्न किसी भी विवाद/अंतर का निपटारा केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/अधिकरणों के अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

**स्थान: राजस्थान, दिनांक: 11-04-2026** **हस्ताक्षर/-, अधिकृत अधिकारी एक्सिस बैंक लिमिटेड**

# आरसीए एडहॉक कमेटी की बैठक आज

**जयपुर(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ. मोहित जसवंत यादव की अध्यक्षता में कमेटी की बैठक 11 अप्रेल को दोपहर 2 बजे आरसीए कार्यालय, आरसीए अकादमी, सवाई मान सिंह स्टेडियम में होगी। बैठक में आरसीए का घरेलू क्रिकेट सत्र, जिला क्रिकेट संघों की समस्याएं, राजस्थान प्रीमियर लीग (आरपीएल), आईपीएल, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, आरसीए अवार्ड समारोह सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में संयोजक डॉ. मोहित जसवंत यादव, सदस्य धनंजय सिंह खींवसर, आशीष तिवाड़ी, अर्जुन बेनीवाल, अरिष्ट सिंघवी उपस्थित रहेंगे।

# किशनगढ़ मंडी में 'एक्शन मोड' में मंत्री, एमएसपी से लेकर 5 करोड़ के विकास का प्लान तैयार

## केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी का औचक निरीक्षण

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** किशनगढ़ कृषि मंडी में शुक्रवार को केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। मंडी परिसर में किसानों और



व्यापारियों से सीधे संवाद कर मंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को फटाफट निर्देश जारी कर दिए।

चना की एमएसपी खरीद में आ रही अड़चनों पर मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सहकारिता मंत्री गौतम दक को फोन मिलाया और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही किशनगढ़, रूपनगढ़, अराई और मेड़ता मंडियों में खरीद प्रक्रिया को सुचारू करने पर भी चर्चा हुई।

वहीं, मंडी के कायाकल्प के लिए करीब 5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का ऐलान भी हुआ कि सड़कें दुरुस्त होंगी, डोम कवर बनेगा और आधुनिक धर्मकांटा लगाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार किसानों को 'बीज से बाजार' तक मजबूत करने के मिशन पर काम कर रही है, ताकि उन्हें उपज का सही दाम और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### दिल्ली के बाद उत्तरप्रदेश में शुरू हुई कवायद

# मंकी सेंचुरी बने तो मिले बंदरों के हमलों से निजात

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में दिनोंदिन बढ़ती बंदरों की समस्या के समाधान के लिए गैर सरकारी स्तर पर गंभीर प्रयास शुरू हो गए हैं। राजधानी में विभिन्न इलाकों से लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जहां बंदरों के उत्पात के कारण लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बंदर लोगों के हाथों से खाद्य सामग्री, मोबाइल, चश्मे सहित अन्य कीमती सामान छीन लेते हैं, वहीं कई मामलों में हमले और चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। इसके बावजूद नागरिकों का आरोप है कि संबंधित

**लोगों को उम्मीद मिलेगा स्थायी समाधान**

**शहरवासियों को** उम्मीद है कि उनकी इस मांग को गंभीरता से लिया जाएगा और जयपुर में भी बंदरों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अभयारण्य निर्माण जैसे ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे वन्यजीव संरक्षण, कानून का पालन और जनसुरक्षा–तीनों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके।

विभागों द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए अभी तक कोई ठोस, प्रभावी और दीर्घकालिक कदम नहीं उठाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में शहरवासियों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन के समक्ष यह मांग जोर-शोर से उठाई है कि दिल्ली की तर्ज पर जयपुर में भी बंदरों के लिए एक समर्पित अभयारण्य (मंकी सेंचुरी) विकसित किया जाए। उनका मानना है कि जब तक बंदरों के संरक्षण, प्रबंधन और पुनर्वास के लिए स्थाई व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक इस समस्या का समाधान संभव नहीं है।

लोगों का कहना है कि वर्तमान में जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे न तो पर्याप्त हैं और न ही प्रभावी साबित हो रहे हैं। बंदरों को पकड़कर अन्य स्थानों पर छोड़ने जैसी व्यवस्थाएं केवल अस्थायी उपाय हैं, जिनसे समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलता। कई बार बंदर पुनः शहरी क्षेत्रों में लौट आते हैं, जिससे स्थिति जस की तस बनी रहती है। ऐसे में आवश्यक है कि एक सुनियोजित, वैज्ञानिक और कानूनी रूप से सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार की जाए। नागरिकों ने यह भी मांग की है कि प्रस्तावित अभयारण्य में बंदरों के लिए प्राकृतिक वातावरण, पर्याप्त भोजन, चिकित्सा सुविधा और संरक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इससे एक ओर जहां बंदरों को सुरक्षित आवास मिलेगा, वहीं दूसरी ओर शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में उनकी आवाजाही कम होगी और आमजन को राहत मिलेगी। हाल के वर्षों में उच्चतम न्यायालय द्वारा भी राज्यों को बंदरों के प्रभावी और मानवीय प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस समस्या का समाधान केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि कानूनी दायित्व भी है। स्थानीय निवासियों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इस दिशा में गंभीरता से प्रयास नहीं किए गए, तो भविष्य में यह समस्या और अधिक विकराल रूप ले सकती है, जिससे जनसुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रो. रीटा शर्मा बनीं शिक्षा संकाय की डीन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय ने शिक्षा संकाय के डीन पद पर प्रो. (डॉ.) रीटा शर्मा की नियुक्ति की है। डॉ. शर्मा श्री अग्रसेन स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय, केशव विद्यापीठ, जामडोली (जयपुर) की प्राचार्य हैं।

करीब तीन दशकों के अपने शैक्षणिक जीवन में डॉ. रीटा शर्मा ने शिक्षण, शोध और अकादमिक नेतृत्व के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्ष 1997 से सतत सक्रिय रहते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचारों को दिशा दी है। वे राजस्थान विश्वविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सिंडिकेट सदस्य हैं तथा पूर्व में सीनेट सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। साथ ही, वे विश्वविद्यालय की अनुमोदित शोध-निर्देशिका के रूप में शोधार्थियों का मार्गदर्शन कर रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों एवं वेबिनार में संयोजक, अध्यक्ष एवं विशेषज्ञ वक्ता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे कई पुस्तकों की लेखिका एवं संपादक भी हैं। वर्तमान में वे विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान की जयपुर प्रांत इकाई में सह मंत्री के रूप में भी दायित्व निभा रही हैं।

# 42 बीघा भूमि विवाद में आवासन मंडल की जीत

## हाईकोर्ट ने योजना स्वीकृति और उसके बाद के आदेशों को माना अवैध

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने बी 2 बाइपास पर स्थित श्रीराम कॉलोनी को लेकर विवादित करीब 42 बीघा जमीन से जुड़े मामले में जेडीए की ओर से 29 मई, 1995 को दी गई योजना स्वीकृति और उसके बाद के आदेशों को अवैध माना है। इसके साथ ही अदालत ने 31 जुलाई, 1981 का समझौता विक्रय भी अवैध मानते हुए शून्य घोषित कर दिया है। अदालत ने कहा कि समझौता विक्रय से स्वामित्व हस्तांतरित नहीं होता है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश राजस्थान आवासन मंडल की ओर से दायर याचिका को स्वीकार कर निजी व्यक्तियों की ओर से दायर तीन याचिकाओं को खारिज करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि धोखाधड़ी से प्राप्त कोई भी आदेश अंतिम हो तो भी वह अवैध ही होता है। अदालत ने माना की 12 फरवरी, 2002 को एकलपीठ से गलत तथ्यों से आदेश प्राप्त किया गया था, ऐसे में उसे रद्द किया जाता है। अदालत ने साल 1986 की ऑडिट रिपोर्ट और 25 जुलाई, 2019 की जांच समिति रिपोर्ट के आधार पर माना की अधिग्रहण से पूर्व ऐसी कोई योजना अस्तित्व में ही नहीं थी और समिति ने मूल खातेदारों को भी पक्षकार नहीं बनाया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि खातेदार सिविल कोर्ट में जमा मुआवजा के लिए आवेदन कर सकते हैं और आवासन मंडल भी विधि सम्मत कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है।

प्रकरण से जुड़े अधिवक्ता दिनेश यादव ने बताया कि साल 1981 में जवाहरपुरी भवन निर्माण सहकारी समिति ने खातेदारों से समझौता विक्रय के आधार पर भूमि खरीदने का दावा करते हुए श्रीराम कॉलोनी-बी योजना बनाई। वहीं साल 1990 में इस भूमि का अधिग्रहण कर आवासन मंडल को सौंपी गई। इस दौरान समिति ने जेडीए से नियमितिकरण कराया। इसके बाद पहले चरण का विवाद हाईकोर्ट आने पर अदालत ने साल 2002 में जेडीए को पट्टे जारी करने को कहा और मामला साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट से तय हुआ। इस दौरान साल 2019 में आवासन मंडल ने नई याचिका दायर कर कहा कि साल 2002 का आदेश गलत तथ्यों पर आधारित था।

# भूमि व ध्वज पूजन के साथ शुरू होगी 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की तैयारियां



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विद्याधर नगर सेक्टर-8 स्थित श्री पापड़ वाले हनुमान जी मंदिर में आयोजित होने वाले नव दिवसीय 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की तैयारियों को लेकर शनिवार को भूमि एवं ध्वज पूजन का आयोजन किया जाएगा।

मंदिर के महंत महामंडलेश्वर राम सेवक दास महाराज के सानिध्य में यह कार्यक्रम 11 अप्रेल को प्रातः 11 बजे से वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ सम्पन्न होगा। यज्ञाचार्य पंडित सतीश शास्त्री द्वारा पूजन कराया जाएगा। पुजारी एवं मंदिर संत विकास समिति के मंत्री राजा रामदास ने बताया कि यह महायज्ञ 17 से 25 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे।

भूमि एवं ध्वज पूजन के अवसर पर आसपास के मंदिरों के महंत, संत, गणमान्य नागरिक, भक्तजन तथा मंदिर विकास समिति एवं श्री राम महायज्ञ व्यवस्था समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# ज्योतिबा फुले जयंती की पूर्व संध्या पर दीपदान कर किया कार्यक्रम का आगाज

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** एशिया की सबसे बड़ी सांगानेर मुहाना मंडी टर्मिनल मार्केट में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले का जयंती समारोह मनाया जाएगा।

इस अवसर पर एक विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जो कि सांगानेर से प्रारंभ होगी। रैली का मंडी परिसर में समापन होगा। मंडी में शुक्रवार को जयंती के पूर्व संध्या पर दीपदान कर दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज किया। मंडी में कार्यरत सभी वर्ग इसमें व्यापारी, आढ़तियां, मजदूर माशाखोर सभी ने मिलकर महात्मा फुले के योगदान को दीप प्रज्वलित करके याद किया।



दीपदान कार्यक्रम में योगेश तंवर अध्यक्ष, जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ, रतन खडौलिया पूर्व चेयरमैन नगर निगम, महामंत्री इंदर सैनी, संगठन मंत्री सुनील गोयल, घनश्याम शर्मा, फिरोज, जीतू, संजय तारानगर, राजरतन राजौरिया आदि ने भाग लिया।

# उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अर्जित किया सर्वश्रेष्ठ परिचालन अनुपात

**जयपुर(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अपने आय और व्यय में भी संतुलन बनाए रखने में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में उत्तर पश्चिम रेलवे का परिचालन अनुपात (ऑपरेटिंग रेशियों) भी 99.56 फीसदी रहा जो उत्तर पश्चिम रेलवे की एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। पिछले वर्ष इस अवधि में परिचालन अनुपात 106.51 फीसदी था । रेलवे बोर्ड द्वारा इस वर्ष के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे परिचालन अनुपात के लिए 102.36 फीसदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल दिशानिर्देश में उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपने संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर यह सफलता हासिल की है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर आय को बढ़ाने के लिए संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा रहा है जिसके तहत रेलवे राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

# ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों को राहतः हरिद्वार-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने ग्रीष्मावकाश के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए भावनगर टर्मिनस-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, गाड़ी संख्या 09271 भावनगर टर्मिनस से हरिद्वार के लिए 12 अप्रेल से 31 मई तक कुल 8 ट्रिप के लिए संचालित होगी। यह ट्रेन प्रत्येक रविवार सुबह 04:25 बजे भावनगर टर्मिनस से रवाना होकर अगले दिन सोमवार दोपहर 03:00 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 09272 हरिद्वार से भावनगर टर्मिनस के बीच 13 अप्रेल से 1 जून तक 8 ट्रिप के लिए चलाई जाएगी। यह ट्रेन हर सोमवार शाम 04:25 बजे हरिद्वार से रवाना होकर अगले दिन मंगलवार सुबह 04:35 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी।

**इन प्रमुख स्टेशनों पर होगा ठहराव**

यह स्पेशल ट्रेन अपने मार्ग में सिहोर गुजरात, धोला, बोटाड, सुरेन्द्रनगर गेट, विरमगाम, आम्बली रोड, गांधीनगर कैपिटल, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़ जंक्शन, पाली मारवाड़, लूनी, जोधपुर, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़, चूरू, सादुलपुर, सिवानी, हिसार, हांसी, भिवानी, कलानौर कलां, रोहतक, पानीपत, अम्बाला कैंट, सहारनपुर और रुड़की सहित कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

**22 डिब्बों के साथ चलेगी ट्रेन, सभी श्रेणियों की सुविधा**

इस ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 2 सेकंड एसी, 6 थर्ड एसी, 8 स्लीपर क्लास, 4 सामान्य श्रेणी और 2 पावरकार डिब्बे शामिल होंगे। इससे विभिन्न वर्गों के यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिलेगी।

**तकनीकी कार्य के कारण कुछ ट्रिप में बदलेगा रूट**

बीकानेर मंडल के दुधवाखारा-सादुलपुर सेक्शन में तकनीकी कार्य के चलते कुछ तिथियों पर ट्रेन का मार्ग परिवर्तित रहेगा। 19 और 26 अप्रेल को भावनगर से चलने वाली ट्रेन डेगाना-फुलेरा-रींगस-नारनौल-रेवाड़ी-भिवानी मार्ग से संचालित होगी। इस दौरान ट्रेन मकराना, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल और रेवाड़ी स्टेशनों पर रुकेगी।

**वापसी ट्रिप में भी लागू रहेगा मार्ग परिवर्तन**

इसी तरह 20 और 27 अप्रेल को हरिद्वार से चलने वाली वापसी ट्रेन भी भिवानी-रेवाड़ी-नारनौल-रींगस-फुलेरा-डेगाना मार्ग से संचालित होगी। इस दौरान रेवाड़ी, नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा और मकराना स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

### अजमेर मंडल पर ब्रिज संख्या 74 पर आरसीसी बॉक्स डालने का कार्य

# रेलसेवाएं रीशड्यूल/रेगुलेट रहेगी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के अजमेर-चित्तौड़गढ़ रेलखंड पर झड़वासा-बान्दनवाड़ा स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 74 पर आरसीसी बॉक्स डालने के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि इस कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित कई रेलसेवाएं प्रभावित रहेंगी ।

**रीशड्यूल रेलसेवा (प्रारम्भिक स्टेशन से)**

14802, इंदौर-जोधपुर ट्रेन 14 अप्रेल को इंदौर से अपने निर्धारित समय से 4 घंटे 30 मिनट की देरी से रवाना होगी। 17605, काचीगुड़ा-भगत की कोठी 12 अप्रेल को काचीगुड़ा से 4 घंटे 30 मिनट की देरी से रवाना होगी। 14801, जोधपुर-इंदौर 14 अप्रेल को जोधपुर से 3 घंटे 30 मिनट की देरी से रवाना होगी।

**रेगुलेट रेलसेवा (प्रारम्भिक स्टेशन से)**

12992, जयपुर-उदयपुर सिटी जो 14 अप्रेल को जयपुर से रवाना होगी वह अजमेर-झड़वासा स्टेशनों के मध्य 15 मिनट रेगुलेट रहेगी।

भारतीय सेना का 'ब्रह्मास्त्र' युद्धाभ्यास : अपाचे हेलिकॉप्टर ने भी लगाए अचूक निशानें, कमांड सेंटर से दुश्मनों के ड्रोन किए ब्लास्ट

# अमेरिका की सबसे एडवांस हेलफायर मिसाइलों के धमाकों से गूंजा थार

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तान में अमेरिका की सबसे एडवांस हेलफायर मिसाइलों के धमाके हुए। दावा है कि इन्हीं मिसाइलों का ईरान पर हमले में इस्तेमाल किया गया था। हेलफायर के अलावा राजस्थान के आसमान से अपाचे हेलिकॉप्टर ने भी अचूक निशानें लगाए। कमांड सेंटर से दुश्मनों के ड्रोन भी ब्लास्ट किए गए। यह नजारा था भारतीय सेना के 'ब्रह्मास्त्र' युद्धाभ्यास का। जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुए इस युद्धाभ्यास ने मॉडर्न वॉर प्लांड को टेस्ट किया। सेना के अधिकारियों का कहना है कि आर्मी में नए हेलिकॉप्टर्स की एंट्री ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। युद्धाभ्यास में अमेरिका में बनीं हेलफायर मिसाइलों का भी इस्तेमाल हुआ, इनसे 8 किलोमीटर दूर एक टैंक सहित दूसरे निशानें उड़ाए गए।

इसके बाद हेलिकॉप्टर ने नीचे आकर 70 एमएम हाइड्रा रॉकेटों से हमला किया, जिससे दुश्मन के कैंप नष्ट हुए। अंत में





हेलिकॉप्टर के नीचे लगी चेन गन से 1200 राउंड प्रति मिनट की रफ्तार से फायरिंग कर छोटे लक्ष्यों को भी निशाना बनाया गया। हेलफायर मिसाइलें अमेरिका द्वारा विकसित लेजर-गाइडिड हवा-से-जमीन पर हमला करने वाली मिसाइलें हैं। इनका वजन लगभग 45-50 किलोग्राम और रेंज 8-11 किलोमीटर होती है। हेलफायर का उपयोग ड्रोन, हेलिकॉप्टर व फाइटर जेट्स से किया जा सकता है।

एक्सपर्ट्स का दावा है कि साल 2025 में ईरान पर हमले में इजराइल ने इन्हीं मिसाइलों को दागा था। सेना ने इस अभ्यास में हाईटेक रडार सिस्टम से दूर से ही ड्रोन की लोकेशन ट्रैक की। इसके बाद कंट्रोल रूम से ही मिसाइल और गन को कमांड देकर टारगेट लॉक करवाया। कुछ सेकंड के इस प्रोसेस से सटीक निशाना लगाने में मदद मिली। सेना का यह सिस्टम 4 किलोमीटर दूर से आसानी से कमांड दे सकता है।

ब्रिगेडियर पीके सिंह ने बताया कि एक्सरसाइज में आधुनिक रडार व एंटी-एयरक्राफ्ट गनों से ड्रोन टारगेट को नष्ट किया गया। इसमें ड्रोन के नजर आते ही एयर डिफेंस यूनिट्स ने उन्हें इलेक्ट्रॉनिक तरीके से जाम किया। फिर एंटी-एयरक्राफ्ट गनों से सटीक निशाना लगाकर उन्हें आसमान में नष्ट कर दिया। एक्सरसाइज में कोई भी मिसफायर नहीं हुआ। सेना के अधिकारियों के अनुसार इस एक्सरसाइज में जमीन और हवा के बीच रियल टाइम डेटा साझा किया गया, जिससे ऑपरेशन की सटीकता और गति दोनों में सुधार हुआ। अभ्यास से पहले कई हफ्तों तक तैयारी की गई। इसमें सेना की दक्षिणी कमान की एयर डिफेंस ब्रिगेड ने हाई-इंटेंसिटी फायरिंग अभ्यास किया, जिसमें पायलटों ने सिमुलेशन के जरिए ट्रेनिंग ली और तकनीकी टीम ने रेगिस्तानी परिस्थितियों में हथियारों की जांच की।

## वार्षिकोत्सव में श्रेष्ठ बोर्ड परीक्षा परिणाम देने वालों का सम्मान



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नीमकाथाना।** क्षेत्र के नाथा की नांगल ग्राम में स्थित एक निजी शिक्षा संस्थान में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्था निदेशक बसंत यादव ने बताया कि हाल ही में बोर्ड के परीक्षा परिणाम में स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम रहा। इसको लेकर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। टॉपर्स के साथ पेरेंट्स का भी सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि कक्षा 12वीं में हेमलता वर्मा ने 96 प्रतिशत व निशा यादव ने 95.33 प्रतिशत अंत प्राप्त किए। वहीं दसवी कक्षा में गिरीश कुमावत ने 96, गीतेश कुमावत ने 95, मुस्कान गुर्जर व दुर्गेश गुर्जर 94, अभिषेक राजपूत ने 92 और अंशुल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इन सभी टॉपर्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बालिका सैनिक स्कूल में चयनित छात्रा पलक गुर्जर का भी सम्मान किया गया। इसके साथ ही आठवी व पांचवी बोर्ड में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोदी ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही बेहतरीन रिजल्ट के लिए स्कूल निदेशक बसंत यादव और स्टाफ को बधाई दी।

## आंगनबाड़ी बच्चों से संवाद कर जानी पोषण-शिक्षा संबंधी गतिविधियां

### जिला परिषद के सीईओ ने ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**सवाई माधोपुर।** जिला परिषद के सीईओ गौरव बुडानिया ने शुक्रवार को पंचायत समिति बौंली क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीपलदा सहित कई ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों से संवाद कर पोषण व शिक्षा संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान किसान सेवा केन्द्र बंद पाया गया और संबंधित कृषि पर्यवेक्षक अनुपस्थित मिले। इस पर सीईओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित के विरुद्ध



अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी क्रम में निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत जस्टाना ग्राम विकास अधिकारी नरेश नावरिया, पीपलदा ग्राम विकास अधिकारी कमलेश माली व कनिष्ठ सहायक भरत लाल माली के अनुपस्थित पाए जाने पर उन्होंने विकास अधिकारी बौंली हेमश्री को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। सीईओ बुडानिया ने विकास अधिकारी हेमश्री को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेख संधारण व आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए और पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और दोषी कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीईओ के औचक निरीक्षण से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सक्रियता आई और आमजन में सुशासन का सकारात्मक संदेश गया।

## विधायक ने सौंदर्यीकरण कार्यों व जिला अस्पताल का लिया जायजा

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**लालसोट।** विधानसभा क्षेत्र लालसोट में विधायक रामविलास मीणा ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, साथ ही नगर परिषद के चल रहे सौंदर्यकरण कार्यों का अवलोकन किया। औचक निरीक्षण के दौरान लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने जिला अस्पताल में भामाशाह ग्रुप द्वारा डायलिसिस मशीन दान करने पर आभार जताया। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल के डॉक्टरों को अपने-अपने रूम में रहने की हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि मरीजों से व्यावहारिक रूप से बात की जाए।



वहीं दूसरी ओर नगर परिषद की ओर से श्मशान घाट, नेहरू गार्डन व लाल क्लब स्टेडियम में चल रहे सौंदर्यकरण कार्य को लेकर विधायक ने नगर परिषद आयुक्त नवरत्न शर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि नेहरू गार्डन में बैठने के लिए कुर्सियों की संख्या बढ़ाई जाए और लाल क्लब स्टेडियम व श्मशान घाट में पेड़ों की संख्या बढ़ाई जाए। अवलोकन के दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता शंभूलाल कुईवाला, समाजसेवी सोनू बिनोरी, नगर परिषद आयुक्त नवरतन शर्मा सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर आज निकलेगी वाहन रैली

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नीमकाथाना।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले आवासीय शिक्षण संस्थान धोली डूंगरी में भव्य कार्यक्रम आयाजित किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष ताराचंद सैनी ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः 9.15 बजे शाहपुरा रोड से वाहन रैली का शुभारंभ होगा, जो सुभाष मंडी, पुराना बस स्टैंड सहित शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए संस्थान परिसर पहुंचेगी। इसके बाद दोपहर 12.15 बजे से संस्थान में विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्य संरक्षक सुंदर मल सैनी के निर्देशन में पूरी टीम ने व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं, जिसमें महासचिव बहादुर मल सैनी, कोषाध्यक्ष माडू राम सैनी, प्रभु दयाल सैनी, गोपाल सैनी, शिव सैनी, रामेश्वर लाल सैनी, बंशीधर सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। संस्थान की ओर से सर्व समाज से अपील की गई है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में सहभागिता निभाएं।

## सिलेंडर आपूर्ति में धांधली की शिकायतों पर गैस एजेंसी पर छापा



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**सीकर।** खाद्य विभाग जयपुर व जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन स्टाफ की ओर से प्रवीण एचपी गैस ग्रामीण वितरक दुजोद पर सघन जांच की गई। जिला रसद अधिकारी विजेंद्र पाल ने बताया कि जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी जयराम गुर्जर व सुनीता वर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक अनुराग बैरवाल व सुरभि मीणा शामिल थे। उन्होंने बताया कि सम्पर्क पोर्टल व जिला रसद कार्यालय में उपभोक्ताओं की ओर से एजेंसी के विरुद्ध लगातार गैस सिलेंडर आपूर्ति में धांधली व कालाबाजारी की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जांच के दौरान पाया गया कि बिना बुकिंग व बिना डिलीवरी प्राप्त किए उपभोक्ताओं के सिलेंडरों का फर्जी उठाव किया जा रहा था। जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई, जिसके संबंध में खाद्य विभाग व संबंधित ऑयल कंपनी को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त गैस एजेंसियों की जांच लगातार जारी रहेगी, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में विवाह समारोह के लिए 2 व्यावसायिक गैस सिलेंडर व शहरी क्षेत्र में 3 व्यावसायिक गैस सिलेंडर दिए जाने का प्रावधान किया गया।

## कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**लालसोट।** भाजपा महिला मोर्चा की नव मनोनी प्रदेश महामंत्री डॉ. मूर्ति मीणा का लालसोट आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला व दुपट्टा पहनाकर कर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। स्थानीय अशोक सर्किल पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पूर्व वित्त राज्य मंत्री वीरेंद्र मीणा व महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता चंचल गुप्ता का भी माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मूर्ति मीणा ने कहा कि वह प्रदेश की महिलाओं को संगठित कर उनके हक व अधिकारों के लिए कार्य करेगी। भाजपा सरकार ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण की जो सौगात दी है, वह महिलाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि वह पार्टी में महिलाओं के पक्ष को मजबूती के साथ रखेंगी। उन्होंने लालसोट के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करके संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

इस दौरान मूर्ति मीणा ने परशुराम मंदिर, ज्योतिबा फुले सर्किल, श्याम मंदिर व अंबेडकर सर्किल पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। श्याम मंदिर में ललिता जायसवाल, अनु शर्मा, सुषमा चौधरी, अंजना त्यागी, ज्योति कायथवाल आदि महिलाओं ने डॉ. मूर्ति मीणा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री वीरेंद्र मीणा ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के एकत्रित होने पर आभार प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभू दयाल पुरोहित, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जगदीश सैनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रवि हाड़ा, वरिष्ठ कार्यकर्ता राम चरण बोहरा, कन्हैयालाल सैनी, पूर्व पार्षद बृजमोहन सैनी, पूर्व पार्षद हंसराज सैनी, पूर्व पार्षद छोटेलाल सैनी, दीपक बोहरा, पंडित मदनलाल हटीका सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गैर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एनसीडी क्लिनिक का शुभारंभ

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** लूपिन ह्यूमन वेलफेयर रिसर्च फाउंडेशन और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से गैर संचारी रोगों की रोकथाम और सुधार के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत जवाहिर चिकित्सालय जिला अस्पताल में एनसीडी क्लिनिक का विधिवत शुभारंभ उपखंड अधिकारी सक्षम गोयल ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार पालीवाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविंद्र सांखला, लूपिन फाउंडेशन के स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ. नचिकेत सुले, जिला प्रबंधक रवि दाधीच सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ.



पालीवाल ने बताया कि एनसीडी क्लीनिक के माध्यम से गैर-संचारी रोग जैसे डायबिटीज, हृदय रोग व श्वसन संबंधी बीमारियों की रोकथाम, समय पर जांच और उपचार की सुविधा मरीजों को उपलब्ध होगी। साथ ही लोगों को जागरूक कर जीवनशैली में सुधार लाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि गैर संचारी रोगों से बचाव संभव हो सके।

## अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, 15 अवैध दुकानें ध्वस्त

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नीमकाथाना।** क्षेत्र के गोविंदपुरा में स्थानीय प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया। कार्रवाई से पहले संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन समय सीमा पूरी होने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद प्रशासन की टीम ने जेसीबी मशीन बुलाकर करीब 15 अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।



अतिक्रमण की कार्रवाई पर ग्रामीणों ने भी प्रशासन का सहयोग किया। तोड़फोड़ के बाद मलबे को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर हटाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और सरकारी जमीन पर कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नायब तहसीलदार देवीलाल चौधरी ने बताया कि सिवायचक भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रखा था। पंचायत ने अतिक्रमणकारियों से अतिक्रमण हटाने को कहा था, लेकिन अतिक्रमणकारी नहीं माने। इसके बाद प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की। नायब तहसीलदार ने कहा कि सिवायचक भूमि सरकार की संपत्ति होती है, उस पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में जैसलमेर जिला राज्य में रहा प्रथम

**जैसलमेर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार पालीवाल ने बताया कि लगातार मॉनिटरिंग, विभागीय अधिकारियों व कार्मिकों के सार्थक प्रयासों और जागरूकता कार्यक्रमों के परिणाम स्वरूप अप्रेल 2025 से फरवरी 2026 तक की अवधि में परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, निक्षय पोषण योजना व अंतरा कार्यक्रम में जैसलमेर जिला राज्य में प्रथम पायदान पर रहा है। उन्होंने बताया कि विभागीय चिकित्सा अधिकारियों व कार्मिकों ने ग्राम स्तर तक लगातार स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कर, सर्वे कार्य व जागरूकता कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन कर सामुदायिक सहभागिता के सहयोग से स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बूढ़ा बास्योड़ा के मेले पर शीतला माता मंदिर में उमड़ी आस्था

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**चाकसू।** वार्षिक बूढ़ा बास्योड़ा के अवसर पर शील डूंगरी पर स्थित प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में शुक्रवार को मेला भरा, जिसमें करीब 50 पचास हजार श्रद्धालु पहुंचे। मेले को लेकर मंदिर परिसर में रंग-रोगन सहित विशेष सजावट की गई। वहीं मंदिर के आसपास बनी विभिन्न समाज की धर्मशालाओं में पानी व रोशनी की व्यवस्थाए की गई। मेले को लेकर टोंक रोड से शील डूंगरी के चारों तरफ कई छोटी-बड़ी दुकानें लगाई



गई, जिन पर बच्चों व महिलाओं ने जमकर खरीदारी की।

स्थानीय पालिका प्रशासन ने मेले में पानी, रोशनी, शौचालय, बैरिकेडिंग सहित ई व्यवस्थाएं की। सुरक्षा को लेकर मेला परिसर में पुलिस का जाब्ता भी तैनात रहा। इस दिन घर-घर में कई तरह के पकवान बनाए गए और शीतला माता के ठंडे पकवानो का भोग लगाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार शीतला माता मंदिर में चर्म, चेचक रोग सहित अन्य मौसमी बीमारी दूर करने में चरणामृत किसी चमत्कार से कम नहीं होता है। प्रति वर्ष आयोजित बूढ़ा बास्योड़ा मेले में पुरुषों के मुकाबले में महिलाओं व बच्चों की संख्या ज्यादा रहती है, क्योंकि माताएं अपने छोटे बच्चों को माता के धोक दिलाने लाती हैं। मेले में क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने भी सपत्नीक शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की।

## कलेक्टर ने निरीक्षण कर गुणवत्ता, समयबद्धता व समन्वय पर दिया जोर

# 'ईसरदा बांध परियोजना के कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं'

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर कानाराम ने शुक्रवार को चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में ईसरदा बांध परियोजना सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति व गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं और तकनीकी मानकों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए।



निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने ईसरदा डैम स्थल पर कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में जल संसाधन सुदृढ़ीकरण और समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः इसके कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने विभागीय समन्वय को मजबूत करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर सुरेश कठानिया, अधीक्षण अभियंता जितेन्द्र लुहाड़िया व अधिशासी अभियंता विकास गर्ग सहित तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत जिला कलेक्टर ने ऐतिहासिक हाड़ी रानी बावड़ी ईसरदा का निरीक्षण कर इसके संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय व लाइब्रेरी का निरीक्षण कर पठन-पाठन सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ व जनोपयोगी बनाने पर बल दिया। उन्होंने ईसरदा चारागाह भूमि का भी निरीक्षण कर पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए व्यापक पौधारोपण अभियान चलाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि चारागाह भूमि का संरक्षण ग्रामीण अर्थव्यवस्था व पशुधन विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

## रेलवे में अपराध-कानून व्यवस्था को लेकर बैठक

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** रेलवे के अतिरिक्त महानिदेशक सुष्मित विश्वास दो दिन से बाड़मेर बालोतरा के दौरे पर हैं। उन्होंने जीआरपी पुलिस थाना बाड़मेर का निरीक्षण किया। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद उन्होंने जीआरपी व आरपीएफ के साथ रेलवे में अपराध व कानून व्यवस्था को लेकर समन्वय बैठक ली। इससे पहले उन्होंने बालोतरा की जीआरपी चौकियों का निरीक्षण किया। इसके बाद मुनाबाव रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। एडीजी सुष्मित विश्वास ने मीडिया बातचीत में कहा कि हमारा मकसद है कि



जीआरपी का बाकी सरकारी सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बैठाना है। जीआरपी का कर्तव्य व ड्यूटी है, वो आइसोलेंट नहीं है। इसमें पार्टनर आरपीएफ, रेलवे विभाग, आबकारी, एनसीबी और गैर सरकारी संस्था जैसे एनजीओ का भी काफी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। विश्वास ने बताया कि राज्य व केंद्र सरकार की ओर से कई तकनीकी चीजें अपग्रेड हुई है। अलग-अलग एप्स है। उसको हम थाना व चौकी लेवल तक बढ़ा सकें, इसके लिए हमारा प्रयास है। साल 1983 के बाद जीआरपी की नफरी में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है, लेकिन अभी राजस्थान में प्रतिदिन कम से कम 9 लाख पैसेंजर ट्रेन में सफर करते हैं। हमारी ड्यूटी उन 9 लाख पैसेंजर के लिए है। प्रदेश में हर दिन करीब साढ़े उन्नीस सौ ट्रेन चलती है। इसके अलावा मालगाड़ी भी चलती है। उसकी भी सिक्योरिटी हम लोग देखते है। इसके लिए हमें स्मार्ट पुलिसिंग करनी पड़ेगी। एडीजी विश्वास ने कहा कि बाड़मेर में क्राइम की संख्या कम है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रेन से टकराई तो चोरी की रिपोर्ट लिखाने पहुंचा ड्राइवर

## जल्दबाजी में खुद ने ही पटरी पर चढ़ाई तो गाड़ी को आती देख कूदकर भागा, मामला खुलने पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**बीकानेर।** सूडसर-नापासर स्टेशन के बीच एक किसान ड्राइवर ने जल्दबाजी में ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रैक पर चढ़ा दी और ट्रेन आती देख कूद कर दूर भाग गया। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रेन से टकरा गई। हादसे की जिम्मेदारी से बचने के लिए आरोपी ड्राइवर पुलिस थाने भी पहुंच गया और बोला कि ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गई है। मामला खुलने के बाद रेलवे पुलिस ने शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि नारसीसर बीकानेर निवासी किसान कान सिंह ट्रेक्टर-ट्रॉली लेकर निकला था। इस दौरान सूडसर-नापासर के बीच पिलर 419/06 के पास उसने पटरी क्रॉस करने के लिए ट्रैक्टर को ट्रैक पर चढ़ा दिया। इस दौरान यहां से ट्रेन गुजरी। सामने से आती रेल को देखकर भी कान सिंह ने रुकने के बजाय ट्रैक्टर की स्पीड बढ़ाकर पहले निकलने की कोशिश की। ट्रैक से ट्रैक्टर को निकल गया, लेकिन ट्रॉली पटरी पर फंस गई। कान सिंह ट्रैक्टर से कूदकर दूर हो गया और ट्रॉली ट्रेन से टकरा गई। यह लापरवाही कान सिंह की जान पर भी भारी पड़ सकती थी और ट्रेन को भी नुकसान हो सकता था। खुद की गलती से हादसा हुआ तो कान



सिंह पुलिस से बचने का उपाय सोचने लगा। हादसे के बाद कान सिंह रेलवे पुलिस थाने पहुंचा और बताया कि उसकी ट्रॉली और ट्रेक्टर चोरी हो गए हैं। आरपीएफ अधिकारियों को उसकी बात पर शक हुआ। कान सिंह से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने सच उगल दिया और बोला कि वह खुद ही स्पीड में ट्रैक्टर निकालने की कोशिश में था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल सुरक्षा आयुक्त संजय पीसे के निर्देश पर निरीक्षक सुभाष बिश्नोई के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी सबूतों और सूचना तंत्र की मदद से कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक कान सिंह पुत्र लिछमण सिंह निवासी नारसीसर को गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ ने कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त कर लिया। आरपीएफ थाने में उसके खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 153, 174 व 147 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इधर, रेलवे सुरक्षा बल की ओर से ग्रामीण इलाकों में समय समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। लोगों को रेलवे लाइन पार न करने और मवेशियों-वाहनों को रेलवे ट्रैक से दूर रखने की सलाह दी जाती है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण अपने जान माल की सुरक्षा के लिए रेलवे नियमों का पालन करें।

## एमडी-स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार, माता-पिता भी हिस्ट्रीशीटर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अजमेर की रामगंज थाना पुलिस ने एक महिला को एमडी और स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से मादक पदार्थ बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रामगंज थाना प्रभारी डॉ. दीपेन्द्र सैनी के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि सांसी बस्ती क्षेत्र में महिलाएं अवैध मादक पदार्थों की बिक्री कर रही हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम भगवानगंज स्थित यूआईटी क्वार्टर क्षेत्र में पहुंची, जहां एक महिला पुलिस को देखकर घबराकर दिशा बदलने लगी। शक के आधार पर महिला को रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कपड़ों में छुपाकर रखी गई दो प्लास्टिक थैलियों में पाउडरनुमा पदार्थ मिला। पुलिस जांच में यह पदार्थ एमडी ड्रग्स और स्मैक पाया



गया। वजन करने पर स्मैक 6.20 ग्राम और एमडी 7.61 ग्राम निकला।

पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ जब्त कर लिया और पूरी कार्रवाई की वीडियो ग्राफी भी कराई। पुलिस ने आरोपी महिला प्रियंका नारावत निवासी सांसी बस्ती भगवानगंज के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला का आपराधिक बैकग्राउंड भी है। उसके पिता रामगंज थाने और मां अलवर गेट थाने की हिस्ट्रीशीटर है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी महिला मादक पदार्थ कहां से लाती थी और इस अवैध कारोबार में कब से संलिप्त है।

# बीमारी के चलते डिप्रेशन में आकर परिवार का सामूहिक सुसाइड

## मरने से पहले रिश्तेदारों-दोस्तों को फोन कर बुलाया, दो दिन से बंद था घर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जोधपुर रोड स्थित आशापुरा टाउनशिप के एक घर में मां और दो बेटों ने सामूहिक सुसाइड कर लिया। बड़े बेटे बॉडी पंखे से लटकी थी, जबकि मां व छोटा बेटा पर पड़े थे। सबसे पहले नरपत के मौसेरे भाई लक्ष्मण ने उनके शव को देखा था। वही पुलिस लेकर घर के अंदर पहुंचा था। उसने बताया कि फोन पर बात करने पर नरपत ने कहा था कि मेरे शरीर पर घाव हो रहे हैं। उनमें मवाद भर रहा है। मुझे हॉस्पिटल ले चलना, इसके बाद सीधे उनकी लाश मिली।

करीब 2 साल पहले उनके पिता की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। अब पूरा परिवार ही खत्म हो गया। वहीं नरपत के दोस्त व पड़ोसी ने कहा कि मुझे भी अस्पताल ले जाने की बात कही थी और कहा था कि शाम को आना। फोन मत करना, सीधे दरवाजा खटखटाना। मैं जा नहीं सका और अगले दिन तीनों की लाश मिली। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है, इसमें बीमारी से डिप्रेशन में आकर सुसाइड करने की बात लिखी है। पुलिस ने बताया कि घर में मां शांति देवी और उनके बेटे



### बॉडी में जगह-जगह घाव होने पर छोड़ दी थी जॉब

औद्योगिक नगर थाना प्रभारी निरमा बिश्नोई ने बताया कि दो शवों के पास जहर की बोतल भी मिली है। मामले के जांच जारी है। मौसेरे भाई लक्ष्मण ने बताया कि नरपत ऑयल कंपनी में काम करता था। उसकी बॉडी में जगह-जगह घाव हो गए थे। ऐसे में उसने करीब 8 महीने पहले जॉब छोड़ दी थी। वह घर पर ही रहने लगा था। मौसेरे भाई ने बताया कि नरपत ने दो दिन पहले कॉल किया था और कहा था कि उसकी बॉडी में जगह-जगह मवाद पड़ गया है। हॉस्पिटल में उसे भर्ती होना है, इसलिए उसे हॉस्पिटल भर्ती करवाने आ जाओ। घर आने के लिए कई कॉल किए, लेकिन किसी ने भी फोन नहीं उठाया। इसके बाद उनके यहां पहुंचा तो सारा मामला सामने आया।

नरपत लाल व रघुवीर के शव मिले थे। यह घर 2 दिन से बंद था। सबसे पहले मारवाड़ जंक्शन के जोगड़ावास निवासी मौसेरा भाई लक्ष्मण घर पर पहुंचा था। दरवाजा खटखटाया और आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने के बाद औद्योगिक नगर थाना पहुंच कर पुलिस ले आया। घर अंदर से बंद था। ऐसे में पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। तीनों के शव बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए। पुलिस फिलहाल सुसाइड और अन्य एंगल से भी जांच कर रही है। डीएसपी सिटी मदन सिंह ने बताया कि मौके से दो मोबाइल और एक सुसाइड नोट भी मिला है। जांच जारी है।

### बाथरूम में हार्ट अटैक आने से पिता हो गई थी मौत

मौसेरे भाई ने बताया कि नरपत के पिता मांगीलाल मिल में काम करते थे और मिल चाली क्षेत्र में ही रहते थे। करीब दो-तीन साल पहले उन्होंने आशापुरा टाउनशिप में मकान खरीदा और यहां आकर रहने लगे। करीब 2 साल पहले एक दिन बाथरूम में नहाने के दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया, जिससे उनकी मौत हो गई। अब पूरे परिवार के सामूहिक सुसाइड ने सभी को चौंका दिया। घर पर नरपत, रघुवीर व उनकी मां शांतिदेवी रहते थे। रघुवीर मस्तान बाबा के पास एक मोबाइल शॉप पर काम करता था। मां शांतिदेवी भी बीमार रहती थीं।

**दोनों भाइयों की नहीं हुई थी शादी**

मृतक नरपत के मकान के सामने रहने वाले पड़ोसी सौरभ ने बताया कि दोनों भाइयों की शादी भी नहीं हुई थी। दो दिन पहले नरपत उसे हाउसिंग बोर्ड में मिला था। उसने कहा था कि उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल भर्ती होना है, इसलिए साथ चलना। घर आना, मोबाइल बंद रहेगा, इसलिए दरवाजा खटखटाना। सौरभ ने बताया कि वह किसी कामकाज के चक्कर में नरपत के घर नहीं जा सका। जानकारी के अनुसार पुलिस को कमरे में एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें बीमारी के चलते डिप्रेशन में होने के कारण यह कदम उठाना बताया गया है।

## हत्या के प्रयास-फायरिंग के मामले में फरार इनामी बदमाश दबोचा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने 5 हजार के इनामी बदमाश अरबाज खान उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले करीब 4 महीने से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि दिसंबर में पीड़िता के साथ मारपीट और हत्या के प्रयास के इरादे से फायरिंग की वारदात हुई थी। इस मामले में ट्रांसपोर्ट नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस पहले ही शाहीद खान व वाहीद खान को बीएनएस व आर्म्स एक्ट मामले में गिरफ्तार कर चुकी थी। वहीं घटना के बाद से अरबाज उर्फ काला व आबिद खान फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। थानाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। इसके बाद आरोपी अरबाज खान उर्फ काला को उसके ठिकाने से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब इस मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी आबिद खान की तलाश में जुटी है। माना जा रहा है कि गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

## प्रेम-प्रसंग के चलते छात्र-छात्रा ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** राजगढ़ क्षेत्र में सुरेर के पास शुक्रवार तड़के करीब साढ़े 4 बजे 12वीं के छात्र-छात्रा ट्रेन के आगे कूद गए। उन्होंने अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। छात्र अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जिसके पिता कैंसर से पीड़ित हैं। रेलवे पुलिस के एएसपी नरेंद्र ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 4 बजे स्टेशन मास्टर से सूचना मिली थी कि दो स्टूडेंट ट्रेन से कट गए। सूचना पर राजगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची। यहां आने पर पता चला कि पटरी पर दोनों के शव बिखरे पड़े हैं। राजगढ़ एसएचओ अंजू ने बताया कि दोनों 13 किलोमीटर दूर से बाइक से यहां आए थे। यहां आने के बाद उन्होंने अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे छलांग लगाकर जान दे दी। यह जानकारी सामने आ रही है कि दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। परिवार व गांव के लोगों को इसका पता चल गया था। इसके बाद से वे दबाव में थे। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों सरकारी स्कूल में पढ़ते थे। छात्र के पिता कैंसर से पीड़ित हैं और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। दोनों गांव से करीब 13 किलोमीटर दूर सुरेर के नजदीक रेलवे पटरी के पास बाइक से आए थे। दोनों ने यहां बाइक खड़ी कर दी। इसके बाद ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। दोनों की मौत की सूचना मिलने पर पूरे गांव में शोक छा गया। वहीं पुलिस ने दोनों मृतकों का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## ट्रैक्टर की सर्विस करते समय आग लगने से झुलसा युवक

महानगर टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजगढ़ के मानपुरा निवासी एक युवक शुक्रवार दोपहर अपने घर पर ट्रैक्टर की सर्विस करते समय आग लगने से झुलस गया। ट्रैक्टर का डीजल बदलते समय बीड़ी की चिंगारी से आग लग गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे चूरू के डीबी अस्पताल रैफर किया गया है। घायल रूपाराम ने बताया कि वह ट्रैक्टर का डीजल बदल रहा था और इसी दौरान उसने बीड़ी जलाई, तभी एक नट उछलकर बीड़ी पर गिरा, जिससे डीजल ने अचानक आग पकड़ ली। आग की चपेट में आने से रूपाराम बुरी तरह झुलस गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और कंबल



की मदद से आग बुझाई। परिजन उसे तुरंत एक निजी वाहन से राजगढ़ के सरकारी अस्पताल ले गए। राजगढ़ अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रूपाराम की गंभीर हालत को देखते हुए 108 एंबुलेंस से चूरू के डीबी अस्पताल रैफर कर दिया गया। डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टरों के अनुसार युवक 31 प्रतिशत झुलसा है। फिलहाल रूपाराम अस्पताल में भर्ती हैं और उसका इलाज जारी है। डॉक्टर उसकी तबीयत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

# पार्किंग को लेकर महिला ड्राइवर और दुकानदार आपस में भिड़े

## अपशब्द बोलने पर दोनों ने लाठी-डंडे से एक-दूसरे पर किया हमला

महानगर टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** पुराने शहर के गड़िया देवरा इलाके में ऑटो पार्किंग को लेकर महिला ड्राइवर और दुकानदार में कहासुनी के बाद हंगामा बढ़ गया। यहां एक दुकान के सामने ऑटो खड़ा करने पर महिला ड्राइवर और दुकानदार के बीच बीच सड़क पर ही लड़ाई शुरू हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच लकड़ी से मारपीट हुई। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला सुलझाया। इसका वीडियो भी सामने आया है। महिला ऑटो ड्राइवर और दुकानदार यशवंत के बीच पहले तो मामूली कहासुनी हुई, लेकिन दुकानदार के अपशब्द कहने पर मामला बढ़ गया। दुकानदार की बातों से नाराज होकर महिला ऑटो ड्राइवर हाथ में डंडा लेकर सीधे दुकान के अंदर घुस गई। इसके बाद दुकानदार ने भी महिला पर लकड़ी से हमला किया। दोनों के बीच 3 से 4 मिनट तक आपस में डंडे से मारपीट का यह सिलसिला चलता रहा। इसके बाद महिला ड्राइवर ने शुक्रवार को घंटाघर थाने पहुंचकर दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद घंटाघर पुलिस ने




आरोपी दुकानदार यशवंत को डिटेन किया। मौके पर मौजूद लोगों ने जब यह नजारा देखा तो बीच-बचाव करने पहुंचे। लोगों ने बड़ी मुश्किल से महिला को बचाया और मामला शांत करवाया। इस बीच गुस्से में आए कुछ लोगों ने दुकानदार की धुनाई भी कर दी। हंगामे की वजह से इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही और तनाव का माहौल बन गया। घंटाघर थानाधिकारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और आरोपी दुकानदार को डिटेन कर लिया। पुलिस अब वीडियो और आसपास के दुकानदारों के बयानों के आधार पर विवाद को समझने की कोशिश कर रही है। वहीं दुकानदार यशवंत वैष्णव का आरोप है कि महिला ड्राइवर रोजाना उसकी दुकान के सामने ऑटो लाकर खड़ा कर देती है। उसे ऑटो हटाने के लिए टोका जाता है तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो जाती है। महिला ड्राइवर ने कहा कि दुकानदार जानबूझकर उसे परेशान करता है।

पार्किंग के नाम पर रोजाना मुझसे उलझता है और बात-बात में गाली-गलौज करने लग जाता है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर के बाहर ताला लगा भीतर जुआ खेलते 4 धरे, मकान मालिक फरार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**टोंक।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बछेरो का घेर इलाके में डीएसटी ने एक मकान में जुआ खेल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों के पास से 25 हजार रुपए भी जब्त किए गए हैं। पुलिस को आते देख मकान मालिक भाग गया, जिसकी तलाश की जा रही है। जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि टीम ने काली पलटन निवासी रहमान पुत्र अब्दुल गनी, नदीम पुत्र जफर, साहिल पुत्र अब्दुल वाहिद व धन्ना तलाई निवासी हुसैन पुत्र मोहम्मद अजीम को जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया है। टीम प्रभारी चौधरी ने बताया कि शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में सटोरिया लोगों को बुलाकर मकान में जुआ-सट्टा खिलाता था। सूचना पुख्ता होने के बाद टीम ने मकान पर दबिश दी। मकान के बाहर से ताले लगे हुए थे। उन्हें तोड़कर टीम अंदर घुसी, फिर तीसरी मंजिल पर चार लोग



चटाई पर जुआ खेलते मिले, जिन्हें गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 25 हजार रुपए और चटाई जब्त की गई। आरोपियों को पकड़कर कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जहां उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम प्रभारी चौधरी ने बताया कि सटोरिया शाकील का मकान तीन मंजिला है। उसने जुआरियों को पुलिस से बचाने के लिए ग्राउंड फ्लोर के गेट पर तीन ताले लगा रखे थे, ये ही हाल दूसरी मंजिल के गेट के थे। तीसरी मंजिल के गेट पर भी बाहर की ओर से ताला लगा रखा, जिससे कोई बाहर से गेट नहीं खोल सके।

## स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत, बेटी घायल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**डूंगरपुर।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र के आसपुर रोड पर चुंगी नाका के पास एक निजी स्कूल बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार सागवाड़ा कटारवाड़ा निवासी अशोक मईड़ा अपनी 8 साल की बेटी निधि के साथ बाइक पर सागवाड़ा शहर से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान आसपुर मार्ग पर



चुंगी नाका के पास सामने से आ रही एक निजी स्कूल बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अशोक मईड़ा की मौके पर ही मौत हो गई और उनकी बेटी निधि गंभीर रूप से घायल हो गई।

हादसे के बाद बच्चों से भरी स्कूल बस को छोड़कर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर सागवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। घायल निधि को तुरंत सागवाड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक अशोक मईड़ा के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने स्कूल बस को जब्त कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## सरकारी अस्पताल में इंजेक्शन लगाते ही गर्भवती महिला की मौत

### परिजनों ने ऐसी घटनाओं पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप

**सिरोही(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जिला अस्पताल के महिला वार्ड में शुक्रवार सुबह बाजार से लाए गए इंजेक्शन के लगाने के कुछ ही देर बाद एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। महिला को पिंडवाड़ा के मोरस गांव से सिरोही रैफर किया गया था। परिजनों ने पहले हंगामा किया, लेकिन बाद में यह कहते हुए शव ले गए कि ऐसी घटनाओं पर कोई कार्रवाई नहीं होती। जानकारी के अनुसार पिंडवाड़ा के मोरस गांव निवासी रताराम अपनी पत्नी नवी को प्रसव के लिए पिंडवाड़ा के सरकारी अस्पताल लाए थे, वहां जांच के बाद उसे सिरोही रैफर कर दिया गया। सिरोही आते समय रास्ते में ही प्रसव हुआ, जिसमें बच्चे की मौत हो गई। रताराम अपनी पत्नी नवी को लेकर सिरोही महिला अस्पताल पहुंचे, यहां जांच में पत्नी का हीमोग्लोबिन कम पाया गया। इलाज के दौरान बाजार से एक इंजेक्शन लाने को कहा गया। रताराम इंजेक्शन लेकर आया, जिसे नवी को लगाया गया। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद नवी की मौत हो गई। हालांकि, इसके बाद भी करीब आधे घंटे तक इलाज जारी रहा। इस घटना को लेकर परिजनों ने गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके परिवार की एक महिला की मौत हो गई है और कार्रवाई करवाने का कोई फायदा नहीं है। परिजनों ने बताया कि एक साल पहले आबूरोड में भी उनके परिवार की एक महिला की इसी तरह मौत हुई थी। उस मामले में भी कार्रवाई के लिए कहा गया था, लेकिन कागजी कार्रवाई में एक महीना खराब कर दिया गया और आज तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला। परिजनों ने कहा कि शिकायत करने पर सिरोही में भी यही स्थिति होगी और कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से शव सौंपने की मांग की, इसके बाद वे शव लेकर घर लौट गए। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र महात्मा ने अस्पताल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। परिजनों ने किसी तरह का कोई मामला दर्ज नहीं कराया है।

## ट्रक से 7.730 किलो अवैध डोडा पोस्त जब्त कर दो तस्कर पकड़े

**नागौर(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** डीडवाना-कुचामन में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में परबतसर थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब नंबर के एक ट्रक से 7 किलो 730 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचंद खारिया और वृत्ताधिकारी विक्की नागपाल के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी सुमन बुंदेला के नेतृत्व में एक टीम ने वीर तेजा मार्ग पर सघन नाकाबंदी की थी। नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक आता दिखा। पुलिस को देखकर चालक और उसका साथी वाहन छोड़कर भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसके केबिन से अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जगसीर सिंह व जसप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो मोगा पंजाब के निवासी हैं। पुलिस ने जब्त किए गए मादक पदार्थ के साथ-साथ तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है। इस संबंध में परबतसर पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

# धड़ल्ले से चल रहे अवैध क्लीनिकों पर मारे छापे, चार किए सीज

## बच्चों की रहस्यमयी मौत के बाद झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई


महानगर टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** सलूंबर के लसाड़िया और झल्लारा इलाके में एक के बाद एक 8 बच्चों की रहस्यमयी मौत के बाद प्रशासन ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम ने छापेमारी कर 4 अवैध क्लीनिकों सील कर दिया है, इनमें से 3 क्लीनिक लसाड़िया उपखंड मुख्यालय पर धड़ल्ले से चल रहे थे। वहीं 1 क्लीनिक आंजणी इलाके में पकड़ा गया। सरकारी गाड़ियों का काफिला बाजार में पहुंचा तो अवैध रूप से दुकान चला रहे झोलाछापों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के डर से कई झोलाछाप अपनी दुकानें खुली छोड़कर मौके से भाग गए। इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए प्रशासन ने एक मजबूत टीम तैयार की थी। टीम ने इन क्लीनिकों की जांच की तो इलाज के नाम पर लीपापोती हो रही थी। सलूंबर कलेक्टर



मुहम्मद जुनैद पीपी ने साफ निर्देश दिए कि लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले किसी भी झोलाछाप को बख्शा नहीं जाए। इसी आदेश के बाद लसाड़िया क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई। इलाके में करीब 7 साल बाद इस स्तर की कोई बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। सीएमएचओ महेन्द्र परमार ने बताया कि इन झोलाछापों ने इलाके में अपनी जड़े इतनी गहरी जमा ली हैं कि ग्रामीण सरकारी अस्पताल जाने के बजाय इनके पास जाना बेहतर समझते हैं। ये झोलाछाप बिना किसी जांच या डिग्री के मरीजों को हाई डोज दवाइयां और धड़ाधड़ इंजेक्शन दे रहे थे। मोटी कमाई के चक्कर में मामूली बीमारी होने पर भी मरीजों को ग्लूकोज की बोतलें चढ़ा दी जाती थी। इलाज का यह तरीका मरीजों की जान के लिए सबसे बड़ा खतरा है। यह अभियान रुकने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में अन्य गांवों में भी झोलाछाप डॉक्टरों पर इसी तरह शिकंजा कसा जाएगा।

facebook YouTube X twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# 'गिन्नी वेड्स सनी-2' का ट्रेलर रिलीज रोमांस और कॉमेडी का दिखा तड़का

**अविनाश तिवारी** और मेधा शंकर अभिनीत रोमांटिक फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी-2' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया। यह फिल्म एक पारिवारिक ड्रामा का मिश्रण है, जिसके ट्रेलर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। 2 मिनट 36 सेकंड के ट्रेलर में अविनाश पहलवान के रोल में नजर आ रहे हैं, तो मेधा मॉडर्न लड़की की भूमिका में हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अविनाश के पहलवानी और दुकान के काम के कारण रिश्तों में अड़चनें आती हैं। मेधा शंकर काफी मॉडर्न हैं और कॉल सेंटर में काम करती हैं, जिसके कारण उसे सही रिश्ता नहीं मिल पाता। इसमें दोनों के माता-पिता एक योजना बनाते हैं। वे अपने बच्चों की सच्चाई बताए बिना शादी तय कर देते हैं। शादी से पहले अविनाश और मेधा एक-दूसरे से झूठ बोलते हैं, जहां मेधा सीधी-सादी लड़की का लुक अपनाती है, जबकि अविनाश बताता है कि उनका एक स्टार्टअप है, लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब दोनों को एक-दूसरे की सच्चाई पता चल जाती है।

ट्रेलर में अविनाश पहलवानी के अंदाज में ताकतवर और मजाकिया दिख रहे हैं, तो वहीं मेधा शंकर का मॉडर्न स्टाइल और कॉन्फिडेंस स्क्रीन पर खूब छा रहा है। फिल्म रोमांटिक कॉमेडी के साथ-साथ पारिवारिक रिश्तों की नोक-झोंक और भावनाओं को भी अच्छे से दिखाती है। रोमांटिक-कॉमेडी सीक्वल 'गिन्नी वेड्स सनी-2' जी स्टूडियोज की फिल्म है। इसके निर्माता विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल हैं। इसमें प्रशांत झा ने लेखन और निर्देशन किया है। फिल्म में मेधा और अविनाश के अलावा, लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव और अन्य कलाकार नजर आएंगे। फिल्म 24 अप्रेल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म साल 2020 में आई विक्रांत मैसी और यामी गौतम की 'गिन्नी वेड्स सनी' का सीक्वल है। फिल्म का निर्देशन पुनीत खन्ना ने किया था। यह फिल्म दिल्ली के बैकग्राउंड पर आधारित थी, जिसमें एक सुलझी हुई लड़की (गिन्नी) और एक बेताब प्रेमी (सनी) की कहानी को दिखाया गया था।

# 'गिन्नी वेड्स सनी 2' परिवारों को वापस सिनेमाघरों में लेकर आएगी : अविनाश



फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी-2' का ट्रेलर लॉन्च भव्य तरीके से रखा गया, जहां अविनाश तिवारी और मेधा शंकर ने अपनी फिल्म और सिनेमा पर खुलकर बात की। अविनाश तिवारी और मेधा शंकर से सवाल पूछा गया कि शादियों में भारतीय परिवारों में किसे सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इसका जवाब देते हुए मेधा शंकर कहती हैं, फूफाजी। वे कहती हैं, 'मैंने अक्सर सुना है कि शादी में फूफाजी को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। उन्हें शादी का खाना अच्छा नहीं लगता है और सोने की अंगूठी भी गिफ्ट में नहीं मिलती है। यही चीजें फूफाजी को नाराज करने के लिए काफी हैं, जबकि अविनाश तिवारी कहते हैं कि शादी में बवाल हमेशा घर की बड़ी बहन करती है। वो घर को संभालना भी जानती है और शादी में बवाल करने वाले लोगों को ठीक करना भी।

'गिन्नी वेड्स सनी-2' से जुड़े सवाल पर अभिनेता ने कहा, 'आज के समय में बहुत कम पारिवारिक फिल्में बन रही हैं और हमें उम्मीद है कि यह फिल्म परिवारों को वापस एक साथ सिनेमाघरों में लौटने के लिए मजबूर करेगी। आज के समय में एक्शन और फिक्शन फिल्में बनती हैं और पारिवारिक फिल्में कम।' उन्होंने कहा, 'मेरे ही घर के बच्चे मेरी फिल्में नहीं देखते हैं, क्योंकि उसमें एक्शन होता है और खून-खराबा भी। यही कारण है कि लोगों ने सोचना कम कर दिया है कि पहले की तरह फिल्में पारिवारिक भी बननी चाहिए। हर जॉनर अच्छा होता है, लेकिन परिवार और भावनाओं पर बनने वाली फिल्मों की संख्या कम हो गई। उम्मीद है कि हम सिनेमाघरों में वापस परिवारों को लाने में कामयाब होंगे।'

# शाहिद-तृप्ति की 'ओ रोमियो' ने दी ओटीटी पर दस्तक

अगर आप क्राइम, सस्पेंस और विशाल भारद्वाज की डार्क कहानियों के शौकीन हैं, तो आपके लिए प्राइम वीडियो पर शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' ग्लोबली रिलीज हो गई है। साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन में बनी यह फिल्म न सिर्फ अपने दमदार कलाकारों के कारण चर्चा में है, बल्कि इसकी कहानी आपको 90 के दशक के उस बॉम्बे में ले जाती है, जहां गोलियों की गूंज और वफादारी के बीच की लकीर बहुत धुंधली थी।

फिल्म की स्टारकास्ट किसी पावरहाउस से कम नहीं है। बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर एक बार फिर अपने इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। उनके साथ तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी की जोड़ी ने स्क्रीन पर आग लगा दी है। वहीं, दिग्गज कलाकार नाना पाटेकर, फरीदा जलाल और तमन्ना भाटिया ने कहानी में जान फूंक दी है। फिल्म में विक्रांत मैसी का कैमियो एक बड़ा सरप्राइज है, जो कहानी को एक अलग मोड़ पर ले जाता है।

'ओ रोमियो' की कहानी साल 1994 के बॉम्बे की कहानी पर आधारित है। फिल्म का मुख्य किरदार 'उस्तरा' (शाहिद कपूर) एक खौफनाक गैंगस्टर है, लेकिन उसका एक राज है- वह खुफिया अधिकारी इस्माइल खान के लिए भी काम करता है। मिशन के दौरान उसे दहेश दुग्गल नाम के एक फाइनेंसर को खत्म करना है, जिसके तार स्पेन में बैठे माफिया जलाल से जुड़े हैं।

कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब उस्तरा की मुलाकात अफशान (तृप्ति डिमरी) से होती है। अफशान एक ऐसी विधवा है, जो अपने प्रेमी बिल्लू की मौत का बदला लेना चाहती है। यहीं से शुरू होता है भावनाओं, धोखे और हिंसा का एक ऐसा खेल, जहां प्यार और फर्ज के बीच की जंग खूनी मोड़ ले लेती है।

### विशाल भारद्वाज और गुलजार का जादू

फिल्म की सबसे बड़ी ताकत विशाल भारद्वाज का निर्देशन और गुलजार साहब का संगीत है। विशाल भारद्वाज अपनी फिल्मों में जिस तरह से मानवीय संवेदनाओं और माफिया जगत की हकीकत को पिरोते हैं, वह इस फिल्म में भी साफ झलकता है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म केवल एक एक्शन ड्रामा नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि ताकत की चाहत में इंसान को क्या कीमत चुकानी पड़ती है।



# 'इन यादों को किसी चीज से नहीं बदल सकती', सिब्लिंग्स डे पर शमिता संग यादें साझा कर भावुक हुईं शिल्पा शेट्टी

आम लोगों की तरह ही फिल्मी सितारे भी अपने परिवार के साथ बिताए पलों को बेहद संजोकर रखते हैं और खास मौकों पर उन्हें फैंस के साथ साझा करते हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने सिब्लिंग्स डे के अवसर पर अपनी छोटी बहन शमिता शेट्टी के साथ बिताई यादों को साझा किया। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके बचपन से लेकर अब तक के कई अनदेखे पल शामिल हैं, जिसमें दोनों बहनों की मस्ती, हंसी और उनके बीच की गहरी बॉन्डिंग साफ नजर आ रही है। वीडियो में अलग-अलग तस्वीरों के साथ मजेदार लाइन्स भी लिखी गई है। कुछ तस्वीरों में दोनों अलग अंदाज में खड़ी नजर आ रही हैं, तो कहीं खाने की बात सुनते ही उनका उत्साह देखने को मिल रहा है। वीडियो के साथ शिल्पा ने रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'तमाशा' का गाना 'मटरगश्ती' का इस्तेमाल किया। इस गाने को मोहित चौहान ने गाया। गाने की मस्ती और वीडियो का इमोशन एक-दूसरे के साथ पूरी तरह मेल खा रहे हैं। शिल्पा शेट्टी ने कैप्शन में लिखा, 'बहनों का रिश्ता प्यार, पागलपन और यादों का ऐसा संगम होता है, जिसे मैं कभी किसी भी चीज के लिए बदलना नहीं चाहूंगी।'



अगर शमिता शेट्टी की बात करें, तो उन्होंने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत साल 2000 में फिल्म 'मोहब्बतें' से की थी। इसके बाद उन्होंने 'बेवफा', 'जहर' और 'कैश' जैसी फिल्मों में काम किया। फिल्मों के अलावा उन्होंने कई चर्चित रियलिटी शो में भी हिस्सा लिया, जिससे उन्हें घर-घर में पहचान मिली। वहीं शिल्पा शेट्टी की बात करें, तो वे हाल ही में फिल्म 'सुखी' में नजर आई थीं, जिसका निर्देशन सोनल जोशी ने किया था। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया, जो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से निकलकर खुद को फिर से पहचानने की कोशिश करती है। यह कहानी हर उस महिला से जुड़ती है, जो अपने सपनों को फिर से जीना चाहती है। आने वाले समय में शिल्पा शेट्टी फिल्म 'केडी: द डेविल' में नजर आने वाली हैं, जिसमें उनके साथ ध्रुव सरजा, संजय दत्त, वी. रविचंद्रन, रमेश अरविंद, रेशमा नानैया, जीशु सेनगुप्ता और नोरा फतेही जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# मेकअप में और खराब लगती हूं, नेहा शर्मा ने खुद पर किया मजेदार कमेंट



फिल्मी दुनिया में जहां सितारे अक्सर अपने परफेक्ट लुक और ग्लैमरस अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वहीं कई बार वही सितारे अपने फैंस के सामने अपनी असलियत भी खुलकर रखते नजर आते हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा ने शुक्रवार को एक ऐसा बयान दिया, जिसने फैंस को भी हैरान कर दिया। नेहा शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह मेकअप किए हुए नजर आ रही हैं। वीडियो में वह अपने बालों को फ्लिप करते हुए अपने लुक को दिखा रही हैं। आमतौर पर जहां सेलेब्रिटीज अपने मेकअप लुक की तारीफ करते हैं। वहीं नेहा ने इस बार बिल्कुल अलग अंदाज अपनाया। वीडियो के साथ उन्होंने बेहद ईमानदारी से लिखा, 'मुझे अपने बाल और मेकअप ठीक से करना नहीं आता। मुझे इस स्किल को सीखने की जरूरत है, ताकि मैं खुद को बेहतर तरीके से प्रजेंट कर सकूं।' इतना ही नहीं, नेहा ने अपने मेकअप लुक पर मजाकिया अंदाज में सवाल भी उठाया। उन्होंने लिखा, 'क्या मैं ही अकेली लड़की हूं जिसे लगता है कि मेकअप के साथ मैं और भी खराब दिखती हूं?' नेहा शर्मा की बात करें तो उन्हें कुकिंग, म्यूजिक सुनना, किताबें पढ़ना और डांस करना बेहद पसंद है। नेहा ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ट्रेनिंग ली है और इसके अलावा उन्होंने लंदन के पाइनएप्पल डांस स्टूडियो से स्ट्रीट हिप-हॉप, सालसा, मेरेंग्यू, जाइव और जैज जैसे कई वेस्टर्न डांस फॉर्म भी सीखे हैं। फिल्मों की बात करें तो उन्होंने 2007 में तेलुगु फिल्म 'चिरुथा' से कॅरियर शुरू किया और बाद में 'क्रूक', 'क्या सुपर कूल हैं हम', 'यमला पगला दीवाना 2', 'तान्हाजी' और 'जोगीरा सारा रा रा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। इसके अलावा, वह 'इल्लिगल' जैसी वेब सीरीज और कई म्यूजिक वीडियोज में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं।



# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है 'डकैत', मृणाल और अदिवि शेष की फिल्म पर बोले नेटिजंस



**इन** दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आस-पास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार को 'डकैत' ने दस्तक दी है। जानिए फिल्म देखने के बाद दर्शकों का कैसा रिएक्शन है?

**एक्शन और इमोशंस से भरपूर है फिल्म:** फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। यह फिल्म देखने के बाद दर्शकों ने सोशल मीडिया पर रिएक्शन देने शुरू कर दिए हैं। इसे एक्शन और प्यार का कॉम्बिनेशन बताया है।

**अदिवि शेष के एक्शन का दिखा दम:** सिनेमाघरों में फिल्म देखने पहुंचे दर्शक इसकी क्लिप भी सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। चंद सेकंड की एक वायरल क्लिप में अदिवि शेष के धांसू एक्शन की झलक नजर आ रही है। वे बाइक पर स्टंट करते दिखे हैं।

**दर्शकों ने क्लाइमैक्स को बताया सुपर:** शनील देव के निर्देशन में बनी फिल्म 'डकैत' में अनुराग कश्यप, प्रकाश झा, सुनील, अतुल कुलकर्णी, जैन मैरी खान और कामाक्षी भास्करला जैसे सितारे भी अहम रोल में हैं। फिल्म में एक्शन के साथ-साथ इसकी कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। साथ ही, फिल्म के क्लाइमैक्स को नेटिजंस सुपर बता रहे हैं। फिल्म की क्लिप शेयर करते हुए दर्शक फायर इमोजी बना रहे हैं।

**अदिवि और मृणाल की केमिस्ट्री ने जीता दिल:** फिल्म में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री ने भी दर्शकों का दिल जीता है। इस एक्शन लव स्टोरी फिल्म के पहले पार्ट को दर्शक खासतौर पर शानदार बता रहे हैं।

# 'नागिन 7' में नाग गुरु के अवतार में नजर आएंगे अक्षय कुमार, प्रियंका चाहर चौधरी को करेंगे ड्रैगन से सतर्क



**टीवी** और फिल्मों के बीच का रिश्ता अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो गया है। बड़े सितारे अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए टीवी शोज का सहारा लेते हैं, जिससे दर्शकों को भी कुछ नया और अलग देखने को मिलता है। इसी कड़ी में बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन के लिए टीवी के पॉपुलर शो 'नागिन 7' में नजर आने वाले हैं। इस खास एपिसोड की झलक सामने आते ही दर्शकों के बीच उत्साह और भी बढ़ गया है। कलर्स टीवी चैनल ने इंस्टाग्राम पर इस एपिसोड का प्रोमो शेयर किया है। यह एपिसोड 11 अप्रेल को प्रसारित किया जाएगा। प्रोमो में अक्षय कुमार 'नाग गुरु' के रूप में दिखाई दे रहे हैं। यह अवतार उनके फैंस के लिए काफी दिलचस्प और नया है। वीडियो की शुरुआत में अक्षय कुमार फिल्म के गाने 'राम जी आके भला करेंगे' पर जबरदस्त डांस करते नजर आते हैं। इसके बाद कहानी में एक नया मोड़ आता है, जब वह प्रियंका चाहर चौधरी के किरदार नागिन आहना को सतर्क करते हैं।



अक्षय कहते हैं, 'ड्रैगन ही तुम्हारा सबसे बड़ा दुश्मन है, जो इतना विशाल है कि उसकी परछाई से जमीन पर रोशनी तक नहीं पहुंचती।'

प्रोमो में आगे ड्रैगन और नागिन के बीच 'ड्रैगन पर्ल' को लेकर जबरदस्त टक्कर देखने को मिलती है। यह मुकाबला विजुअली भी काफी दमदार नजर आता है, जो दर्शकों को स्क्रीन से बांधकर रखने का काम करेगा। वीडियो के साथ चैनल ने कैप्शन में लिखा है, 'क्या ड्रैगन पर्ल की इस घमासान लड़ाई में नागिन देगी अपने दुश्मन को मात?' इससे पहले भी एक प्रोमो सामने आया था, जिसमें अक्षय कुमार फोन पर नागिन आहना को ड्रैगन के खतरे के बारे में बताते हैं। आहना उनसे मदद मांगती है, लेकिन अक्षय उन्हें समझाते हैं कि इस लड़ाई को उसे खुद ही लड़ना होगा। वह बताते हैं, 'ड्रैगन को हराने का एक ही तरीका है और वो है उसकी खुद की आग।' यह तरीका कहानी को और ज्यादा रहस्यमयी और दिलचस्प बनाता है।

अक्षय कुमार प्रोमो में कहते नजर आते हैं कि जब नागिनों की नागिन परेशान होती है, तो उन्हें आना ही पड़ता है, लेकिन असली लड़ाई आहना को खुद ही लड़नी होगी। इसके बाद आहना उनसे वादा करती है कि वह इस चुनौती का सामना करेगी और ड्रैगन का खात्मा करेगी। गौरतलब है कि फिल्म 'भूत बंगला' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। यही वजह है कि फिल्म के प्रमोशन के लिए अक्षय कुमार की एंट्री 'नागिन 7' में करवाई गई है। इस खास एपिसोड के जरिए दर्शकों को एक साथ टीवी ड्रामा और फिल्मी तड़का देखने को मिलेगा।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।






# अब सुंदरा में मीलों दूर से नहीं लाना पड़ता है पानी

## बदली जिंदगी की धारा: स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले की भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बसा सुंदरा गांव एक ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बना है। आजादी के बाद पहली बार इस दूरस्थ रेगिस्तानी गांव के हर घर तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचा है। यह केवल पानी की आपूर्ति नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही कठिनाइयों पर जीत और नई उम्मीदों की शुरुआत है।

सन् 1734 में स्थापित सुंदरा कभी क्षेत्रफल की दृष्टि से देश की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत माना जाता था। लगभग 1345 वर्ग किलोमीटर में फैले इस गांव का जीवन हमेशा से रेगिस्तान की कठिन परिस्थितियों से जुड़ा रहा है। बाड़मेर मुख्यालय से करीब 170 किलोमीटर दूर बसे इस गांव के लोगों को पीने के पानी के लिए वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा। यहां का भूजल इतना खारा था कि इंसानों के साथ-साथ पशु भी उसे पीने से कतराते थे। सरकार द्वारा लगाए गए ट्यूबवेल भी बेकार साबित हुए। मजबूरी में लोगों को 15-20 किलोमीटर दूर अन्य गांवों से पानी ढोकर लाना पड़ता था।



### युद्ध और विस्थापन की पीड़ा

भारत-पाकिस्तान युद्ध 1965 और भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 के दौरान इस सीमा क्षेत्र के गांव को खाली करवा दिया गया था। ऐसे में सुंदरा के लोगों ने न सिर्फ प्राकृतिक कठिनाइयों, बल्कि ऐतिहासिक चुनौतियों का भी सामना किया।

### जब सपना हकीकत बना

सुंदरा के लोगों के लिए यह बदलाव किसी चमत्कार से कम नहीं है। 80 वर्षीय महिलाओं ने पहली बार अपने घर के सामने मीठे पानी का नल देखा। दशकों तक खारा पानी पीने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ा, दांत पीले होना, हड्डियां कमजोर होना और समय से पहले बुढ़ापा आम बात थी। गांव की महिलाओं को रोजाना कई किलोमीटर दूर पानी लाने की मजबूरी से अब मुक्ति मिल गई है। अब न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि स्वास्थ्य और जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

### नर्मदा का नीर: एक असंभव को संभव करने वाली परियोजना

इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या-पेयजल-का समाधान बना नर्मदा नहर आधारित पेयजल परियोजना। सरदार सरोवर बांध से शुरू होकर नर्मदा का पानी 728 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर सुंदरा तक पहुंचा।

- करीब 513 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी योजना
- 200 से अधिक गांवों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य
- 16 बड़े जल संग्रहण केंद्र (सीडब्ल्यूआर) बनाए गए
- कई पम्पिंग स्टेशन स्थापित किए गए
- 80 से अधिक एलिवेटेड सर्विस रिजर्वायर तैयार किए गए
- रेत के ऊंचे-ऊंचे टीलों को काटकर पाइपलाइन बिछाना
- बिजली की कमी और सीमा क्षेत्र में सुरक्षा प्रतिबंध की बाधाओं को पार करते हुए यह परियोजना पूरी की गई।

### नई शुरुआत की ओर कदम

आज सुंदरा गांव में नल से बहता पानी सिर्फ प्यास बुझाने का साधन नहीं, बल्कि विकास, सम्मान और बेहतर जीवन का प्रतीक बन चुका है। यह कहानी बताती है कि सही योजना, दृढ़ संकल्प और तकनीकी प्रयासों से देश के सबसे कठिन इलाकों में भी बदलाव संभव है।

# ट्रेलर ने सो रहे 7 लोगों को कुचला, मां-बेटी समेत 3 की मौत

## गुस्साए लोगों ने थाने को घेरा, किया हंगामा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में एक बेकाबू ट्रेलर ने तंबू में सो रहे दो परिवार के 7 लोगों को कुचल दिया। हादसे में मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की हालत गंभीर है। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। हादसा नंगली दीप सिंह गांव में शुक्रवार सुबह 4 बजे हुआ। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने गुढ़ागौड़जी थाने के बाहर प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

**मजदूरी के लिए आया था परिवार:** एसएचओ सुरेश रोलन ने बताया कि हादसा सिंघाना (झुंझुनूं) जाने वाली सड़क पर हुआ। यहां एक खेत में झुंझुनूं के सूरजगढ़ से आए 2 परिवारों के 12 लोग तंबू में सो रहे थे। ये लोग प्याज की खुदाई के लिए आए थे। शुक्रवार सुबह ड्राइवर ने ट्रेलर को रिवर्स करने के दौरान तंबू में घुसा दिया। इसमें डोड्डी (सूरजगढ़) के रहने वाली प्रियंका (13) पुत्री मुन्नाराम और बिजौली (गुढ़ागौड़जी) की मोहिनी उर्फ मोडी (12) पुत्री सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, छोटकी उर्फ होठकी (27) पत्नी सुरेश ने झुंझुनूं के बीडीके हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में सुनील (10), संजय (6) और संजीत (5) की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर रेफर किया गया है। वहीं, रवीना (20) झुंझुनूं के बीडीके हॉस्पिटल में भर्ती है।

ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम 2026) कर्टेन रेजर कार्यक्रम में बोले सीएम भजनलाल शर्मा

# 'ग्राम' से किसान, वैज्ञानिक, निवेशक और नीति निर्माता को मिलेगा एक मंच




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान मजबूत होगा, तो देश-प्रदेश आगे बढ़ेगा। हमारी सरकार राज्य के किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि का सुदृढ़ इकोसिस्टम विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है। इसी क्रम में जयपुर में 23 से 25 मई तक होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम 2026) में प्रदेशभर के किसानों को खेती के नवीनतम आधुनिक तरीकों की जानकारी मिलेगी। साथ ही, उन्हें वैश्विक स्तर आधारित कृषि प्रणालियों को समझने और अपनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 15 अप्रेल से ग्राम पंचायत स्तर पर किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर रथ भेजे जाएंगे, जिससे किसान लाभान्वित हो सकें। इसमें सुझाव पेटिका भी रखी जाएगी, जिससे किसान योजनाओं से जुड़े अपने सुझाव भी दे सकें।

शर्मा शुक्रवार को राज्य ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक (ग्राम 2026) मीट के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम-2026 एक ऐसा मंच होगा, जहां किसान, वैज्ञानिक, निवेशक और नीति निर्माता मिलकर किसानों के सशक्तिकरण के लिए संवाद करेंगे। इस मीट के माध्यम से कृषि और उससे जुड़े सेक्टर्स पर एकेडेमिक-संस्थागत एवं विशेषज्ञों के अनुभव का लाभ प्रदेश के किसानों को मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा जयपुर में पश्चिमी क्षेत्रीय जोनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था, जिसके माध्यम से कृषि उत्पादन, जल प्रबंधन, फसल सुरक्षा और प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर चर्चा की गई थी।

### वैज्ञानिक तरीके से खेती करें किसान, रासायनिक उर्वरकों का हो सीमित उपयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राज्य बाजरा, सरसों, तिलहन, जौ तथा ग्वार में प्रथम, मूंग तथा मूंगफली के उत्पादन में द्वितीय तथा सोयाबीन के उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। उन्होंने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक तरीकें से खेती करते हुए रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग करना चाहिए तथा मृदा परीक्षण के आधार पर खेती अपनानी चाहिए, ताकि भूमि की उर्वरता भविष्य के लिए सुरक्षित रह सके। साथ ही, उन्होंने जल संरक्षण के लिए फव्वारा (स्प्रिंकलर) जैसी आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाने पर भी जोर दिया।

### मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा से 12 लाख से अधिक पशुओं का निशुल्क बीमा

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए निरन्तर निर्णय कर रही है। अब तक राज्यभर में 4 लाख 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र स्थापित करवाए जा चुके हैं। साथ ही, नहरी जल के संग्रहण के लिए कुल 12 हजार 476 डिग्गियों का निर्माण तथा कुल 32 हजार 918 किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन लगाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से 12 लाख से अधिक पशुओं की निशुल्क बीमा पॉलिसी जारी की गई है। 1962 मोबाइल वेटरिनरी सेवाएं तथा 536 मोबाइल वाहनों द्वारा करीब 60 लाख पशुओं का उपचार कर 15 लाख से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित किया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत हमारी सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादकों के आर्थिक स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से 5 रुपए प्रति लीटर प्रत्यक्ष आर्थिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### ग्राम के लोगो का अनावरण एवं ब्रोशर का किया विमोचन

इस दौरान कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि किसान पारम्परिक खेती से हटकर आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़े तथा खेती में नई-नई तकनीकों का उपयोग कर समृद्ध एवं खुशहाल बने। ग्राम 2026 के माध्यम से किसानों को विश्वभर से आए कृषि विशेषज्ञों से नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिलेगी। साथ ही वे वैश्विक मंच से भी जुड़ पाएंगे। कार्यक्रम में ग्राम के लोगो का अनावरण एवं ब्रोशर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित विभिन्न अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

'नाइन डॉट स्क्वायर्स' एग्जीबिशन के चौथे संस्करण का आगाज

# 'प्रदेश के शिल्पकारों, कारीगरों डिजाइनर्स को मिला मंच'



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया उद्घाटन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में क्यूरेटेड डिजाइन और डेकोर एग्जीबिशन 'नाइन डॉट स्क्वायर्स' के चौथे संस्करण का शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एग्जीबिशन प्रदेश के शिल्पकारों, कारीगरों, डिजाइनर्स और आर्किटेक्ट्स के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे क्यूरेटेड प्लेटफॉर्म्स जयपुर को डिजाइन और क्रिएटिविटी के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश अपनी समृद्ध कला और संस्कृति के लिए पहले से ही प्रसिद्ध है और ऐसे आयोजन उसे वैश्विक पहचान दिलाते हैं। उप मुख्यमंत्री ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी और वर्ष 2027 में जयपुर के 300 वर्ष पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की। '

उद्घाटन के अवसर पर 'नाइन डॉट स्क्वायर्स' की फाउंडर व क्यूरेटर, रितु खंडेलवाल, फाउंडर प्रमोटर, रमेश अग्रवाल और शालिनी अग्रवाल, को-क्यूरेटर, सगुना वाधवा सहित कनिका खंडेलवाल और तन्वी खंडेलवाल साथ भी उपस्थित रहीं। इस तीन दिवसीय एग्जीबिशन के दौरान विभिन्न श्रेणियों में विविध और बारीकी से क्यूरेटेड वर्क प्रस्तुत किया जा रहा है, जिनमें फर्नीचर, सिरेमिक्स, डिज़ाइनर मिरर, फैब्रिक्स और फर्निशिंग्स, कलेक्टिबल आर्ट शामिल हैं।

### आर्टवर्क वर्कशॉप्स और थैरेपी गतिविधियां मुख्य आकर्षण

एग्जीबिशन के दौरान आर्ट और डिजाइन आधारित वर्कशॉप्स मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं। पहले दिन 'द क्ले एडिट' और 'मेटल ओरिगामी' वर्कशॉप्स आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने क्ले से विविध प्रकार की कलाकृतियां बनाना सीखा। वहीं, मेटल ओरिगामी' वर्कशॉप में प्रतिभागियों ने मेटल शीट्स को मोड़कर अनोखे डिजाइन और आकर्षक फॉर्म्स बनाने की तकनीक सीखी, जिसमें डिजाइन की बारीकियों और फिनिशिंग पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अतिरिक्त, एग्जीबिशन में मन और दिमाग को शांत करने वाले कई इमर्सिव थेरेपी अनुभव भी शामिल किए गए। इनमें से एक 'अ डॉट इन स्पेस' इंस्टॉलेशंस ने विशेष रूप से विजिटर्स का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस अनुभव के जरिए विजिटर्स को रुककर अपने विचारों पर ध्यान देने और खुद से जुड़ने का मौका मिला। वहीं, अन्य इंस्टॉलेशन 'ब्रेन फॉग' के माध्यम से आज की आधुनिक महिलाओं के रोजमर्रा के जीवन की चुनौतियों और विचारों को उजागर किया गया।

### हैंडक्राफ्टेड फर्नीचर, वॉल डेकोर, इनोवेटिव सरफेस मटेरियल्स का शोकेस

एग्जीबिशन में हैंडक्राफ्टेड लक्जरी फर्नीचर की विशेष श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है, जिसमें बोन इनले वर्क, लैदर-क्लैड फॉर्म्स, मेटल स्कल्प्चरल डिजाइन, हैंड-पेंटेड सरफेस और फाइन वुडनवर्क का आकर्षक संगम देखा जा सकता है। साथ ही हाई-एंड मार्बल टेबल्स आधुनिक डिजाइन में पत्थर के नए उपयोग को प्रस्तुत कर रही हैं। वॉल डेकोर में मेटल रिपोस पैनल, अल्कोहॉल इंक आर्ट, ऑयल कैनवास, मार्बल इनले और ठिकड़ी शैली से प्रेरित क्रिएशंस प्रमुख आकर्षण हैं, जबकि मेवाड़ और पिछवाई परंपरा से जुड़ी एम्ब्रॉयडरी आर्टवर्क व लग्जरी डिजाइन मिरर्स पारंपरिक और आधुनिक कला का बेहतरीन मेल दिखा रहे हैं। 'लक्सफोम' और 'फ्लेक्सीक्लैड' जैसे इनोवेटिव सरफेस मैटेरियल्स के साथ इटैलियन और भारतीय लाइम-बेस्ड पेंट फिनिशेस की विस्तृत रेंज भी यहां प्रदर्शित हो रही है।

टीएमसी ने साधा निशाना ...

# भाजपा का 'संकल्प पत्र' ममता मॉडल की 'जेरॉक्स कॉपी':

महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले जारी भाजपा के संकल्प पत्र ने सियासी पारा और चढ़ा दिया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस घोषणापत्र पर तीखा हमला बोलते हुए इसे पूरी तरह 'कॉपी-कैट' और 'जेरॉक्स कॉपी' करार दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा महिलाओं और युवाओं को हर महीने 3000 रुपए भत्ता देने के वादे पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने इसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की लोकप्रिय योजनाओं 'लक्ष्मी भंडार' और 'युवश्री' की सीधी नकल बताया।

तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पार्टी के पास अपना कोई मौलिक विजन नहीं है। 'ममता बनर्जी जो आज सोचती हैं, भाजपा उसे महीनों और सालों बाद अपनाने की कोशिश करती है। घोष ने याद दिलाया कि जब राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए 'लक्ष्मी भंडार' और युवाओं के लिए 'युवश्री' जैसी योजनाएं शुरू की थीं, तब भाजपा नेताओं ने इन्हें 'भीख' बताकर महिलाओं का अपमान किया था, लेकिन अब वही भाजपा चुनावी नैया पार लगाने के लिए उन्हीं योजनाओं की राह पर चलने को मजबूर है।

उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता 'नकल' और 'दिखावटी वादों' के झांसे में नहीं आएगी, बल्कि 'ओरिजिनल' ममता बनर्जी के विकास मॉडल और जनकल्याणकारी योजनाओं पर ही भरोसा जताएगी।

# टाइगर मूवमेंट बाधित करने पर गिरी गाज, 3 जिप्सी और गाइड्स पर प्रतिबंध

## रणथंभौर में नियमों की अनदेखी, टाइगर को चारों ओर से घेरने पर सख्त कार्रवाई



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/सवाई माधोपुर।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व में पर्यटक जिप्सियों द्वारा एक बाघ को चारों तरफ से घेरकर उसकी स्वाभाविक गतिविधि बाधित करने पर वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन जिप्सी वाहनों, उनके ड्राइवरों और नेचर गाइड्स को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। घटना 2 अप्रेल को दूसरी पारी के दौरान जोन नंबर-3 की बताई जा रही है, जहां पर्यटक जिप्सियों ने एक टाइगर को घेर लिया, जिससे वह असहज हो गया और उसकी सामान्य गतिविधि प्रभावित हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीएफ मानस सिंह ने प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए संबंधित लोगों पर कार्रवाई की है।

### प्रतिबंधित ड्राइवर्स और जिप्सियां

प्रतिबंधित किए गए ड्राइवरों में मुरारीलाल मीणा, महेंद्र माली और तेजराज सिंह शामिल हैं, जबकि नेचर गाइड्स प्रफुल्ल पाराशर, हंसराज गुर्जर और सैयद इरशाद को भी सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही जिप्सी वाहन आरजे-25 टीए 1632, आरजे-25 टीए 1679 और आरजे-25 टीए 7002 को भी प्रतिबंधित किया गया है।

डीसीएफ पर्यटन संजीव शर्मा द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी पर टाइगर मूवमेंट को बाधित करने का आरोप है। पार्क प्रबंधन ने कहा है कि रणथंभौर में वन्यजीवों की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि सफारी के दौरान जिप्सियों को बाघ से उचित दूरी बनाए रखना अनिवार्य है, क्योंकि चारों ओर से घेरना न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि जानवर के लिए तनावपूर्ण स्थिति भी पैदा करता है। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी घटना होने पर लाइसेंस रद्द करने तक की कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवे पर पहुंची रणथंभौर की 'सुपर मॉम' नूर, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

**जयपुर/सवाई माधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** बाघिन टी-39 नूर को वन विभाग ने गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह के बीच सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित रूप से जंगल में वापस भेज दिया। उम्रदराज बाघिन के राष्ट्रीय राजमार्ग-552 के पास जैतपुर क्षेत्र में पहुंचने से यातायात बाधित हो गया था, लेकिन वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया। बाघिन ने हाईवे पर एक गाय का शिकार किया और कुछ समय तक वहीं बैठी रही, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर डीसीएफ मानस सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बिना किसी नुकसान के बाघिन को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर मोड़ दिया। वन्यजीव विशेषज्ञ अभिषेक चौधरी ने बताया कि बाघिन टी-39 नूर गुरुवार रात करीब 1 बजे फलोदी के भैरूपुरा क्षेत्र से निकलकर विभिन्न इलाकों से होती हुई सुबह लगभग 5 बजे खंडार के जैतपुर क्षेत्र में पहुंची। जैतपुर क्षेत्र को बाघों के लिए असुरक्षित माना जाता है, क्योंकि यहां मानवीय गतिविधियां और सड़क यातायात अधिक रहता है, जिससे यह सफर जोखिमपूर्ण हो गया था। बाघिन टी-39 नूर को रणथंभौर की 'सुपर मॉम' के रूप में जाना जाता है। वह प्रसिद्ध बाघिन टी-13 और बाघ टी-12 की संतान है और अपने जीवन में कई बार सफल प्रसव कर चुकी है।



राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर संभागीय आयुक्त ने ली बैठक

# अम्बेडकर जयंती पर 11 से 14 तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

महानगर टाइम्स संवाददाता




**जयपुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में जयपुर के भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह सहित 11 से 14 अप्रेल तक आयोजित होने वाले सभी सरकारी कार्यक्रमों की आवश्यक तैयारियों को लेकर संभागीय आयुक्त जयपुर वी. सरवन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर सभागार में संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर संदेश नायक की उपस्थिति में संभागीय आयुक्त ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती को राज्य सरकार की मंशानुरूप भव्यता एवं गरिमा के साथ आयोजित की जाए। उन्होंने राज्य स्तरीय समारोह स्थल पर समुचित सुरक्षा, पेयजल एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस आयुक्त, आयुक्तालय जयपुर को दिए। उन्होंने पार्किंग स्थल की साफ-सफाई, समारोह स्थल के समतलीकरण, पर्याप्त चल शौचालयों की व्यवस्था, दिव्यांगजनों के लिए पृथक से शौचालयों की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल के विभिन्न मार्गों की साफ-सफाई, कार्यक्रम स्थल पर दमकल वाहनों की व्यवस्था, डस्टबिन रखने व वेस्ट कलेक्शन पॉइंट स्थापित करने के निर्देश आयुक्त नगरपरिषद् को दिए।

उन्होंने समारोह स्थल पर पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस बल तैनात करने, ट्रैफिक प्लानिंग, डायवर्जन प्लान तैयार करने, एंट्री व एग्जिट प्वाइंट चिन्हित करने और बैरिकेडिंग से यातायात नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस उपायुक्त, यातायात जयपुर को दिए। उन्होंने समारोह स्थल पर डोम, स्टेज, कुर्सियों, सेफ हाउस, प्रत्येक ब्लॉक में स्वच्छ पेयजल, साइनेज, पार्किंग एवं सिटिंग प्लान लगवाना सुनिश्चित कराने के निर्देश सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को दिए हैं। संभागीय आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर उच्च प्रदर्शन के लिए एलईडी एवं साउंड सिस्टम सहित इनमें समस्त व्यवस्थाएं, वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था के लिए डीजी सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पंखों, कूलर की व्यवस्था करवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत को दिए हैं।

### एम्बुलेंस मय चिकित्सक-नर्सिंग स्टाफ की हो व्यवस्था

उन्होंने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम को कार्यक्रम से संबंधित चिकित्सा एक्शन प्लान तैयार करना, पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस मय डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ कार्यक्रम में भाग लेने आने वाले प्रतिभागियों की बसों में मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आपदा प्रबंधन प्लान तैयार करने एवं निर्धारित कार्यक्रम में भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यकतानुसार नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों की तैनाती की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा, कलेक्ट्रेट को दिए हैं।

इस दौरान संभागीय आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छ पेयजल के लिए पर्याप्त संख्या में टैंकरों व कैम्पर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार के ओवरफ्लो, लिकेज की मरम्मत करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर संदेश नायक ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर चतुर्थ जयपुर आशीष कुमार व अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर उत्तर जयपुर मुकेश कुमार मूण्ड को प्रभारी अधिकारी व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी. चन्देल को नॉडल अधिकारी नियुक्त किया है।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2024-26